✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 253 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 9 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्य का जायजा लेते सीएम नीतीश कुमार

### भव्य रूप से मनाया गया गया कॉलेज का 83वां स्थापना दिवस

## केवल डिग्री देना नहीं, जागरूक नागरिकों का निर्माण करना हो उद्देश्य : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला मुख्यालय स्थित गया कॉलेज के 83वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, भवन निर्माण मंत्री डॉ. अशोक कुमार चौधरी, विधान पार्षद जीवन कुमार, मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की





अध्यक्षता गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने की। कॉलेज के एकता सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित शतदल एवं स्वामी विवेकानंद पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया गया। कला भारती के विद्यार्थियों द्वारा कुलगीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले जागरूक नागरिकों का निर्माण करना है। गया कॉलेज जैसी संस्थाएं इस (शेष पृष्ठ 10 पर)

### मुख्यमंत्री ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्य का लिया जायजा

## गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा के भीतर पूरा हो काम : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज फिर अचानक अपने आवास से निकले बिदुपुर पहुंच गए। वहां उन्होंने कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए चल रही सभी योजनाओं को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि बचे हुये कार्य को अप्रैल माह तक पूर्ण कर लिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के बचे हुये कार्यों को तेजी से पूर्ण कर



लीजिए। साथ ही पहुंच पथ का भी निर्माण कार्य पूर्ण कर लीजिए ताकि आवागमन निर्बाध और सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से निर्बाध सड़क संपर्कता मिलेगी। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में इलाज के लिये पटना पहुंचने में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के प्रथम चरण के लोकार्पण के बाद पटना से राघोपुर तक की सम्पर्कता बहाल हो चुकी है। इस परियोजना के निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण करते रहे हैं और इसे जल्द पूरा करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित करते रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम होगा तथा उत्तर और दक्षिण बिहार की सम्पर्कता के लिये लोगों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिलेगा जिससे आवागमन और सुगम होगा। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आमस-दरभंगा एक्सप्रेस-वे से कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना जुड़ेगा जिससे समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी की तरफ जानेवाले लोगों को काफी सहूलियत होगी और समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि हमलोग राज्य में गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं पुलों का लगातार निर्माण कर आवागमन को सुगम बना रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर (शेष पृष्ठ 10 पर)

### संक्षिप्त समाचार

### बाइक हादसे में दो युवकों की मौत

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के दुर्गावती थाना अंतर्गत खजुरा ऊपरी पुल के पास सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतकों में एक की पहचान उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के मझावर गांव निवासी स्वर्गीय तूफानी सिंह के पुत्र अरुण सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के रूप में हुई है। दूसरे युवक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### प्रोपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र के हरपुर भिंडी गांव के पास शनिवार को दिनदहाड़े सशस्त्र अपराधियों ने प्रोपर्टी डीलर सह अधिवक्ता गणेश सहनी उर्फ़ आदर्श की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र के मिर्ज़ापुर गांव निवासी एवं प्रोपर्टी डीलर गणेश सहनी हरपुर भिंडी से अपने गांव मोटरसाइकिल से जा रहे थे तभी तीन मोटरसाइकिल पर सवार छह अपराधियों ने उन्हें गोलियों से भुन डाला। इस घटना मे अधिवक्ता सह प्रोपर्टी डिलर गणेश सहनी की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने मौके से आधे दर्जन खाली खोखा बरामद किया है।

### बेऊर जेल शिफ्ट हुए सांसद पप्पू यादव

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को पटना के पीएमसीएच के कैदी वार्ड से बेऊर जेल शिफ्ट कर दिया है। पटना पुलिस ने शुक्रवार आधी रात को उन्हें 31 साल पुरा ने एक मामले में गिरफ्तार किया था। शनिवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया जिसके बाद अदालत ने उन्हें दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सांसद की जमानत अर्जी पर सोमवार को पटना के एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट में सुनवाई होगी।

## दुष्कर्म के बाद मासूम की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के पटवा पोखर के पास महज छह वर्ष की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता का पड़ोसी विकास महतो ने बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी बच्ची को मंदिर के पीछे तालाब के पास छोड़कर फरार हो गया। इसी दौरान तालाब के पास कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे, जहां दीवार के पीछे बच्ची का खून से लथपथ शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी जगन्नाथ रेड्डी भारी पुलिस बल, एफएसएल और साइबर सेल की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की। चश्मदीद बच्चियों के बयान और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कपड़ों पर खून के धब्बे पाए गए हैं। घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश देखने को मिला। आक्रोशित लोगों ने आरोपी के घर और आसपास विरोध प्रदर्शन किया। फिलहाल पुलिस मामले की हर कड़ी को जोड़ने में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है या नहीं। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और कानून-व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है।

## बंदूक दिखा 15 लाख के गहने और कैश लूटे

**छपरा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मुहम्मदपुर में ज्वेलरी शॉप से रविवार को दिनदहाड़े हथियारबंद बदमाशों ने बड़ी लूट को अंजाम दिया। पांच की संख्या में आए अपराधी बंदूक दिखा कर ज्वेलरी शॉप से 15 लाख रुपये के गहने और कैश लूटकर ले गए। इस घटना के बाद बाजार में दहशत का माहौ ल पैदा हो गया। लूट की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस अपराधियों की पहचान में जुटी है। यह घटना मांझी थाना क्षेत्र के मुहमुम्मदपुर एसबीआई बैंक के सामने वाली गली में स्थित 'गुप्ता ज्वेलर्स एंड बर्तन भंडार' में हुई। जानकारी के अनुसार, रोजाना की तरह दुकान संचालक बृज बिहारी लाल गुप्ता ग्राहकों को आभूषण दिखा रहे थे। इसी दौरान उत्तर दिशा की ओर से दो बाइक पर सवार पांच अपराधी दुकान के सामने पहुंचे। सभी के हाथों में हथियार थे। दुकान के पास पहुंचते ही अपराधियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग भी की।

## नौ फरवरी को हर हाल में दफ्तर पहुंचे राजस्व अधिकारी, नहीं तो होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताल पर राजस्व सेवा से जुड़े अंचल अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों के लिए बड़ा आदेश जारी कर दिया है। हड़ताल पर गए सभी अधिकारियों को सोमवार को हर हाल में ड्यूटी पर लौटने का आदेश दिया गया है। जो अधिकारी इस आदेश का पालन नहीं करेंगे, उनपर बड़ी कार्रवाई होगी। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा की तीन सदस्यीय समिति की बैठक शीघ्र आयोजित की जाएगी। यह समिति राजस्व अधिकारियों के कार्य, अधिकार एवं दायित्वों पर विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी, जिसके आधार पर आगे निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर सभी अंचल अधिकारियों से तत्काल प्रभाव से योगदान देने की अपील की गई है। कई जिलों में शनिवार को कई अधिकारी ड्यूटी पर लौट गए हैं। यह अच्छी बात है। विजय सिन्हा ने कहा कि जो अधिकारी अब तक ड्यूटी पर नहीं लौटे हैं, वह नौ फरवरी को योगदान करें।

## बिहार के तीन हजार फर्जी शिक्षकों से करोड़ों रुपए वसूलेगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के फर्जी सरकारी शिक्षकों के खिलाफ सरकार ने कड़ा एक्शन लिया है। पिछले 10 साल के दौरान 3 हजार शिक्षकों के प्रमाण पत्र फर्जी पाए जाने पर अब उनसे करोड़ों रुपए वसूले जायेंगे। जानकारी के मुताबिक, शिक्षक फर्जी बीएड, बीए, बीएससी, गलत रेसिडेंस, कास्ट और आधार कार्ड का इस्तेमाल कर रहे थे। शिक्षकों के फर्जी पाए जाने के बाद उनपर कार्रवाई की तैयारी की गई है। तीन हजार फर्जी शिक्षकों को लगभग 1400 करोड़ रुपए वेतन दिए गए हैं। प्रमाण पत्र फर्जी मिलने के बाद अब उनसे वेतन वसूलने के साथ-साथ ब्याज भी वसूला जाएगा। पहले फेज में 3000 शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की माने तो लगभग 12 हजार शिक्षक संदिग्ध पाए गए हैं। इन सभी शिक्षकों के प्रमाण पत्र के जांच किए जा रहे हैं। जांच के बाद प्रमाण पत्र फर्जी पाए जाने के बाद उन पर कार्रवाई भी की जाएगी। जानकारी के मुताबिक जिन शिक्षकों के प्रमाण पत्र की जांच की जा रही है, उनमें बिहार के साथ-साथ यूपी, पश्चिम बंगाल, झारखंड, दिल्ली और हरियाणा के शिक्षक भी शामिल हैं। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार की तरफ से बताया गया कि शिक्षा विभाग की तरफ से शिक्षकों के प्रमाण पत्र की जांच की जा रही है। जांच के दौरान जिन भी शिक्षकों के प्रमाण पत्र फर्जी पाए जायेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## 4602 निजी विद्यालयों पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) के तहत 3014 निजी विद्यालयों के प्रस्वीकृति के मामले पोर्टल पर लंबित हैं। इसके साथ ही इनटेक कैपेसिटी (नामांकन के लिए सीटों की संख्या) नहीं भरने वाले 4602 निजी विद्यालयों पर कार्रवाई होगी। ऐसे सभी मामलों के 14 फरवरी तक निबटारे का आदेश शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचि व डॉ. बी राजेन्दर की ओर से जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिये गये हैं। प्रस्वीकृति प्राप्त प्राइवेट स्कूलों को 25 जनवरी तक इनटेक कैपेसिटी अचूक रूप से भराने के आदेश दिये गये थे। इसके बाद भी 4602 निजी विद्यालयों की ओर से इनटेक कैपेसिटी नहीं भरे गये हैं। इसके मद्देनजर संबंधित प्राइवेट स्कूलों से स्पष्टीकरण पूछते हुए कार्रवा ई के निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिये गये हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन के लिए 65 हजार 505 आवेदन ऑनलाइन दिये गये हैं लेकिन निर्देश के बावजूद 34374 आवेदन जांच के लिए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के स्तर पर लंबित हैं। सत्यापन कार्य तुरंत पूरा कराने के निर्देश दिये गये हैं।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज आयेंगे पटना

### स्वागत के लिए राजधानी सज-धज कर तैयार | प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने की तैयारियों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार को पटना आ रहे हैं। पटना के दो दिनों के प्रवास में वे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। उनके आगमन को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं के अलावा नेताओं में में भी खास उत्साह है। पटना के बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन का पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद अपने गृह प्रदेश में पहला आगमन है, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। अध्यक्ष नितिन नवीन के स्वागत के लिए पटना को सजाया गया है। पटना के बापू सभागार में आयोजित होने वाले अभिनंदन समारोह को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। पटना एयरपोर्ट से बापू सभागार तक उनका भव्य स्वागत किया जाएगा, जहां जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इधर, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के स्वागत और अभिनन्दन



समारोह की तैयारियों को लेकर प्रदेश कार्यालय में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वागत समारोह की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और संगठन महामंत्री भीखू भाई दालसनिया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत समारोह की व्यवस्था को सुलभ बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन किया। व्यव्यस्था को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। बैठक में स्वागत समारोह में अन्य जिलों से आये कार्यकर्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इस पर खास चर्चा की गई। श्री सरावगी ने बताया कि बापू सभागार में आयोजित स्वागत समारोह में प्रदेश के सभी जिलों से आए हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के जरिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सीधे जमीनी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और संगठन को मजबूती देने का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि यह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का पल है। पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। पूरे बिहार के लिए यह गर्व की बात है कि 45 साल के नितिन नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष (शेष पृष्ठ 10 पर)




# बागवानी महोत्सव का समापन, 11 लाख रुपये के पुरस्कार वितरित

## किसानों की सहभागिता ने दिखाया बिहार की बागवानी का उज्ज्वल भविष्य : कृषि मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गांधी मैदान, पटना में आयोजित तीन दिवसीय बागवानी महोत्सव का समापन रविवार को बिहार के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल प्रदर्शनी या बिक्री का मंच नहीं रहा, बल्कि यह नवाचार, आधुनिक तकनीक और किसान-समृद्धि का सशक्त संगम बनकर उभरा है। किसानों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने बिहार की बागवानी के उज्ज्वल भविष्य की स्पष्ट झलक दिखाई है। मंत्री ने बताया कि महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कृषकों को कुल 10 लाख 89 हजार रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई। प्रथम पुरस्कार वैशाली जिले के राजेश कुमार को 88 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार भागलपुर की कुमारी रिंकु को 86 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार




वैशाली की रागिनी देवी को 57 हजार रुपये प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में लगभग 1500 किसानों ने भाग लिया तथा शहद, मखाना, रोपण सामग्री एवं शहरी कृषि उत्पादों की सफल बिक्री हुई। तीन दिनों में लगभग 20 लाख रुपये का कारोबार दर्ज किया गया, जो बागवानी उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार संभावनाओं को दर्शाता है।

मंत्री ने बताया कि कुल 92 प्रदर्शों को प्रथम, 88 को द्वितीय एवं 89 को तृतीय पुरस्कार दिया गया। प्रथम पुरस्कार के तहत 4.60 लाख रुपये, द्वितीय में 3.52 लाख रुपये और तृतीय में 2.67 लाख रुपये वितरित किए गए। जिलावार पुरस्कार में भागलपुर जिला 3 लाख रुपये के साथ प्रथम, वैशाली जिला 2.22 लाख रुपये के साथ द्वितीय तथा पूर्णिया जिला 67 हजार रुपये के साथ तृतीय स्थान पर रहा। बागवानी महोत्सव 2026 में राज्यभर के 807 कृषकों द्वारा फल, फूल, सब्जी, औषधीय एवं सुगंधित पौधों सहित 7696 उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। सर्वाधिक 930 प्रदर्श पूर्णिया जिले से आए, जबकि पटना दूसरे और वैशाली तीसरे स्थान पर रहा। महोत्सव में वर्ग 6 से 9 तक के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 82 बच्चों ने भाग लिया। दानापुर से रिया को प्रथम, मुहम्मदी से अक्शा को द्वितीय एवं पटना से हीं रवि कुमार को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। इन बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, क्वीज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालय के 12 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्र-छात्राओं को आकर्षक उपहार के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि बागवानी एवं संबंधित सामग्रियों के 60 से अधिक स्टॉल लगाए गए। प्रधान सचिव, कृषि विभाग, नर्मदेश्वर लाल ने बागवानी महोत्सव में सहभागिता करने वाले सभी कृषक भाई-बहनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसानों की सक्रिय भागीदारी, उत्साह और उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के कारण यह महोत्सव अत्यंत सफल एवं प्रभावशाली रहा। कार्यक्रम में देखने को मिली गुणवत्ता, नवाचार और बाजार-समझ को देखते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में इस प्रकार के बागवानी महोत्सव वर्ष में एक से अधिक बार आयोजित किए जा सकते हैं, ताकि अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके और बागवानी को नई गति प्राप्त हो। इस महोत्सव में इण्डियन आईडल के कलाकार सिरसा रक्षित के गायन एवं राष्ट्रीय स्तर के हास्य कलाकार श्री सुनील पॉल के प्रस्तुति का लोगों ने आनन्द उठाया। मिलेट्स की खिचड़ी एवं खीर तथा मशरूम एवं सोयाबीन व्यंजन आदि के स्वाद का बागवानी महोत्सव में शहरवाशियों ने भरपूर आनन्द लिया। इस अवसर पर पद्मश्री राजकुमारी देवी (किसान चाची), डॉ रूप नारायण मेहता, अध्यक्ष, राज्य किसान आयोग, बिहार, नर्मदेश्वर लाल, प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार, डॉ बीरेन्द्र प्रसाद यादव, विशेष सचिव, कृषि विभाग, शैलेन्द्र कुमार, अपर सचिव, कृषि विभाग, अभिषेक कुमार, निदेशक उद्यान, कल्पना कुमार, अपर सचिव, कृषि विभाग, अपर निदेशक उद्यान पवन कुमार, राजेश कुमार, संयुक्त निदेशक, सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं किसानगण तथा पटना शहरवासी उपस्थित थे।

## बीएसडीएम की लापरवाही से विशाल युवा केंद्र ठप : आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**वैशाली/पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) के तहत संचालित विशाल युवा केंद्र से जुड़ा मामला बिहार कौशल विकास मिशन में वर्षों से लंबित है। पटना उच्च न्यायालय द्वारा विभाग को निर्णय लेने की स्वतंत्रता दिए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस और निष्पक्ष फैसला नहीं किया गया, जिससे केंद्र का संचालन पूरी तरह प्रभावित है। केंद्र संचालक आनंद रंजन झा ने बताया कि वर्ष 2017 से केंद्र का वास्तविक और निरंतर संचालन उनके द्वारा किया जा रहा है। भवन का वैध किरायानामा, कंप्यूटर सिस्टम, प्रशिक्षित कर्मियों का वेतन, बिजली और इंटरनेट सहित सभी परिचालन खर्च निजी संसाधनों से वहन किए गए हैं। इसके बावजूद विभाग द्वारा ऐसे एनजीओ को भुगतान किया गया, जिसका केंद्र संचालन से कोई सीधा संबंध नहीं रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया की निष्पक्षता संदिग्ध है। विभाग द्वारा एक एनजीओ को लगभग 25 लाख रुपये का भुगतान किया गया, जबकि इस पर पूर्व में लिखित आपत्ति दर्ज कराई गई थी। उन्होंने बताया कि विशाल युवा केंद्र के नाम से पंजाब नेशनल बैंक, जंदाहा में वैध करंट अकाउंट संचालित है, जिसे अद्यतन कर भुगतान किए जाने का अनुरोध किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आनंद रंजन झा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से प्रशिक्षण बंद रहने के बावजूद भवन किराया और अन्य खर्च लगातार वहन किए जा रहे हैं। केंद्र के पुनः संचालन से क्षेत्र के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। उन्होंने युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग से मांग की कि केंद्र के वैध बैंक खाते को स्वीकृति देकर लंबित भुगतान तत्काल जारी किए जाएँ और नामांकन प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।

## नीट छात्रा कांड में दोषियों को बचाने और सांसद की गिरफ्तारी पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में अध्ययनरत नीट छात्रा के साथ गर्ल्स हॉस्टल में हुई हैवानियत और हत्या के मामले में दोषियों को बचाने, बिहार सरकार एवं पुलिस की कथित असंवेदनशीलता तथा न्याय की मांग उठा रहे पूर्णिया के सांसद की गिरफ्तारी के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम के मुख्य द्वार पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने राज्य सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ संघी मानसिकता से पोषित सरकार द्वारा बिहार की बेटियों के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि बच्चियों और महिलाओं की सुरक्षा, न्याय और अधिकारों की हर लड़ाई का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी ने किया है और आगे भी करती रहेगी।

कांग्रेस नेताओं ने पूर्णिया के सांसद की गिरफ्तारी को निंदनीय बताते हुए कहा कि वह लगातार नीट छात्रा कांड के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे और इसी कारण उन्हें निशाना बनाया गया। विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने नीतीश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एक वर्तमान सांसद को आधी रात गिरफ्तार किया जाना लोकतंत्र पर सीधा हमला है और सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है। विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर संजीव सिंह, रौशन कुमार सिंह, कुमार आशीष, पंकज यादव, असितनाथ तिवारी, मनोज शर्मा, राजीव मेहता, मृणाल अनामय, गुरूदयाल सिंह, कमलदेव नारायण शुक्ला, प्रेमचन्द्र सिंह, दौलत इमाम, विनीता भगत, नदीम अख्तर अंसारी, विमलेश तिवारी, डॉ. अमन कुमार, विशाल यादव, वरुण शर्मा, राजीव रंजन सिंह पप्पू, निशांत करपटने, रंजीत यादव, वसीम अहमद, आरती राय, अजय यादव, मनोज निषाद, अभिषेक कुमार, प्रभात चन्द्रवंशी, अहमद रज़ा खां सहित सैकड़ों कांग्रेसजन शामिल हुए।

## समर्पण, संकल्प और समान अवसर की मिसाल बनेगी 'दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिव्यांग क्रिकेट डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी 2026' का आयोजन 11 फरवरी से ऊर्ज़ा स्टेडियम, पटना में किया जाएगा। टूर्नामेंट का उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को समान अवसर प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाना है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अमितेश कुमार ने रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मसम्मान का माध्यम है। यह टूर्नामेंट दिव्यांग खिलाड़ियों की वर्षों की मेहनत, संघर्ष और जज्बे का उत्सव है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता कमजोरी नहीं, बल्कि अलग तरह की शक्ति है, जिसे खेल के माध्यम से समाज के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन सचिव डॉ. प्रभात चंद्रा ने




बताया कि इस टूर्नामेंट में बिहार, मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर की दिव्यांग क्रिकेट टीमें भाग लेंगी। विभिन्न राज्यों से आने वाले खिलाड़ियों की सहभागिता से खेल के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश भी मिलेगा। डॉ. चंद्रा के अनुसार, टूर्नामेंट का उद्घाटन 11 फरवरी को सुबह 8 बजे ऊर्ज़ा स्टेडियम में होगा। 12 फरवरी को शाम 6 बजे फाइनल मुकाबला खेला जाएगा, जिसके बाद रात 9:30 बजे पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्मान केवल विजेता टीमों को ही नहीं, बल्कि मैदान में उतरने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को दिया जाएगा। टूर्नामेंट को रोचक बनाने के लिए दर्शकों के लिए भी विशेष पहल की गई है। प्रत्येक मैच के दौरान बाउंड्री लाइन के बाहर कैच पकड़ने वाले दर्शक को एसोसिएशन की ओर से 200 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर बिहार टीम की घोषणा भी की गई। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी धर्मेंद्र कुमार को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि भारतीय दिव्यांग टीम के लिए हाल ही में पदार्पण करने वाले जितेंद्र कुमार यादव को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. प्रभात चंद्रा ने आयोजन को सफल बनाने में मीडिया की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के सामूहिक प्रयास से यह टूर्नामेंट संभव हो पाया है। उन्होंने खेल प्रेमियों और शहरवासियों से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुँचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी 2026' केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि समान अवसर, सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश देने वाला सामाजिक आंदोलन है।

## पर्वतारोहियों ने गिरनार पर्वतारोहण जूनागढ़ में दिखाया दमखम

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के पर्वतारोहण ने गिरनार पर्वतारोहण जूनागढ़-गुजरात में शानदार प्रदर्शन किया। टीम लीडर ओम केशव सिंह कृति ने कहा कि यह बड़ी उपलब्धि है। बिहार सरकार पर्वतारोहण को बढ़ावा दे तो यहां के पर्वतारोही बड़े कीर्तिमान गढ़ सकते हैं। इसके लिए राजगीर, बांका आदि जगहों पर पर्वतारोहण की प्रतियोगिता कराने की जरूरत है। गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि बिहार हर तरह की प्रतिभा का धनी प्रदेश है। जरूरत है खिलाड़ियों को उचित अवसर देने की। ग्रामीण क्षेत्रों से विलुप्त हो रहे कुश्ती, कबड्डी आदि को बढ़ावा देने की जरूरत है। वैसे बिहार सरकार 'मेडल लाओ-नौकरी पाओ' अभियान चलाकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रही है। हर पंचायत में खेल क्लब का गठन भी बड़ी पहल है।

## दिगम्बर जैन मंदिरों में सुपार्श्वनाथ एवं चन्द्रप्रभु भगवान के कल्याणक श्रद्धापूर्वक मना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना स्थित दिगम्बर जैन मंदिरों में जैन समाज के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक तथा आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभु स्वामी के ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया।

मीडिया प्रभारी एम. पी. जैन ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत मीठापुर स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं, मुरादपुर, गुरारा, कालीबीबी का कटरा, कमलदह, पंचायती मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में प्रातःकाल भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। मुरादपुर में सुबोध जैन फंटी एवं अन्य श्रद्धालुओं ने शांतिधारा की, जबकि कमलदह मंदिर में सोनु जैन एवं अन्य ने शांतिधारा सम्पन्न कराई। इस अवसर पर सभी मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धर्मलाभ प्राप्त किया। मंदिर परिसरों में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त रहा। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान वक्ताओं ने भगवान सुपार्श्वनाथ एवं भगवान चन्द्रप्रभु के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके कल्याणक मानव जीवन को आत्मशुद्धि, ज्ञान प्राप्ति और मोक्ष मार्ग की ओर प्रेरित करते हैं।

उधर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि कमिटी द्वारा संचालित सभी तीर्थ क्षेत्रों पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान सुपार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक तथा भगवान चन्द्रप्रभु का ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया तथा निर्वाण लाडू अर्पित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को जैन दर्शन के मूल सिद्धांत–अहिंसा, अपरिग्रह और संयम–को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर विश्व शांति, सामाजिक सद्भाव एवं मानव कल्याण की मंगल कामना की गई। आयोजन को सफल बनाने में पदाधिकारियों एवं जैन समाज के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। एम. पी. जैन ने बताया कि भगवान सुपार्श्वनाथ जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर हैं। उनका जन्म वाराणसी (काशी) में इक्ष्वाकु वंश के राजा सुप्रतिष्ठ और रानी पृथ्वी देवी के घर ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी को हुआ था। उनका वर्ण स्वर्ण तथा चिन्ह स्वस्तिक है। उन्होंने नौ माह की कठिन तपस्या के पश्चात फाल्गुन कृष्ण षष्ठी को शिरीष वृक्ष के नीचे केवलज्ञान प्राप्त किया तथा फाल्गुन कृष्ण सप्तमी को सम्मेद शिखर पर निर्वाण प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि भगवान चन्द्रप्रभु जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर हैं। उनका जन्म पौष कृष्ण एकादशी को चन्द्रपुरी में इक्ष्वाकु वंश के राजा महासेन और रानी लक्ष्मणा देवी के घर हुआ था। चंद्रमा के समान श्वेत वर्ण होने के कारण उनका नाम चन्द्रप्रभु पड़ा तथा उनका चिन्ह चंद्रमा है।

## प्राकृतिक मेले में गौरैया संरक्षण बना आकर्षण का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रिजेनरेटिव बिहार की ओर से कमला नेहरू शिशु विहार परिसर, पटना में आयोजित जैविक खाद्य से संबंधित तीन दिवसीय प्राकृतिक मेले में हमारी गौरैया एवं एनवायरमेंट वॉरियर्स, बिहार द्वारा लगाए गए गौरैया संरक्षण जागरूकता स्टॉल ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

स्टॉल पर गौरैया से जुड़ी तस्वीरें, पुस्तिकाएं, पंपलेट, कॉफी मग, पोस्टकार्ड, डाक टिकट, दाना-पानी के पात्र, कृत्रिम घोंसले आदि प्रदर्शित किए गए, जिनके माध्यम से आगंतुकों को गौरैया संरक्षण के



महत्व की जानकारी दी गई।

मेले के दौरान एनवायरमेंट वॉरियर्स की अध्यक्ष अदिति रॉय ने बच्चों के साथ गौरैया संरक्षण विषय पर संवाद किया। इस अवसर पर बच्चों ने गौरैया संरक्षण की शपथ ली और इस अभियान से जुड़ने का संकल्प व्यक्त किया। निशांत रंजन ने बताया कि प्रदर्शनी में कृत्रिम घोंसले और दाना घर बच्चों व आम लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं बिहार के 'गौरैया मैन' की पुस्तकों–आई लव स्पैरो, आओ गौरैया और ओ री गौरैया–को भी लोगों ने खूब सराहा। मेले में गौरैया संरक्षण से जुड़े रोचक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिनमें सांप-सीढ़ी, पजल और क्यूब शामिल थे। बच्चों ने इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में निशांत रंजन, सैफ खालिद, निश्चल कुमार, रजनीश कुमार, अजय कुमार, प्रियांशु रंजन, सभ्यता कुमारी और नंदनी कुमारी ने आगंतुकों को गौरैया संरक्षण से संबंधित जानकारी दी।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का 649वां छठिहार जन्मोत्सव सह सम्मान समारोह आयोजित

### जयंती को राजकीय समारोह घोषित करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना स्थित जगजीवनराम अध्ययन एवं शोध संस्थान के सभागार में अखिल भारतीय रविदास नव निर्माण मंच की ओर से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का 649वां छठिहार जन्मोत्सव सह सम्मान समारोह श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार राम ने की।

समारोह का उद्घाटन पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने दीप प्रज्वलन एवं गुरु रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मदन चौधरी, सुभाष चंद्रवंशी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

अध्यक्षीय संबोधन में अशोक कुमार राम ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के अनुयायी देशभर में करोड़ों की संख्या में हैं। इसके बावजूद बिहार सरकार द्वारा अब तक उनकी जयंती को राजकीय समारोह का दर्ज़ा नहीं दिया जाना समाज के लिए




निराशाजनक है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि गुरु रविदास जी की जयंती को अविलंब राजकीय समारोह घोषित किया जाए।

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा युवाओं, विशेषकर अनुसूचित जाति वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने अपना संपूर्ण जीवन मानवता को जोड़ने और समाज को जागरूक करने में समर्पित कर दिया। मदन चौधरी ने कहा कि संत रविदास जी संतों में श्रेष्ठ थे और कर्म को प्रधान मानते थे। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा दिखाते हैं।

समारोह में गाजीपुर से आए कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। वक्ताओं में प्रमुख रूप से रितेश रंजन, जीवन कुमार और राजेश कुमार ने संत रविदास जी के जीवन, विचारों और सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## बिहार की मशहूर पारंपरिक शैली पर बनी फिल्म होगी रिलीज : नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिंदी फिल्म झंझारपुर की कहानी बिहार के एक छोटे से गांव की पृष्ठभूमि और सामाजिक परिवेश पर आधारित है। इस फिल्म के माध्यम से निर्देशक नवीन चंद्र गणेश ने समाज के एक अनदेखे और विशिष्ट पक्ष को बड़े प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। निर्देशक नवीन चंद्र गणेश ने बताया कि यह फिल्म उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रही, लेकिन इसे पूरी शिद्दत और ईमानदारी के साथ बनाया गया है। फिल्म के निर्माता शशांक सुधाकरराव साव हैं और इसका निर्माण साव फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। फिल्म की शूटिंग बिहार और मुंबई के खूबसूरत लोकेशनों पर की गई है। फिल्म में कुल चार गीत शामिल हैं, जिनका संगीत साईसामर्थ विवेक मुलाय ने दिया है। ल्लझंझारपुरङ्क को 30वें कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी प्रदर्शित किया जा चुका है। यह महोत्सव भारतीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्मों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच माना जाता है। निर्देशक ने बताया कि इस फिल्म के जरिए बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। बिहार निवासी नवीन चंद्र गणेश द्वारा निर्देशित यह फिल्म राज्य की बेहद प्राचीन और लोकप्रचलित परंपरा लौंडा नाच पर आधारित है। फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिल चुकी है। अब झंझारपुर भारतवर्ष में रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है।

## यूपी में बिजनौर जिला जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को श्रवण कुमार ने किया संबोधित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिला धामपुर तहसील के ग्राम मिलक, झांगीरबाद में जदयू जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस मौके पर उत्तर प्रदेश जनता दल (यू.) के प्रभारी बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार मौजूद रहें। कार्यकर्ता सम्मेलन में जिले के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। सम्मलेन के दौरान दर्जनों लोगों ने जनता दल (यू.) की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए नेताओं ने कहा कि राज्य प्रभारी एवं बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार के दिशा निर्देश में जिला जद (यू.) को और मजबूत किया जाएगा। इस समारोह में उत्तर प्रदेश जद यू प्रदेश अध्यक्ष श्री अनूप पटेल, राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद निसार अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री शालिनी पटेल, सुभाष पाठक, रणवीर सिंह, श्रीमती पूनम सिंह, जयप्रकाश पटेल, संतोष पटेल, रिजवान खान, मोहम्मद अब्बास व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## परंपरागत खेती के साथ शहद, मछली, दूध, सब्जियों का भी उत्पादन करें किसान : चंद्रवंशी

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वन पर्यावरण और सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने किसानों से अपील की है कि वे परंपरागत धान और गेहूं की खेती के साथ-साथ शहद, मछली, दूध, सब्जियों आदि का भी उत्पादन करें। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ने के साथ लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी राज्य के सभी गांव और पंचायतों में दुग्ध सहकारी समिति गठित करने की बात कही है। सहकारिता विभाग भी पैक्स के साथ-साथ शहद, मछली, दूध आदि का उत्पादन करने वालों की भी सहकारी समितियां गठित कर रही है। इससे किसान काफी लाभान्वित हो रहे हैं। बताया कि वन और पर्यावरण को मजबूती प्रदान करने के लिए सड़क किनारे और तालाब-पोखरों के आसपास पीपल, बरगद, नीम जैसे लंबी आयु वाले वृक्ष लगाने की योजना पर भी काम शुरू हो गया है।

## ई लाइब्रेरी ज्ञान व इनोवेशन का केंद्र : डॉ. घनश्याम राय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** अल्लपट्टी में रविवार को मिथिला ई लाइब्रेरी की दूसरी शाखा खुली। इसे ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के विवि राजनीति विज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफ़ेसर सिद्धार्थ राज ने खोला है। वे मुंगेर विवि के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय के मार्गदर्शन में रिसर्च स्कॉलर हैं। ई लाईब्रेरी का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलसचिव और शोध पर्यवेक्षक डॉ. घनश्याम राय ने किया। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। इस डिजिटल युग में यह ज्ञान और इनोवेशन का केंद्र होगी। कहा कि मिथिला लाइब्रेरी का पहला सेंटर तीन साल पहले मारवाड़ी कॉलेज के पास शुरू हुआ था। आज इसके




दूसरे भाग का विस्तार सराहनीय है। इस मौके पर डॉ. रघुवीर रंजन ने कहा कि हमारे विभाग के शोधार्थी हर क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं। इससे विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग की प्रतिष्ठा चौतरफा बढ़ी है। उद्घाटन समारोह में रिसर्च स्कॉलर केशव चौधरी, रजनीश चौधरी, मोहन कुमार, नीतीश कुमार, रोशन कुमार, शुभम कुमार आदि थे।

# देशी पिस्टल, मैगजीन व दो जिंदा कारतूस बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन**। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) डिहरी ऑन सोन ने गश्ती व अपराध नियंत्रण अभियान के दौरान एक देशी पिस्टल, एक मैगजीन एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। हालांकि अंधेरे का लाभ उठाकर संदिग्ध व्यक्ति मौके से फरार होने में सफल रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक उप निरीक्षक हरेराम कुमार, आरक्षी शैलेश कुमार एवं आरक्षी सर्वोदय पासवान द्वारा डिहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर गश्त एवं आपराधिक गतिविधियों की निगरानी की जा रही थी। इसी क्रम में प्लेटफार्म संख्या-03 पर एक व्यक्ति को चेहरे पर मास्क लगाए संदिग्ध अवस्था में देखा गया। पूछताछ के दौरान वह व्यक्ति चकमा देकर भागने लगा। पीछा करने पर उसने अपने पास से पिस्टल निकालकर आरक्षी शैलेश कुमार पर तान दी। आत्मरक्षा में आरक्षी शैलेश कुमार ने लाठी से उसके पिस्टल थामे हाथ पर प्रहार किया, जिससे पिस्टल उसके हाथ से छूटकर रेल पटरी के पास गिर गई। इसके बाद संदिग्ध व्यक्ति डीएफसीसीआईएल रेल लाइन के किनारे झाड़ियों में घुसकर फरार हो गया। घटनास्थल के आसपास तलाशी के दौरान प्लेटफार्म संख्या-04/05 के पश्चिमी छोर पर रेलवे पोल संख्या-1082 के पास एक काले रंग की लोहे की देशी पिस्टल बरामद की गई। पिस्टल के साथ एक मैगजीन एवं 7.65 एमएम के दो जिंदा कारतूस भी मिले।। उप निरीक्षक मनोज कुमार, आरपीएफ पोस्ट डिहरी ऑन सोन द्वारा शिकायत पत्र के साथ सभी जब्त सामग्री रेल थाना डिहरी ऑन सोन को अग्रिम कानूनी कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर दी गई है।



# पतंजलि योग समिति रोहतास में लगाएगी 100 योग कक्षाएं

## बंद केंद्र होंगे पुनः सक्रिय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम (रोहतास)**। पतंजलि योग समिति रोहतास की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक महर्षि मेंही आश्रम, डेहरी में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में पतंजलि योगपीठ से जुड़े सभी पांच संगठनों के जिला प्रभारियों, पतंजलि आदर्श योग कक्षा के योग साधकों, जिले के 19 प्रखंडों के प्रखंड प्रभारियों, सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं योग शिक्षकों की व्यापक भागीदारी रही।

बैठक की अध्यक्षता भारत स्वाभिमान के बिहार राज्य प्रभारी सुनील स्वाभिमानी ने की, जबकि मंच संचालन पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद द्वारा किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में सुनील स्वाभिमानी ने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक जिले में न्यूनतम 100 योग कक्षाएं संचालित करना संगठन का प्रमुख लक्ष्य है। इसके तहत बंद पड़ी योग कक्षाओं को पुनः प्रारंभ किया जाएगा तथा योग शिक्षकों को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यमों से सहयोगात्मक प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो जिला प्रभारी सक्रियता और परिणाम के साथ कार्य करेंगे, उन्हें "सक्रिय जिला प्रभारी" के रूप में मान्यता दी जाएगी।

बैठक में बिहार राज्य के संवाद प्रभारी (गया) अरुण कुमार, भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी वीरेंद्र राय, किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी चंद्रमा सिंह, जिला संगठन मंत्री योगेंद्र सिंह, डॉ. अजय गुप्ता, सह जिला प्रभारी विनय कुमार सिंह, जिला महासचिव विमल कुमार सिंह, डिहरी अनुमंडल प्रभारी अलंकेश्वर गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी एवं योग शिक्षक उपस्थित रहे।

इसके अलावा योग शिक्षिकाओं, वरिष्ठ नागरिक संघ के प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता ने बैठक को ऊर्जा और उद्देश्य दोनों प्रदान किए। बैठक के अंत में योग के माध्यम से स्वस्थ समाज निर्माण के संकल्प के साथ संगठनात्मक विस्तार को गति देने का आह्वान किया गया।




# महावीर क्विज एंड टेस्ट सेंटर के 25 छात्र एसएससी जीडी में सफल, सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम (रोहतास)**। महावीर क्विज एंड टेस्ट सेंटर से अध्ययन कर इस वर्ष लगभग 25 छात्रों ने एसएससी जीडी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में रविवार को संस्थान परिसर में सफल अभ्यर्थियों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिक्रमगंज के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) प्रभात कुमार उपस्थित रहे। एसडीएम प्रभात कुमार एवं संस्था से जुड़े जॉब होल्डर्स के हाथों सफल अभ्यर्थियों को संस्था के प्रतीक चिन्ह, डायरी एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया।

अपने प्रेरणादायी संबोधन में एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि जीवन का लक्ष्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि मानवता और संवेदनशीलता को भी जीवित रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान अधिक सतर्क, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ रहने की जरूरत होती है।

वहीं संस्था के संस्थापक छोटेलाल सिंह ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उन्हें निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने संस्थान में अध्ययनरत छात्रों को भी सफलता के मूल मंत्र साझा कर लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहने की सलाह दी।

समारोह के दौरान सैकड़ों की संख्या में जॉब होल्डर, छात्र एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और गौरव से भरा रहा, वहीं छात्रों की सफलता ने क्षेत्र के युवाओं को नई प्रेरणा दी।



# अशोक किड्स जॉन स्कूल वार्षिकोत्सव संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम (रोहतास)**। अशोका किड्स जोन स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता काजल कुमारी, मेयर नगर निगम सासाराम और विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्यनारायण स्वामी ट्रस्टी संरक्षक कुशवाहा सभा भवन सासाराम, जगत प्रकाश मौर्य, उप कोषाध्यक्ष कुशवाहा सभा भवन सासाराम निर्भय सिंह अधिवक्ता उपाध्यक्ष कुशवाहा सभा भवन सासाराम आदि मौजूद थे। विद्यालय के निदेशक अभिमन्यु सिंह के द्वारा बच्चों के अभिभावक को एक अच्छे अभिभावक के बारे में बताया गया। मंच की अध्यक्षता जय राम सिंह और मंच का संचालन आंचल आनंद ने किया। कार्यक्रम में नरेंद्र सिंह, राधेश्याम सिंह, अखिलेश सिंह, सरिता तिवारी, ज्योति गुप्ता, अनुराधा कुमारी, माया श्रीवास्तव, अन्या आनंद, अर्चना सिंह, बाबूलाल सिंह, रितेश कुमार महाराज, मिथिलेश तिवारी, अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# शिशु संस्कार केंद्र जयनगरा में 24वां वार्षिकोत्सव संपन्न

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, फरवरी में निःशुल्क नामांकन की घोषणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू**। प्रखंड क्षेत्र के शिशु संस्कार केंद्र, जयनगरा के प्रांगण में शुक्रवार को विद्यालय का 24वां वार्षिकोत्सव समारोह भव्यता और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम "हमारा इतिहास, हमारी धरोहर" रही, जिसने पूरे आयोजन को भावनात्मक और प्रेरक आयाम दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से डिहरी अनुमंडल के एसडीएम निलेश कुमार, रजिस्टार योगेश त्रिपाठी, जिला पार्षद विमला कुंवर, बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंधक स्मिता कुमारी, अमलतास ग्रुप ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष रणजीत सिन्हा, दिव्यांशु मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय, शिक्षाविद व समाजसेवी ओम जी, राधा शांति महाविद्यालय के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष अजय प्रकाश सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश शुक्ला एवं शिक्षक प्रदीप उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य उमेश शुक्ला ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि बच्चों में संस्कार, नैतिकता और सामाजिक चेतना का विकास करना है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि फरवरी माह में विद्यालय में बच्चों का नामांकन पूर्णतः निःशुल्क किया जाएगा।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य, संगीत एवं नाट्य प्रस्तुतियां दीं। "दीपदान" नाटक के माध्यम से मां पन्नाधाय के त्याग और मातृभूमि के प्रति निष्ठा का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया गया। वहीं "पैसे का महत्व" नाटक में धन के सदुपयोग, मानव शरीर के सकारात्मक उपयोग—विशेषकर आंखों के महत्व—और जरूरतमंदों की सहायता का सशक्त संदेश दिया गया। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

एसडीएम निलेश कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया के सीमित एवं नियंत्रित उपयोग पर जोर देते हुए अभिभावकों से सजग रहने की अपील की। रजिस्टार योगेश त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को पुस्तकों के स्वाध्याय के लिए प्रेरित किया।




# कुटीर ज्योति के पात्र लाभकों को निशुल्क मिलेगा रुफटाप सोलर पैनल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। बिहार सरकार ने कुटीर ज्योति श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है, जिसके तहत पात्र उपभोक्ताओं को 1.1 केवीए क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य गरीब और वंचित परिवारों को घरेलू बिजली आवश्यकताओं में आत्मनिर्भर बनाना और उनके बिजली खर्च में कमी लाना है।कार्यपालक अभियंता ई. ब्रवीम ने बताया कि सोलर ऊर्जा के प्रयोग से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक, सुरक्षित और टिकाऊ ऊर्जा समाधान प्राप्त होगा। योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को सुविधा ऐप मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपनी सहमति देनी होगी।सुविधा ऐप के माध्यम से उपभोक्ता नयी बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन, लोड वृद्धि, मोबाइल नंबर अथवा पते में संशोधन, बिजली बिल देखना और ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा, स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ता प्रतिभूति राशि वापसी हेतु आवेदन और रुफटॉप सोलर नेट मीटरिंग से संबंधित सेवाएं भी प्राप्त कर सकते हैं। पात्र उपभोक्ताओं को अपने घर की फोटो और एक पता प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा, और पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करना होगा। इसके बाद, संबंधित डिस्कॉम द्वारा रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लिए निविदा आवंटित की जाएगी। यह योजना कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक सशक्तीकरण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बिहार सरकार का एक सशक्त कदम है। उपभोक्ता इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते हैं और किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अपने निकटतम विद्युत आपूर्ति प्रशाखा से संपर्क कर सकते हैं। इस योजना से राज्य के गरीब और वंचित परिवारों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा, और वे अपने बिजली खर्च में कमी ला सकेंगे। साथ ही, यह योजना पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान करेगी।



# यूजीसी कानून के समर्थन में एससी, एसटी, ओबीसी एवं माइनॉरिटी संघर्ष मोर्चा का आक्रोश मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी-ऑन-सोन**। यूजीसी कानून को लागू करने की मांग को लेकर रविवार को एससी, एसटी, ओबीसी एवं माइनॉरिटी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले डेहरी-ऑन-सोन में विशाल आक्रोश मार्च निकाला गया। यह मार्च अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर डिहरी बाजार, कर्पूरी चौक, पाली रोड और स्टेशन रोड से होते हुए पुनः अंबेडकर चौक पहुंचकर समाप्त हुआ।

आक्रोश मार्च में बड़ी संख्या में एससी, एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भाग लिया और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान राजद के पूर्व प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी ने कहा कि यूजीसी कानून का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करना है, लेकिन एक साजिश के तहत इस पर रोक लगाए जाने से बहुजन, ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज में गहरा असंतोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि इसी आक्रोश के चलते डेहरी अनुमंडल क्षेत्र के लोग एकजुट होकर इस कानून के समर्थन में सड़कों पर उतरे हैं और सरकार से मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील कर रहे हैं।

मार्च के दौरान प्रमुख मांगों में पूना पैक्ट को लागू करने, मंडल कमीशन की 40 में से शेष 38 अनुशंसाओं को अमल में लाने,एससी, एसटी, ओबीसी के रिक्त बैकलॉग पदों को शीघ्र भरने, एनएफएस से जुड़ी कथित साजिश को बंद करने, यूजीसी रेगुलेशन में भेदभाव पर दंडात्मक प्रावधान को स्पष्ट करने, जनगणना गजट में ओबीसी की गणना के लिए अलग कॉलम को बजट में शामिल करने तथा संविधान एवं संवैधानिक संस्थाओं में हस्तक्षेप बंद करने की मांग शामिल रही। आक्रोश मार्च का नेतृत्व प्रकाश पासवान ने किया। उनके साथ गिरिजाधारी पासवान, श्रीकांत यादव, सोनू चौधरी, अवधेश पासवान, सोनू खान, अरुण रावत, विष्णु पासवान, आनंद चौधरी, अमित पासवान, विकास पासवान, अशोक सिंह (माले नेता), अनुज कुशवाहा, राजा राम पासवान, मदन चंद्रवंशी, शांति देवी, जहरीना खातून, मदीना खातून, पूर्व चेयरमैन शंभू राम, शिव कुमार रावत, दीपक रावत, उपेंद्र पासवान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




# जेआरएस इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्र-छात्राएं व शिक्षक सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन**। जक्खी बिगहा स्थित जेआरएस इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव शनिवार की देर शाम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया और उपस्थित अभिभावक व अतिथि मंत्रमुग्ध हो उठे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्य, नाटक और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की जीवंत झलक पेश की। बच्चों की प्रस्तुति ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि संस्कार और संस्कृति का संदेश भी दिया। वार्षिक शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले विद्यार्थियों में जेबा परवीन, हर्षिता राज, आदर्श कुमार, दीप्ति कुमारी, कुमारी स्नेहा, आयुष कुमार, शिवांश राज, सौम्या कुमारी सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

समारोह में पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, विद्यालय के निदेशक डॉ. रवि प्रकाश एवं प्रधानाचार्या सुलगना मजूमदार ने मेधावी छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में वक्ताओं ने शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में उप-प्रधानाचार्य अमृतेश चतुर्वेदी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



# लगातार आग लगने की घटनाओं से ग्रामीण परेशान एसडीएम व एएसपी ने किया घटनास्थल का दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)**। रोहतास जिले के आयरकोठा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरांव कलां पंचायत के अहरांव गांव में विगत कई दिनों से एक ही मोहल्ले में लगातार आग लगने की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत और बेचैनी का माहौल है। इन घटनाओं को लेकर पीड़ित परिवारों, स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन के बीच स्थिति असमंजसपूर्ण बनी हुई है।

आगजनी की घटनाओं से परेशान ग्रामीणों के बीच आपसी आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है, वहीं कुछ लोग अंधविश्वास और भूत-प्रेत जैसी बातों को भी कारण बताने लगे हैं। इससे गांव में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई थी और किसी अप्रिय घटना की आशंका भी जताई जा रही थी। इसकी सूचना मिलते ही आयरकोठा थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने मामले से वरीय अधिकारियों को अवगत कराया।

इसके बाद डिहरी एसडीएम निलेश कुमार एवं एएसपी अतुलेश झा ने अहरांव गांव पहुंचकर जगन्नाथ राम, मुसहरी राम, धनजी राम, रामजीत राम सहित अन्य ग्रामीणों के जले हुए घरों का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए पीड़ित परिवारों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों से विस्तृत बातचीत की।

इस संबंध में एसडीएम निलेश कुमार ने बताया कि यह घटनाएं प्राकृतिक कारणों से हुई हैं या इसके पीछे कोई अन्य वजह है, इसकी गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्थानीय लोगों की एक समिति बनाई जाएगी तथा मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

एसडीएम ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अंधविश्वास और भूत-प्रेत जैसी अफवाहों से दूर रहें तथा आपसी भाईचारा बनाए रखें। उन्होंने बताया कि जले हुए घरों की मरम्मत के लिए आपदा राहत कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

मौके पर मौजूद पंचायत मुखिया ददन पासवान ने कहा कि एक ही मोहल्ले में लगातार आग लगने की घटनाएं गंभीर विषय हैं और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके।



# साहित्यकार कनक किशोर को दिया गया आरंभ सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज(रोहतास)**। अनुमंडल क्षेत्र के दावथ प्रखण्ड के डेढ़गांव स्थित आरंभ विद्यालय परिसर में 'आरंभ सम्मान समारोह' आयोजित हुआ। जिसमें भोजपुरी के विख्यात कवि और लेखक कनक किशोर को 'आरंभ सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रतिवर्ष शाहाबाद में जन्में ऐसे साहित्यकार, चित्रकार या रंगकर्मी को दिया जाता है, जिन्होंने अपनी रचनाओं और अपने कार्यों से अपनी माटी, अपनी भाषा और संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति दिलायी हो। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार जितेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में आए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह में कनक किशोर की पुस्तक 'भोजपुरी शब्द संपदा', जितेन्द्र कुमार की 'शब्द वातायन' तथा 'रजनीगंधा' एवं भोजपुरी सम्मेलन पत्रिका के नए अंक तथा सुरेश कांटक की 'धरती के गीत' पुस्तक का लोकार्पण हुआ। समारोह में आए अन्य अतिथियों में डा. नागेन्द्र झा महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डा० अमरेन्द्र कुमार मिश्र, प्रो० रविन्द्रनारायण सिंह और प्रो० विद्याशंकर तिवारी, भोजपुरी अकादमी नई दिल्ली के सदस्य रवि प्रकाश 'सूरज', प्रख्यात चित्रकार कौशलेश पांडे, किसान कवि लक्ष्मीकांत मुकुल तथा कवि हरेराम सिंह, इतिहास अध्येता कुमार शंभू शरण की गरिमामयी उपस्थिति रही।



# नारी सशक्तिकरण और घर की स्वाभिमान है बेटियां : डॉ. मनीष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रकमगंज (रोहतास)**। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह काराकाट विधानसभा नेता डॉ. मनीष रंजन ने लगातार पांचवें वर्ष बेटी जन्मोत्सव मनाते हुए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया। अवसर भाजपा सदस्य ने शुक्रवार 6 फरवरी को अपनी बेटी राज नंदनी का 5वां जन्मोत्सव पटना स्थित पनास सभागार में उपस्थित सैकड़ों अतिथियों के आर्शीवाद वचन और प्रीतिभोज के साथ धूमधाम से मनाया। उक्त मौके पर भाजपा नेता डॉ. मनीष ने लोगों से बेटी जन्मोत्सव पर प्रकाश डालते हुए आग्रह पूर्वक कहा कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और उनके अस्तित्व का सम्मान करना है। जिसका प्राथमिक लक्ष्य कन्या भ्रूण हत्या जैसे अपराधों को रोकना और गिरते बाल लिंगानुपात यानी सीएसआर में सुधार लाना है। बेटी जन्मोत्सव बेटियों को लड़कों के समान अधिकार,बेहतर शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता को भी पैदा करता है। साथ ही सभी माता-पिता को समझ ना चाहिए कि बेटियों को परिवार पर बोझ न मानकर उन्हें भारत के महिला सशक्तिकरण के रूप में देखे। घर में बेटी का जन्म अभिशाप नहीं,बल्कि घर में खुशियां और समृद्धि लाने वाला वरदान है। अवसर पर पूर्व चेयरमैन सह व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, विमला देवी,नेहा सिंह, स्वप्निल सिंह, रूबी सिंह, सरोज सिंह,विकास सिंह,मनमोहन तिवारी, मनोज सिंह, विवेक कुशवाहा, युवराज सिंह सहित सैकड़ों राजनीति कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित थे।



## एक नजर

### महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां पूरी

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** जिले के ग्राम तुंगी बेलदारी स्थित महादेव स्थान (नजदीक बाल्मीकि स्थान) पर आगामी 15 फरवरी 2026 को भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए पूजा-अर्चना के साथ भक्ति गीत-संगीत एवं जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत संध्या 6 बजे से होगी, जिसमें क्षेत्र के प्रसिद्ध भजन कलाकारों द्वारा भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया जाएगा।
आयोजन समिति के अनुसार, यह कार्यक्रम पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। ग्रामवासियों एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत तुंगी बेलदारी के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं ग्रामीणों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है। समिति के सदस्यों मौसमी रानी लक्ष्मी पंडित काजल भारती ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवभक्तों की उपस्थिति पूजा में अनिवार्य मानी जाती है, इसलिए सभी श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील भी की गई है। आयोजन को लेकर सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्था से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महोत्सव के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

### लखीसराय ने तीन रन से जीता मुकाबला



**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** जुल्फकार अली भुट्टो राइस प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत रविवार को खेले गए दूसरे मैच में लखीसराय की टीम ने नवादा के गंगटी को रोमांचक मुकाबले में तीन रन से हराकर अगले राउंड में जगह बना ली। मैच के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया और अंतिम ओवर तक मुकाबला रोमांचक बना रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखीसराय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम का पहला विकेट 16 रन पर गिर गया। इसके बाद भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सके और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। 15 ओवर में पूरी टीम 84 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। गंगटी की ओर से सचिन ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में मात्र 10 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि सूरज ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। 85 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गंगटी की टीम की शुरुआत भी साधारण रही। हालांकि जितेंद्र ने 25 और शशि ने 28 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिलने से टीम लक्ष्य से 3 रन पीछे रह गई और मैच लखीसराय के नाम रहा। लखीसराय की ओर से विराट ने 4 ओवर में एक मेडन रखते हुए 14 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि अमन ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में मात्र 2 रन देकर 3 विकेट झटके। शानदार प्रदर्शन के लिए अमन को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# सड़क हादसा में दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पकरीबरावां।** शनिवार की रात को नवादा- जमुई पथ पर धमौल थाना क्षेत्र के जमहड़िया के पास सड़क हादसे में गुलनी पंचायत के अटारी गांव के दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों में विनोद यादव का 20 वर्षीय पुत्र रवि कुमार और धनेश्वर यादव का 25 वर्षीय पुत्र सतीश यादव शामिल हैं। धमौल थाना के अपर थानाध्यक्ष इंद्रमल मांझी ने बताया कि पुलिस को सवा आठ बजे के आस पास घटना की जानकारी मिली। घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की गई। दोनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया गया है। परिवार के लोगों ने बताया कि रवि रात के 8 बजे के आस पास गांव से अपनी फुआ के यहां अलीगंज जा रहा था। बाइक पर उसके साथ सतीश भी था। जाने के दौरान जमहड़िया के पास बाइक की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल के पास से लोगों ने अटारी गांव के लोगों को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचें। इस बीच घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर धमौल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है। मृतक सतीश यादव तीन भाइयों में से सबसे छोटा था। लगभग डेढ़ साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। उसे एक माह का बेटा भी है। वहीं, रवि कुमार तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। अपने घर का सबसे बड़ा पुत्र होने के कारण परिवार का भरण-पोषण वही करता था। उसकी शादी भी दो साल पहले हुई थी और उसका भी एक बेटा है। रवि किसान का काम करके अपने परिवार का गुजारा चलाता था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय नेता पीड़ितों के घर पहुंचने लगे हैं। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह, वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रदीप कुमार, गुलनी पंचायत के मुखिया मनोज चौरसिया, धमौल पंचायत के मुखिया रामरूप यादव, बेलखुंडा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धर्मराज यादव, बुधौली पंचायत के पूर्व मुखिया विजय यादव, यदुवंशी एकता जागृति मंच के अध्यक्ष दिनेश यादव, संजय यादव, प्रमोद यादव, प्रकाश यादव, सुरेन्द्र यादव सहित अन्य ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार से पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ देने की बात की। नेताओं ने प्रशासन से मुआवजा की भी मांग की है। गौरतलब है कि पकरीबरावां प्रखण्ड में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। एक सप्ताह के भीतर पकरीबरावां प्रखण्ड के विभिन्न स्थानों पर हुए हादसे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सबसे ज्यादा सड़क हादसा कचना मोड़ एवं उसके आस पास होता है। लोगों ने इस स्थान को डेंजर जोन घोषित करने की मांग भी की है।

# शिविर लगाकर 152 रोगियों का किया निःशुल्क इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रेड क्रॉस सोसाइटी बिहारशरीफ द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर 152 रोगियों का निशुल्क इलाज किया गया।इस शिविर का उद्देश्य निसहाय और जरूरतमंद लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है शिविर में जांच करवाने आए लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविर उनके लिए बहुत मददगार साबित हो रहे हैं। यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी जारी रहेगा। इस शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्याम बिहारी द्वारा 25 लोगो को, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिनव कुमार सिंह द्वारा 50 लोगों को, डॉ वीरेंद्र कुमार डॉ उमेश कुमार सिंह, डॉ अखिलेश कुमार एवं डॉ रश्मि कुमारी फिजिशियन के द्वारा 60, डॉ अमरदीप नारायण 10, डॉ रवि कुमार 10, डॉ मोहम्मद शहजाद आलम के द्वारा 20, होम्योपैथिक चिकित्सा डॉ गौतम कुमार एवं डॉक्टर रितेश कुमार के द्वारा 21 लोगों का इलाज किया गया। शिविर में 50 लोगो का मधुमेह की जांच की गई। इन डॉक्टरों ने विभिन्न रोगियों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श दिया और उनके स्वास्थ्य किस्से संबंधित समस्याओं का समाधान किया शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य एवं आजीवन सदस्यों भी पूरी सक्रियता के साथ उपस्थित रहे। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित कार्यकारिणी सदस्यों में मनोज कुमार, जीवन सदस्यों में प्रमोद पंडित, नागेंद्र कुमार, बृज बिहारी, चंद्रमणि कुमार, विश्व कुमार, राकेश कुमार पंकज, अरविंद पंडित, प्रोफेसर स्वधर्म कुमार, साधु शरण प्रसाद, शंभू कुमार कश्यप, एसएम मुस्कान कुमारी, डॉ एसएम मुजफ्फर जमाल, आकाश रोशन, रागिनी कुमारी अरुण कुमार संजय कुमार ने संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सड़क हादसे में एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**हिसुआ (नवादा)।** हिसुआ थाना क्षेत्र राजगीर रोड फोर लाईन भुलन बीघा के आसपास रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक किसी कार्य से जा रहे थे, तभी रास्ते में उनकी बाइक एक अन्य वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।
दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। मृतक की पहचान हिसुआ पांचू गढ़ वार्ड संख्या छह निवासी मोहम्मद बबलू के पुत्र कामरान के रूप में की गई है, जबकि घायल युवक की पहचान मोहम्मद फुरकान के रूप में हुई है।
सूचना मिलते ही हिसुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# राजगीर बस स्टैंड और कुण्ड क्षेत्र पर लग रहा जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** धार्मिक व ऐतिहासिक पर्यटन नगरी राजगीर में पर्यटकों का आगमन के साथ राजगीर परिभ्रमण पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्रा यहां पहुंच रहे हैं। ठंड कमनें और मौसम सुहावना होने से विदेशी पर्यटकों के आगमन की संख्या में भी काफी इजाफा हुआ है। विदेशों से भी पर्यटकों के आने का सिलसिला बढ़ चुका है।
पर्यटकों के भीड़ का असर राजगीर के कुंड क्षेत्र और बस स्टैंड में देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में पर्यटक और स्कूली भ्रमण पर आए स्कूली छात्र निजी वाहन से राजगीर पहुंच रहे हैं जिसके कारण यहां के सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। उपर से प्रशासनिक उदासीनता और कुव्यवस्था के कारण बस स्टैंड चौराहा और कुण्ड क्षेत्र में रोजाना जाम लग रहा है। इस कारण लोगों का घंटों समय बर्बाद हो रहा है। साथ ही स्थानीय लोगों को भी परेशानी हो रही है। भयंकर जाम के कारण वाहन सरकती नजर आयी। बस स्टैंड चौराहा और कुण्ड क्षेत्र पर जाम लगने का मुख्य कारण अतिक्रमण है।
चारों तरफ सड़कों पर लगे छोटे छोटे फुटपाथी दुकानों के कारण सड़क संकरी हो चुकी है। स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। हद तो यह की सड़कों पर ही सब्जियां व फल तक बेची जा रही है। नगर परिषद राजगीर द्वारा कभी कभार अतिक्रमण हटाने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जाता रहा है। जाम के कारण पर्यटकों सहित आम आदमी को काफी फजीहत झेलनी पड़ रही है।
राजगीर बस स्टैंड के पास स्टैंड से अंदर और स्टैंड से बाहर निकलने वाले बड़े - बड़े बस एवं अन्य वाहनों के कारण भी यहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। बस स्टैंड के चारों ओर हाल हीं में बाउंड्री वॉल किया गया है। स्टैंड के अंदर प्रवेश और निकास के लिए दो गेट बनाए गए हैं। गेट का कम चौड़ा होने के वजह से बड़े-बड़े बसों को निकालने और अंदर जाने के दौरान बस को मुड़ने में काफी समय लग रहा है। यह भी जाम का एक कारण बन रहा है। राजगीर नगर परिषद के मुख्य पार्षद ने बताया कि जाम को लेकर जल्द ही व्यवस्था की जाएगी। अतिक्रमण भी हटवाया जाएगा। शहर को अतिक्रमणमुक्त बनाने के लिए अभियान भी चलाया जाएगा। इसके लिए रणनीति बनायी जा रही है।

## बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सजग रहें अभिभावक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखंड मुख्यालय के घनश्याम नगर स्थित जीआईपी पब्लिक स्कूल में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान अभिभावक अपने बच्चों के बेहतर भविष्य को लेकर विद्यालय पहुंचकर यूनिट टेस्ट 4 का परीक्षाफल प्राप्त किया एवं अपने बच्चों के सम्बन्ध में शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया गया। शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में वर्ग किड्स से अष्टम तक यूनिट IV परीक्षा फल तथा वर्ग नवम एवं दशम का फाइनल परीक्षाफल वितरित किया गया। बैठक में अभिभावकों ने बच्चों में अंग्रेजी बोलने की क्षमता का विकास करने के प्रति ध्यान देने का अनुरोध विद्यालय प्रबंधन से की है। कई अभिभावकों ने बच्चों में सामाजिक दायित्वों की कमी के संबंध में शिक्षकों से चर्चा की गई।

## ओवरलोड व अवैध चालान के ट्रकों के विरुद्ध पूरी रात चली छापेमारी

**रजौली/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र के रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी एवं आसपास के क्षेत्रों में ओवरलोडिंग वाहनों एवं बिना चालान के ट्रकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान रजौली एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन एवं खनन पदाधिकारी के साथ रजौली थाना के पुलिस बल मौजूद रहे। इस कार्रवाई में लगभग डेढ़ दर्जन ट्रकों को जब्त कर जांच चौकी पर लगाया गया है एवं दो ट्रक चालकों को हिरासत में लेकर थाना में रखा गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से ओवरलोडिंग एवं बिना चालान के गिट्टी ढोने वाले ट्रक संचालकों में खलबली मच गई है। ओवरलोडिंग वाहनों के चलने से केवल सड़क सुरक्षा का खतरा नहीं बल्कि इससे सड़कें भी क्षतिग्रस्त होती है। बीते दिनों कई ऐसी सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिली है,जिससे कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है। प्रशासन ने कार्रवाई कर वाहन चालकों एवं मालिकों को चेतावनी दी है कि वे नियमों का पालन करें,अन्यथा आगे भी इसी तरह की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
प्रशासन द्वारा बीते शनिवार की रात्रि लगभग 10:30 बजे से जांच चौकी पर कागजातों की जांच की जा रही थी। वाहन जांच की खबर सुनते ही ट्रक चालक जांच चौकी से दूर दिबौर एवं झारखंड के काली मंडा में वाहनों को रोककर जांच खत्म होने का इंतजार करने में जुटे रहे। किंतु जांच टीम में रहे पदाधिकारियों ने सड़क किनारे खड़े गिट्टी लदे ट्रकों,जिसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था, उसे जब्त कर जांच चौकी पर लगाया गया है। यह कार्रवाई शनिवार की देर रात्रि लगभग 3 बजे तक चली।
इस संबंध में नवादा जिला खनन पदाधिकारी अमन प्रत्यय ने बताया कि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त कर समेकित जांच चौकी पर रखा गया है। उन्होंने ट्रक मालिकों द्वारा लगाए जा रहे आरोप को निराधार बताया है। साथ ही बताया कि विभाग के पदाधिकारी संबंधित कागजातों की जांच में जुटे हुए हैं। जांच के दौरान सही कागजात वाले वाहनों को छोड़ दिया जाएगा। वहीं जिन वाहनों के कागजातों में कमी होगी,उसके विरुद्ध अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# विधायक ने किया नवनिर्मित विद्यालय भवन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ।** कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय गंगा पुर पलटपुर में नवनिर्मित विद्यालय भवन का उद्घाटन स्थानीय विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है, और इसके लिए बेहतर व सुरक्षित विद्यालय भवन का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसा शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा रहा है, जहां बच्चे आनंद के साथ शिक्षा ग्रहण कर सकें। मजबूत आधारभूत संरचना बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सरकार लगातार प्रयासरत है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय भी आधुनिक सुविधाओं से लैस हों। विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की रीढ़ है। बच्चों को बेहतर भविष्य देने के लिए सरकार विद्यालयों में भवन, संसाधन और शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ कर रही है। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावक तथा जिप सदस्य कौशलेंद्र प्रसाद, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रजनीश कुमार मुन्ना, पूर्व प्रमुख धनंजय प्रसाद,जिप सदस्य बिंद बिपिन कुमार चौधरी, जिप सदस्य समेरा पश्चिमी नरोत्तम कुमार, जिप सदस्य अस्थावां पुर्वी पंकज पासवान, प्रखंड प्रमुख राजीव कुमार उर्फ बऊआ , जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष नवीन कुशवाह, मनिष पाण्डेय, उप मुखिया बिरू प्रसाद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जलसा फजीलत कुरान का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कौआकोल।** प्रखण्ड अंतर्गत पांडेयगंगौट पंचायत के फुलडीह गाँव स्थित जामिया आयशा सिद्धिक लील बनात फुलडीह में रविवार को जलसा फजीलत कुरान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। इस दरम्यान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग एवं आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वहीं इस दौरान इस वार्षिक वर्ष में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ कुरानी शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। आयोजनकर्ता व कार्यक्रम के संचालक हजरत कारी शोएब इफ्तखारुल हसन ने बताया कि कार्यक्रम में मौजूद प्रसिद्ध इस्लामी विद्वानों के द्वारा बच्चों को कुरान की शिक्षाओं, इसकी फजीलत, बच्चों के लिए इसके महत्व आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोगों में कुरान के प्रति प्रेम पैदा करने के लिए प्रेरित भी किया गया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि मदरसा तालीम का सबसे अच्छा जरिया है और जामिया आयशा सिद्धिक यह काम बखूबी कर रही है। कार्यक्रम के अंत में देश में अमन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ की गई। मौके पर हाफिज वकारी अमजद, मौलाना जाकिर, मौलाना शनिम कासमी आदि मौजूद रहे।

## कोयला लदा ट्रक सड़क से नीचे गिरा, बाल-बाल बचा चालक

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरेव मोड़ के समीप रविवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा में कोयले से लदा एक भारी ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क से लगभग दस फीट नीचे जा गिरा। नीचे गिरते ही ट्रक पलट गया, जिससे उसके बारहों पहिए ऊपर की ओर हो गए। हादसे के बाद कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी मच गई।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज रफ्तार में था। मोड़ के पास चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।
हादसे की सूचना पाकर ट्रक का मालिक भी घटनास्थल पर पहुंचा। वाहन की हालत देखकर वह भावुक हो गया और छाती पीट-पीटकर रोने लगा। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई। ट्रक चालक पूरी तरह सुरक्षित बताया जा रहा है।

# अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध प्रशासन सख़्त,चौक पर चिपकाया गया नोटिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली (नवादा)।** रजौली नगर पंचायत मुख्यालय के हृदय कहे जाने वाले बजरंगबली चौक पर लगे लाइट के खंभे के नीचे बने चबूतरे की दीवारों पर सैकड़ों नोटिस चिपकाया गया है। नोटिस देखने के बाद फुटपाथी दुकानदारों एवं लोहे की गुमटी स्थापित कर व्यवसाय कर रहे लोगों में खलबली मची हुई है। नोटिस में विभिन्न दुकानदारों के नाम लिखे नोटिस में बताया गया है कि आपके द्वारा अतिक्रमण किया गया है। इसलिए आप 9 फरवरी को दिन में 11 बजे अंचल कार्यालय पहुंच कर बताएं कि अतिक्रमण क्यों नहीं हटाया जाए।
रजौली नगर पंचायत होने के साथ-साथ प्रखंड और अनुमंडल मुख्यालय भी है और मुख्य मार्गों में व्याप्त अतिक्रमण के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आम लोगों के द्वारा अतिक्रमणमुक्त करने को लेकर बीते वर्षों से प्रयास जारी है। इसी संदर्भ में तत्कालीन एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी के नेतृत्व में कई बार माइकिंग कर अतिक्रमण को स्वतः हटाने की अपील भी की गई थी। इतना ही नहीं बीते कुछ दिनों पूर्व भी ई-रिक्शा से अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा गया था। किंतु अतिक्रमणकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा था।
फुटपाथी दुकानदारों का कहना है कि वे वर्षों से बाजार में अपनी दुकान से बच्चों का परवरिश करते आ रहे हैं। यदि प्रशासन हमें हटाना चाहती है,तो उन्हें हमारी आजीविका का भी प्रबंध करना पड़ेगा। साथ ही बताया कि वे अंचल कार्यालय पहुंच पदाधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याओं को रखेंगे। प्रशासन द्वारा फुटपाथी दुकानदारों के लिए अब तक जगह का चयन नहीं किए जाने से भी लोगों में रोष व्याप्त है।

# बस और टोटो चालकों के बीच झड़प में छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के करमा कला स्थित राइस मिल के समीप बीते शनिवार की शाम लगभग 5 बजे कुछ लोगों ने बस को रोककर बस चालक और खलासी के साथ जमकर मारपीट किया। इस घटना से संबंधित वीडियो रविवार की सुबह से ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो के बारे में जांच पड़ताल किए जाने पर मामला टोटो चालक और बस चालक के बीच झड़प का हिस्सा बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सिरदला बाजार में बस और टोटो चालक के बीच नोंकझोंक हुई थी। इसपर टोटो चालक ने बस चालक को धमकी दिया कि तुम हमारे गांव के तरफ से ही ना जाओगे ना,तब देख लेंगे तुमको। इसी बात को लेकर बस संख्या डब्लूबी41एच1154 जब करमा कला गांव पहुंची,तो पहले से घात लगाए कुछ लोगों ने बस को रोककर बस चालक एवं खलासी के साथ मारपीट करने लगे। इसी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

**बस चालक ने छह लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी**

बस चालक सिरदला थाना क्षेत्र के बड़गांव निवासी छमन यादव के पुत्र सुजीत यादव ने रजौली थाने को लिखित आवेदन देकर मारपीट एवं बस लूटने से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में करमा कला गांव निवासी सुनील साह के पुत्र रौशन कुमार,पप्पू कुमार,गोपाल कुमार व अनिल प्रसाद,दिबौर निवासी सुबोध कुमार एवं सिरदला थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी मुनीरक कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। बस चालक ने आवेदन में कहा है कि उक्त अभियुक्तों द्वारा मारपीट कर बस को लूटने का प्रयास किया गया। इस दौरान बस चालक के साथ लोहे के रॉड से मारपीट करते हुए गले में रहे सोने के चेन और खलासी के पास रहे 5000 रुपए रहे पैसेंजरों से लिया गया भाड़ा भी छिन लिया गया है।
इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बस चालक द्वारा दिए आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# 'बेटी बचाओ' का संदेश दे बेटियों ने सबका मन मोहा

## तीर्थंकर शीतलनाथ की नगरी इटखोरी में गूंजा गायक दीपक जैन का भक्ति सुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जैन धर्म के 10वें तीर्थंकर शीतलनाथ की जन्म स्थली झारखंड राज्य के चतरा जिलांतर्गत इटखोरी में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में नवादा जैन समाज के कलाकारों ने अपना जमकर जलवा बिखेरा। अपनी सारगर्भित एवं भक्तिमय प्रस्तुति से देश के विभिन्न हिस्सों से महोत्सव में पधारे श्रद्धालुओं को भक्तिरंग से सराबोर कर दिया।
प्रख्यात जैन संत 108 श्री भद्रबाहु सागर जी महाराज के परम पावन मंगल सान्निध्य में विगत 2 फरवरी से 6 फरवरी तक आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान भगवान शीतलनाथ के तप कल्याणक के अवसर पर जाने-माने भक्ति गायक नवादा के दीपक जैन ने अपनी भक्तिमय प्रस्तुति दी। मांगलिक ऊर्जा से ओत-प्रोत दीपक जैन की भक्तिमय प्रस्तुति "महिमा है बड़ी उदार ओ महावीरा तेरी.." एवं "मेरो करियो बेड़ा पार ओ इटखोरी वाले बाबा.." ने ऐसा समां बांधा कि महोत्सव पांडाल में मौजूद श्रद्धालुगण भक्तिरंग से सराबोर हो झूमने पर विवश हो गए। भरतपुर (राजस्थान) से आए संतोष जैन की म्यूजिकल टीम ने भी अपने संगीतबद्ध प्रस्तुति के जरिये श्रद्धालुओं में भक्ति का संचार किया।

**बेटियों ने बेटी बचाओ का संदेश दे मोहा सबका मन**

नवादा की बेटियां भी महोत्सव का सक्रिय हिस्सा बनीं। तपोवन आर्ट ग्रुप, दिल्ली के बैनर तले सौरव जैन के निर्देशन में मंचित "बेटी बचाओ" नाटिका में मिस दिल्ली रहीं आरती राजपूत के साथ नवादा की बेटी श्रेया जैन ने बिटिया रानी की भूमिका में अपनी मार्मिक व हृदयस्पर्शी अभिनय-नृत्य प्रतिभा से पांडाल में मौजूद दर्शकों को आत्मविभोर किया, तो बिटिया रानी की सहेलियों के भूमिका में नवादा की बेटी श्रुति जैन, राशि जैन व मानसी जैन एवं पटना की प्रियांशी जैन ने अपनी नृत्य प्रस्तुति से सबका मन मोहा। नाटिका में बिटिया रानी की माता के पात्र में टीवी कलाकार बबली शर्मा, पिता के पात्र में अशोक कुमार, नाना के पात्र में मदन गोपाल तिवारी व अंग्रेज के पात्र में आशीष पांडेय ने अपने अभिनय प्रतिभा को जीवंत किया।

**डांडिया कार्यक्रम में भी रही नवादा की सहभागिता**

नवादा की इन बेटियों के साथ ही नवादा जैन समाज की लक्ष्मी जैन व नेहा जैन ने डांडिया कार्यक्रम में भी विभिन्न हिस्सों के जैन धर्मावलंबियों के साथ अपनी भक्तिमय सहभागिता दी। भक्तिमय संगीत पर भक्तिमय डांडिया नृत्य की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं में अद्भुत भक्तिमय उत्साह का संचार किया। आयोजन समिति प्रमुख झुमरीतिलैया के सुरेश झांझरी के नेतृत्व एवं हस्तिनापुर से पधारे रविंद्रकीर्ति स्वामी के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव में बिहार के नवादा, पटना, गया व रफीगंज के साथ ही झारखंड के झुमरीतिलैया, हजारीबाग, चौपारण व रांची सहित भारी संख्या में देश के विभिन्न क्षेत्रों के जैन धर्मावलंबी उपस्थित थे। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े भक्ति गायक नवादा के दीपक जैन ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पटना में अभिनंदन, गया की भी होगी भागीदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार के लाल नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर 9 फरवरी को पहली बार पटना की धरती पर भव्य आगमन हो रहा है। इस अवसर पर उनके सम्मान में पटना के बापू सभागार हॉल में एक विशाल अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेश भर से पार्टी कार्यकर्ता, नेता एवं समर्थक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत एवं अभिनंदन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर सहित अन्य के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि गयाजी से सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता पटना पहुंचकर निर्धारित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे और राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत करेंगे। नेताओं ने कहा कि नितिन नवीन का नेतृत्व पार्टी के लिए नई ऊर्जा, संगठनात्मक मजबूती और वैचारिक स्पष्टता का प्रतीक है। उनके मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ा रही है। ऐसे में पटना में आयोजित यह अभिनंदन समारोह कार्यकर्ताओं के उत्साह और संगठन की एकजुटता का परिचायक होगा।



# बंद फाटक युग का अंत : अश्विनी वैष्णव ने दो ऐतिहासिक आर.ओ.बी. से बीरभूम व आसनसोल को दी नई रफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** बीरभूम और पश्चिम बर्द्धमान के लोगों के लिए रुको-चलो का दौर अब इतिहास बन गया है। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सिउड़ी आर.ओ.बी. (रेल ऊपरी पुल) का उद्घाटन किया तथा कुमरपुर आर.ओ.बी. (रेल ऊपरी पुल) को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री शुभेंदु अधिकारी भी उपस्थित रहे और क्षेत्र के आधुनिकीकरण की दिशा में इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के साक्षी बने। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनकी गति शक्ति की दूरदर्शी सोच और भारतीय रेल के आधुनिकीकरण के प्रयासों से पश्चिम बंगाल को ये महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाएं मिली हैं।

**सिउड़ी आर.ओ.बी.: बीरभूम की नई ?42 करोड़ की जीवनरेखा**

दशकों तक 22B/T लेवल क्रॉसिंग लोगों की परेशानी का कारण बना रहा, जहां ट्रेन गुजरने पर यात्रियों को लगभग 30 मिनट तक इंतजार करना पड़ता था। अब यह इंतजार अतीत बन गया है। सिउड़ी आर.ओ.बी. सिर्फ एक पुल नहीं, बल्कि जिले के विकास की नई राह है। सिउड़ी जिला अस्पताल से बोलपुर या कोलकाता ले जाए जा रहे मरीजों को अब देरी का सामना नहीं करना पड़ेगा और गोल्डन ऑवर सुरक्षित रहेगा। विश्वभारती विश्वविद्यालय जाने वाले छात्र अब समय पर यात्रा कर सकेंगे। सिउड़ी का प्रसिद्ध मुरब्बा और अचार अब शांतिनिकेतन के पर्यटन बाजारों तक तेजी से पहुंच सकेगा, जिससे स्थानीय व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। बेहतर कनेक्टिविटी से सिउड़ी-बोलपुर कॉरिडोर में संपत्ति मूल्यों में वृद्धि की संभावना है तथा लोगों को खुले मार्ग का सुकून मिलेगा।

**कुमरपुर आर.ओ.बी. : जीटी रोड की औद्योगिक रफ्तार**

पश्चिम बर्द्धमान का कुमरपुर आर.ओ.बी. ग्रैंड ट्रंक रोड की औद्योगिक गति को नई दिशा देगा। शहर के प्रमुख अवरोध को समाप्त कर यह पुल उद्योगों की रफ्तार को निर्बाध बनाएगा। कोयला और इस्पात ले जाने वाले भारी वाहन अब ट्रैफिक जाम से मुक्त होकर पश्चिम बंगाल और झारखंड सीमा के बीच आपूर्ति श्रृंखला को तेज बनाएंगे। इससे हजारों यात्रियों का ईंधन बचेगा और अनावश्यक प्रतीक्षा समाप्त होगी। साथ ही, पहले के खतरनाक रेल क्रॉसिंग पर दुर्घटनाओं का जोखिम भी समाप्त होगा। बराचक सहित आसपास के क्षेत्र अब आसनसोल शहर से बेहतर तरीके से जुड़ गए हैं, जिससे दैनिक यात्री, कर्मचारी और छात्र समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

**नए बंगाल की ओर मजबूत कदम**

ये दोनों परियोजनाएं सुरक्षित, सुगम और निर्बाध यातायात की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं। जोखिम भरे लेवल क्रॉसिंग की जगह आधुनिक इंजीनियरिंग समाधान अपनाकर रेल मंत्रालय ने सुनिश्चित किया है कि बीरभूम और पश्चिम बर्द्धमान की प्रगति अब बंद फाटक से बाधित नहीं होगी।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के बिहार आगमन को लेकर बैठक

**गयाजी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी गया जी विधानसभा की एक बैठक रविवार को सर्किट हाउस में हुई। बैठक में विशेष रूप से बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार भी थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी के सम्मान में पटना में समारोह ऐतिहासिक होगा। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष से लेकर जिलाध्यक्ष व पार्टी के सभी कार्यकर्ता 9 फरवरी को बापू सभागार, पटना पहुंचें। बैठक में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मांझी, जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, सुधांशु मिश्रा, महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, जिला मंत्री नीरज निश्चल समेत सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# नई रेल सेवा से पश्चिम बंगाल और झारखंड के औद्योगिक केंद्र जुड़े

## अश्विनी वैष्णव ने आसनसोल-बोकारो एम.इ.एम.यू. जीवनरेखा को दिखाई हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** पूर्वी भारत के औद्योगिक परिदृश्य में आज एक ऐतिहासिक बदलाव दर्ज हुआ, जब बहुप्रतीक्षित आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी एम.ई.एम.यू. सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया गया। डिजिटल माध्यम और जनउत्साह से भरे इस समारोह में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी भी उपस्थित रहे। समर्पित एम.ई.एम.यू. सेवा की शुरुआत के साथ ही हजारों श्रमिकों, छात्रों और छोटे व्यापारियों की वर्षों पुरानी यात्रा कठिनाइयों का अंत हो गया है, जो अब तक महंगी बसों और विलंबित एक्सप्रेस ट्रेनों पर निर्भर थे।




**औद्योगिक क्षेत्र के लिए गेम-चेंजर**

नई सेवा पश्चिम बर्द्धमान, पुरुलिया और बोकारो के बीच एक तेज, किफायती स्टील कॉरिडोर तैयार करती है। इस सेवा के प्रमुख लाभ इस प्रकार हैं : **कार्यबल को सशक्त बनाएगी:** दोनों शहरों के सेल प्रतिष्ठानों के तकनीकी कर्मचारी और श्रमिक अब प्रतिदिन सीधे और विश्वसनीय रेल संपर्क से जुड़ेंगे, जिससे औद्योगिक समन्वय मजबूत होगा।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा :** लंबी दूरी की ट्रेनों के विपरीत, एम.ई.एम.यू. छोटे मध्यवर्ती स्टेशनों पर भी ठहराव देती है, जिससे पुरुलिया और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को दोनों स्टील शहरों के बड़े बाजारों तक सस्ती पहुंच मिलेगी।

**शिक्षा की नई राह :** सैकड़ों छात्र अब राज्य सीमा पार स्थित कोचिंग सेंटरों और कॉलेजों तक प्रतिदिन आवागमन कर सकेंगे, जिससे हॉस्टल या किराए के महंगे खर्च से राहत मिलेगी।

**किफायती यात्रा :** कम लागत वाले मासिक सीजन टिकट से दैनिक मजदूरों के लिए लंबी दूरी की यात्रा आसान और सुलभ हो गई है।

**यात्रा मानकों में बड़ा बदलाव**

नई एम.ई.एम.यू. सेवा क्षेत्रीय परिवहन प्रणाली में व्यापक सुधार का प्रतीक है। पहले जहां यात्रियों को बस बदलने और ईंधन खर्च के कारण अधिक लागत उठानी पड़ती थी, वहीं अब सब्सिडी वाले मासिक टिकट यात्रा को बेहद किफायती बनाते हैं। विश्वसनीयता के मामले में भी यह सेवा सड़क जाम और मानसून के दौरान आने वाली बाधाओं से मुक्त होकर हर मौसम में तेज और समयबद्ध रेल संपर्क सुनिश्चित करती है। साथ ही, जहां पहले एक्सप्रेस ट्रेनें छोटे गांवों को नजरअंदाज करती थीं, अब यह सेवा स्थानीय स्टेशनों पर ठहराव देकर ग्रामीण पुरुलिया को बेहतर और सुरक्षित संपर्क प्रदान करती है।

**स्थानीय जीवन पर सकारात्मक प्रभाव**

इस सेवा से छोटे मध्यवर्ती स्टेशनों पर आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि की संभावना है, क्योंकि नियमित यात्रियों की संख्या बढ़ने से नए व्यवसाय और सेवाएं विकसित होंगी। मानसून के दौरान भी ट्रेन की विश्वसनीयता क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सड़क अवरोधों से प्रभावित होने से बचाएगी और लोगों को सुरक्षित, सुगम तथा नियमित यात्रा सुविधा प्रदान करेगी।

## दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

**कोंच (गया) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने रविवार दोपहर दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह कार्रवाई क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के उद्देश्य से की गई। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने दी। पहले मामले में कोंच डिह गांव निवासी विक्रम साव उर्फ हरदेव साव को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोप है कि उसने शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी। उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा गया। दूसरे मामले में सहायक उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने पुलिस बल के साथ कुइं गांव में छापेमारी कर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी विनय यादव को गिरफ्तार किया।

# गया कॉलेज के स्थापना दिवस पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गया कॉलेज के 86वें स्थापना दिवस पर रविवार को कॉलेज परिसर में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार भी शामिल हुए। विस अध्यक्ष ने कहा कि गया कॉलेज की स्थापना 1943 में हुई थी और पिछले आठ दशकों से अधिक समय से यह संस्थान शिक्षा, संस्कार और समाज निर्माण की सशक्त परंपरा का निर्वहन कर रहा है। कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का सशक्त संदेश है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। कार्यक्रम के अंत में गया कॉलेज की गौरवपूर्ण यात्रा को आगे बढ़ाने तथा शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, मंत्री अशोक चौधरी, विधान पार्षद जीवन कुमार, कुलपति शशि प्रताप शाही, प्राचार्य शशि चंद्रा आदि थे।



## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर दी गई ट्रेनिंग

**एकमा (सारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा के सभागार में स्वास्थ्य कर्मियों का बैचवार प्रशिक्षण शुरू किया गया। इस प्रशिक्षण में अंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी, आशा फैसिलिटेटर व आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सरकार के निर्देशानुसार घर-घर जाकर दवा खिलाने की प्रक्रिया, दवा की सही मात्रा, सावधानियां व रिपोर्टिंग व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि एकमा प्रखंड के लिए इस अभियान हेतु 116 डीए टीम का गठन किया गया है। प्रशिक्षण में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक वाहीद अख्तर, वीबीडी सुपरवाइजर सत्येन्द्र कुमार सिंह व सामुदायिक उत्प्रेरक द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

# बिहार में रहकर गरीबों की सेवा करना मेरा कर्तव्य : डा. ललिता

## चिकित्सा विशेषज्ञ बनी वजीरगंज की बेटी को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** वजीरगंज नगर पंचायत अंतर्गत भरेती में शनिवार को एक बेटी के चिकित्सा विशेषज्ञ बनने पर समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। भरेती निवासी सेवानिवृत स्वास्थ्यकर्मी ललन चौधरी की पुत्री ललिता कुमारी नवादा जिला के सदर अस्पताल में स्त्री रोग चिकित्सा विशेषज्ञ पद पर बहाल हुई है, जिसे विगत 7 फरवरी को मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने एक आयोजित समारोह में नियुक्ति पत्र दिया। नवादा में पदस्थापन की सूचना पर भरेती सहित उन्हें जानने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई, जिसके बाद परिजन के सहयोग से ग्रामीणों ने उसका भव्य स्वागत किया गया। ढोल-बाजे के साथ स्वागत यात्रा निकाली गई तथा पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण कर वजीरगंज की बेटी डॉ ललिता का अभिनंदन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ ललिता कुमारी ने कहा कि आम लोगों की सेवा करना मेरा परम धर्म एवं कर्तव्य है और मैं बिहार में रहकर ही देश की सेवा करना चाहती हूँ। पिता ललन चौधरी ने कहा कि मेरी छः बेटियां हैं और सभी पर मुझे गर्व है, चचेरे भाई महेश चौधरी ने कहा कि ललिता की पूरी पढ़ाई सरकारी विद्यालयों में हुई है, लेकिन वह काफी तेज तर्रार थी, जिसके बाद उसने नीट सफलता पूर्वक पास कर पढ़ाई की। वहीं पति लक्ष्मण चौधरी ने बताया कि मैं धनबाद में रेलवे कंट्रोलर पद पर कार्यरत हूँ, पढ़ाई के दरम्यान कई परेशानियां आई लेकिन एमबीबीएस करने के बाद एक अच्छा मुकाम ललिता को मिला है, जिससे हमलोग खुश हैं।



# गुरुआ के जगन्नाथपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट का मुखिया ने किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** गुरुआ प्रखंड अंतर्गत पंचायत काज के जगन्नाथपुर पखनौरिया मैदान में वार्षिक क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। खेल प्रेमी विक्रम कुमार पासवान द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन पंचायत काज के मुखिया रितेश कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। और पहला मैच शेरघाटी और नदियांन टीमों के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए नदियांन टीम ने 120 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। जवाब में शेरघाटी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 ओवर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस अवसर परकाज मुखिया रितेश कुमार सिंह ने कहा कि खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि भाईचारे और सामाजिक एकता का भी संदेश मिलता है। इतना ही नहीं खेल से मानसिक विकास की भावना को भी मजबूत करता है। जिसको बरकरार पंचायत जगरनाथपुर के युवा समाजसेवी विक्रम कुमार पासवान द्वारा खेल प्रेमी के लिए हर वर्ष आयोजित किया जाने वाला यह क्रिकेट टूर्नामेंट सामाजिक एकजुटता और आपसी भाईचारे का बेहतरीन उदाहरण है। मौके पर ख्द्रप कोचिंग के निर्देशक संजीत कुमार, डॉ मनोज कुमार, केदार यादव गौतम कुमार राहुल कुमार, अमरजीत पासवान, रामनाथ पासवान समेत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेल प्रेमी और युवा वर्ग मौजूद रहा।



# फरार आरोपित को पुलिस ने भेजा न्यायिक हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ शेरघाटी पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। इसी अभियान के तहत थाना क्षेत्र के समदा गांव निवासी इंद्रदेव चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। आरोपी काफी समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था और लगातार ठिकाने बदलकर फरारी काट रहा था। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध शेरघाटी थाना में कांड संख्या 971/22 दर्ज है। घटना के बाद से ही आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए इधर-उधर छिपता फिर रहा था, जिससे उसकी गिरफ्तारी में पुलिस को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अपने गांव समदा के आसपास देखा गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की योजना बनाई और संबंधित इलाके में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी को धर दबोचने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाना लाया गया, जहां उससे पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आवश्यक तथ्यों की पुष्टि के बाद पुलिस ने सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शेरघाटी पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# कोंच में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर तैयारी तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** फाइलेरिया मुक्त कोंच प्रखंड बनाने के उद्देश्य से 10 फरवरी 2026 से सर्वजन दवा सेवन अभियान की शुरुआत की जाएगी। इसके तहत 11 फरवरी को प्रखंड क्षेत्र में मेगा एमडीए कैंप लगाकर लक्षित लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर जिला स्तर पर मीडिया सहयोगियों के साथ संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. राजाराम प्रसाद ने बताया कि अभियान के दौरान डीईसी, अल्बेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन दवाएं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा अपने सामने खिलाई जाएंगी। दवाओं का वितरण नहीं किया जाएगा। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ये दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और सामान्य बीमारियों से ग्रसित लोग भी इसका सेवन कर सकते हैं। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. एम.ई. हक ने बताया कि कोंच प्रखंड सहित जिले के सभी प्रखंडों में अभियान चलाया जाएगा। आशा, एएनएम, सीएचओ, आंगनवाड़ी सेविकाएं एवं जीविका दीदियों की अहम भूमिका रहेगी। दवा सेवन के बाद किसी प्रकार की परेशानी होने पर रैपिड रिस्पांस टीम तैनात रहेगी। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही दवा सेवन कर फाइलेरिया उन्मूलन में सहयोग करें।

## नशे की हालत में युवक गिरफ्तार

**शिवाजीनगर।** हथौड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बल्लीपुर गांव से नशे की हालत में उत्पात मचा रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बल्लीपुर गांव निवासी हरे राम चौधरी के पुत्र विकास कुमार चौधरी के रूप में की गई है हथौड़ी थाना के अपर थानाध्यक्ष मुखराम सिंह ने बताया कि उक्त युवक के विरुद्ध हथौड़ी थाना कांड संख्या 170/2026 दर्ज की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि विकास कुमार चौधरी को नशे की हालत में गांव में हंगामा करते हुए पकड़ा गया। बताया गया कि यह युवक दूसरी बार नशे की हालत में पकड़ा गया है।

# प्राथमिक विद्यालय सिमरहुआ में खेल मैदान का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के आंती पंचायत अंतर्गत ग्राम सिमरहुआ स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में छात्रों के लिए बनाए गए खेल मैदान का उद्घाटन पंचायत की मुखिया सुनीता कुमारी ने किया। यह मैदान बिहार सरकार द्वारा संचालित खेलो इंडियाऽमनरेगा योजना के तहत विकसित किया गया है, जिसमें वॉलीबॉल, फुटबॉल सहित अन्य खेलों के लिए उपयुक्त सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उद्घाटन के बाद मुखिया सुनीता कुमारी ने खेल मैदान को विद्यालय की प्रधानाचार्य किरण कुमारी को जिम्मेवारी पूर्वक सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेलकूद अत्यंत आवश्यक है, जिससे बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होता है। कार्यक्रम में पीआरएस शंभू कुमार, पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार, पीटीए अध्यक्ष राकेश कुमार, अशोक यादव, सुजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अभिभावक



CMYK

संपादकीय

# ये अच्छे संकेत नहीं

इस सप्ताह देश की राजधानी दिल्ली में दो ऐसी अभूतपूर्व घटनाएं घटीं जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं कही जा सकतीं। समझ बूझ से इन्हें टाला जा सकता था। पहला है संसद के बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का लोकसभा में बिना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के पारित होना और दूसरी है पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर राज्य की मुख्यमंत्री द्वारा सुप्रीम कोर्ट में खुद पेश होकर की गई पैरवी। लोकसभा में पहले स्पीकर और भाजपा सांसदों ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को चीन के मुद्दे पर बोलने से रोका तो बदले में कांग्रेस और विपक्ष ने प्रधानमंत्री को सदन में बोलने नहीं दिया। प्रधानमंत्री की कुर्सी को विपक्षी महिला सांसदों ने घेर कर नारेबाजी की। इतना हंगामा हुआ कि पीएम बोल नहीं सके। राहुल को न बोलने का बदला विपक्ष ने इस तरह से लिया। हालांकि बाद में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस घटनाक्रम को लेकर जो बयान दिया, वह 'आफ्टर थॉट' ज्यादा लगा। उन्होंने कहा कि मैंने ही पीएम को सदन में आने से मना किया था। क्योंकि उनके साथ कुछ भी 'अप्रत्याशित' घट सकता था। स्पीकर ने यह बात किस आधार पर कही, यह साफ नहीं है। बेशक महिला सांसदों ने पीएम का अघोषित घेराव किया, उनके हाथों में प्लेकार्ड भी थे। लेकिन वो प्रधानमंत्री पर किसी तरह हमला करना चाहती थीं, यह मानना मुश्किल है। लोकसभा में राहुल प्रकरण को लेकर चार दिन तक हंगामा चला और धन्यवाद प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं हो सकी। लोकसभा में यह प्रस्ताव बगैर चर्चा के ध्वनिमत से ही पारित हो गया। यह अपने आप में असाधारण स्थिति है। भाजपा ने इसके लिए विपक्ष को ही जिम्मेदार ठहराया है। बाद में प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में लंबा जवाब देकर राहुल गांधी और गांधी नेहरू परिवार को घेरा। उन्होंने यहां तक कहा कि इस परिवार ने एक गुजराती सरनेम भी चुरा लिया है। उन्होंने कांग्रेस द्वारा लगाए गए नारे 'मोदी तेरी कबर खुदेगी' को भी खूब भुनाया और जमकर हमले किए। दरअसल पीएम का जवाब परंपरानुसार लोकसभा में ही होना चाहिए था। क्योंकि वह सीधे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का मंदिर है। लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आपसी कड़वाहट से यह परंपरा टूटी है, जो अच्छा लक्षण नहीं है। हालांकि कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भाजपा को याद दिलाया कि यह कोई पहली बार नहीं है। 19 जून 2004 को तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह भी धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब नहीं दे पाए थे क्योंकि उन्हें जवाब देने से रोका गया था। यही बीजेपी का ट्रैक रिकॉर्ड है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारतीय संसद के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि प्रधानमंत्री को घेरकर जबरन बोलने से रोका गया हो और अध्यक्ष को उन्हें न आने के लिए कहना पड़ा हो। कुछ राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि विपक्ष के सवालों से बचने के लिए लोकसभा स्पीकर ने यह रास्ता निकाला। वैसे स्पीकर चाहते तो राहुल को बोलने दे सकते थे और बाद में उसे सदन की कार्यवाही से हटा भी सकते थे। उधर पश्चिम बंगाल की जुझारू मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने एसआईआर के मुद्दे को नई राजनीतिक धार देते हुए खुद सुप्रीम कोर्ट में जाकर पैरवी की। हालांकि भाजपा ने इसे नौटंकी बताया। ममता ने कोर्ट में कहा कि जिन एक करोड़ 20 लाख वोटर्स के नामों में गड़बड़ी का संदेह जताया गया है, उनकी लिस्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने केवल ममता की बात सुनी और चुनाव आयोग को जवाब देने का नोटिस दिया। लेकिन इस ड्रामेबाजी से ममता एसआईआर पीड़ितों की नजर में प्रतिनिधि नेत्री जरूर बन गई हैं।

# भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौताः निर्णायक कदम



**डॉ. रुणा आनंद**

वर्तमान समय में वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। विश्व व्यवस्था में शक्ति संतुलन लगातार बदल रहा है और आर्थिक कूटनीति अंतरराष्ट्रीय संबंधों का सबसे प्रभावशाली माध्यम बन चुकी है। ऐसे समय में भारत और यूरोपीय संघ (ई यु ) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटी ए) केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक कदम माना जा रहा है। वर्ष 2026 में इस समझौते की दिशा में हुई प्रगति ने अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग को नई दिशा प्रदान की है। इसे 'सभी समझौतों की जननी' कहा जाना इस तथ्य को दर्शाता है कि यह लगभग दो दशकों से चल रहे कूटनीतिक और आर्थिक प्रयासों का परिणाम है।

वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अमेरिका द्वारा अपनाई जा रही संरक्षणवादी नीतियों और व्यापार प्रतिबंधों ने विश्व व्यापार संतुलन को चुनौती दी है। अमेरिका की विदेश नीति में अति राष्ट्रवाद, आर्थिक अलगाववाद और वैश्विक ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण स्थापित करने की प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई देती रही है। इन नीतियों के कारण कई देशों को वैकल्पिक आर्थिक साझेदारियों की तलाश करनी पड़ी है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच बढ़ता सहयोग इसी परिवर्तनशील वैश्विक व्यवस्था का परिणाम है, जो बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर संकेत करता है।

यूरोपीय संघ के गठन के बाद से भारत के साथ उसके संबंध सामान्यतः सहयोगात्मक रहे हैं। दोनों पक्ष लोकतांत्रिक मूल्यों, मानवाधिकारों और नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था में विश्वास रखते हैं। हालांकि शुरुआती वर्षों में यूरोपीय संघ का व्यापार चीन और अमेरिका के साथ अधिक केंद्रित रहा, लेकिन भारत की आर्थिक उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीति ने इस स्थिति को धीरे-धीरे बदल दिया। भारत ने अपने आर्थिक सुधारों के माध्यम से विदेशी निवेश और व्यापार को बढ़ावा दिया, जिससे यूरोपीय संघ के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत हुए।

कोरोना महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को गंभीर रूप से प्रभावित किया। इस संकट के बाद यूरोपीय देशों का चीन पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर विश्वास कम हुआ। साथ ही चीन में मानवाधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर उठते प्रश्नों ने भी यूरोपीय संघ को वैकल्पिक साझेदारों की तलाश के लिए प्रेरित किया। भारत ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए यूरोपीय संघ के साथ आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत किया। वर्ष 2022 में व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद की पुनः स्थापना ने दोनों पक्षों के बीच संबंधों को नई गति प्रदान की।

आज भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और विश्व का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनकर उभरा है। भारत ने अपनी संतुलित आर्थिक कूटनीति और बहुपक्षीय मंचों जैसे ब्रिक्स के माध्यम से वैश्विक व्यापार में नई पहचान स्थापित की है। अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क और वैश्विक आर्थिक दबावों के बावजूद भारत ने वैकल्पिक व्यापारिक साझेदारियों को विकसित कर अपनी आर्थिक स्थिरता बनाए रखी है। यही कारण है कि यूरोपीय संघ भारत को एक विश्वसनीय और दीर्घकालिक आर्थिक साझेदार के रूप में देख रहा है।

नई दिल्ली में आयोजित 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति दोनों पक्षों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। वर्तमान में भारत और यूरोपीय संघ के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 136 अरब डॉलर तक पहुँच चुका है। यह समझौता यूरोप के लिए चीन और अमेरिका पर निर्भरता कम करने में सहायक सिद्ध होगा, जबकि भारत के लिए यह विश्व के सबसे बड़े एकल बाजार तक सहज पहुँच सुनिश्चित करेगा। यह समझौता वैश्विक आर्थिक स्थिरता और संतुलन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

यह मुक्त व्यापार समझौता वस्तुओं पर शुल्क समाप्त करने या कम करने, सेवा क्षेत्र में व्यापार को उदार बनाने तथा निवेश प्रवाह को बढ़ाने पर केंद्रित है। भारत और यूरोपीय संघ मिलकर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 25 प्रतिशत तथा विश्व व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा नियंत्रित करते हैं। इस समझौते का लक्ष्य वर्ष 2032 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है। इससे न केवल दोनों क्षेत्रों की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को भी स्थिरता प्राप्त होगी।

समझौते के तहत यूरोपीय संघ भारत के 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात को शुल्क मुक्त पहुँच प्रदान करेगा। इससे भारतीय उद्योगों, विशेष रूप से श्रम प्रधान क्षेत्रों को अत्यधिक लाभ मिलने की संभावना है। वस्त्र, परिधान, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण तथा समुद्री उत्पाद जैसे क्षेत्रों में निर्यात वृद्धि से रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। दूसरी ओर भारत चरणबद्ध तरीके से यूरोपीय संघ के लगभग 92 से 97 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क समाप्त करेगा, जिससे भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध होंगे।

इस समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि भारत ने अपने संवेदनशील क्षेत्रों जैसे डेयरी, कृषि और पशुपालन को सुरक्षित रखने में सफलता प्राप्त की है। यह भारत की संतुलित और दूरदर्शी आर्थिक नीति को दर्शाता है। भारत ने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए वैश्विक व्यापारिक साझेदारी को संतुलित रूप से आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। यह निर्णय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि क्षेत्र की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

यूरोपीय संघ की लग्जरी कारों जैसे मर्सिडीज और बीएमडब्ल्यू को भारतीय बाजार में कम शुल्क पर प्रवेश मिलने की संभावना है। इससे भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे तकनीकी उन्नति और गुणवत्ता सुधार को बढ़ावा मिल सकता है। हालांकि इसके साथ ही घरेलू उद्योगों के सामने प्रतिस्पर्धा की चुनौती भी बढ़ेगी, जिसके लिए भारत को अपनी औद्योगिक नीतियों को और अधिक सुदृढ़ बनाना होगा।

यह समझौता केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक राजनीतिक संतुलन को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है। भारत और यूरोपीय संघ की साझेदारी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। यह समझौता नियम-आधारित वैश्विक व्यापार व्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई दिशा देगा।

अंततः यह कहा जा सकता है कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। यह समझौता दोनों पक्षों के लिए दीर्घकालिक आर्थिक विकास, स्थिरता और पारस्परिक सहयोग के नए अवसर प्रदान करेगा। भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह साझेदारी भविष्य में वैश्विक आर्थिक नेतृत्व के नए आयाम स्थापित कर सकती है और एक संतुलित तथा स्थायी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

**(डॉ. रुणा आनंद राजनीति विज्ञान विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर बी.डी. कॉलेज, पटना में कार्यरत हैं, जो पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना से संबद्ध है और अंतरराष्ट्रीय संबंध, वैश्विक राजनीति, आर्थिक कूटनीति तथा समकालीन राजनीतिक विषयों पर शोध एवं लेखन में विशेष रुचि रखती हैं।)**

# भारत -यूरोपीय संघ समझौता : आर्थिक संबंधों की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि



**डॉ मणिकांत झा**

वर्तमान वैश्विक परिवेश में नित नए हो रहे हलचल के बीच अर्थव्यवस्था में संरक्षणवाद,भू राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला में अस्थिरता तेजी से हावी हो रही है। ऐसी स्थिति में भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौता आर्थिक संबंधों की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है ।समझौते के तहत दोनों पक्षों ने 95 फीसदी व्यापार को मुक्त व्यापार के दायरे में लाकर विश्व व्यापार में एक नया इतिहास कायम कर दिया है। यूरोपीय संघ ने जहां अपने सभी 155 सब सेक्टर में से 144 को भारत के लिए मुक्त कर दिया ,वहीं भारत ने भी अपने 102 सब सेक्टर को यूरोपीय संघ के लिए खोल दिया है ।इसलिए भी इसे व्यापक व्यापार समझौते के मानक से देखा जा रहा है क्योंकि यूरोपीय संघ वैश्विक जीडीपी का 25 फीसदी और वैश्विक व्यापार का 33 फीसदी हिस्सा संभालता है। बाजार तक पहुंच को विस्तृत करना, व्यापारिक बाधाओ को दूर करना और दोनों पक्षों के व्यवसाययों को स्थिर व दीर्घकालिक नियामक ढांचा प्रदान करना ही समझौते का प्रमुख उद्देश्य है। इससे छोटे एवं मध्यम उद्यमियों के लिए भी बड़े लाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं ।भारतीय वस्तु एवं सेवाओं के लिए विश्व के सबसे बड़े आर्थिक समूहों में से एक में बाजार पहुंच को बढ़ाने वाला है वहीं इससे टैरिफ एवं गैर टैरिफ की बाधाओं का भी अंत होगा साथ ही टेक्नोलॉजी और नवाचार का भी आदान-प्रदान संभव हो सकेगा। इतना ही नहीं यूरोपीय संघ को भारतीय निर्यात के 99% से अधिक सामानों पर तरजीही पहुंच मिलना भी भारतीय उद्योगों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है ।

भारत और यूरोपीय संघ दोनों पक्षों के वर्तमान व्यापारिक परिदृश्य को देखने से यह स्पष्ट होता है कि भारत का यूरोपीय संघ के साथ ट्रेड सरप्लस की स्थिति बनी हुई है। आंकड़े बताते हैं कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह लगभग 15 अरब डॉलर का था ।भारत ने 75.9 अरब डॉलर का निर्यात किया जबकि आयात 60.7 अरब डॉलर का रहा वहीं भारत और यूरोपीयसंघ का संयुक्त व्यापार करीब 2091.6 लाख करोड रुपए यानी 24 ट्रिलियन डॉलर का है। इस दोनों क्षेत्रों के करीब दो अरब लोगोंके लिए व्यापार और नवाचार के अवसर खुलेंगे ।इस तरह मुक्त व्यापार समझौता से दोनों पक्षों के आर्थिक संबंध जहां मजबूत होंगे वहीं रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। फलस्वरूप दोनों पक्षों के भविष्य को नई दिशा मिलना भी तय माना जा रहा है।

गौरतलब है कि पिछले दो दशक से लंबी बातचीत के बाद ही यह समझौता अपना पूर्ण रूप प्राप्त कर सका है ।ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को परखें तो भारत और यूरोपीय संघ के बीच कूटनीतिक संबंध 1962 से स्थापित हुए थे। 2007 में दोनों पक्षों ने एक एग्रीमेंट के तहत मुक्त व्यापार समझौता पर वार्ता शुरू की थी बाद में कृषि ,ऑटोमोबाइल, बौद्धिक संपदा अधिकार जैसी कुछ मुद्दों पर मतभेद के कारण वार्ता ठप हो गई। फिर कोविड महामारी, रूस यूक्रेन युद्ध और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला संकट के बढ़ते प्रभाव के कारण एक बार फिर 2022 में बातचीत शुरू हुई और 2026 में यह वार्ता मुर्त रूप लेकर सामने है।

भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप ही इस समझौता को माना जा रहा है। यहां तक कहां जा रहा है कि प्रधानमंत्री के इस परिकल्पना को मूर्त रूप देने में इस समझौता की बड़ी भूमिका साबित हो सकती है। यह केवल व्यापारिक समझौता ही नहीं वरन रणनीतिक साझेदारी भी है जो वैश्विक व्यापार में भारत के नेतृत्व के मार्ग को प्रशस्त करता है।

वास्तव में टैरिफ कटौती से कहीं आगे का मार्ग प्रशस्त करने में इस समझौता की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। विकास की संभावनाओं की बात करें तो विशेष कर सूचना प्रौद्योगिकी और व्यावसायिक सेवाओं में भारत की ताकत को नई उड़ान देगा, वहीं यूरोपीय निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित करेगा ऐसी प्रबल संभावना है।

जो भी हो इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि भारत यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता काफी महत्वपूर्ण है पर अमेरिका के साथ ट्रेड डील के विकल्प के रूप में इसे कभी भी नहीं माना जा सकता क्योंकि भारत को अमेरिका के साथ ट्रेड डील की सख्त आवश्यकता है। यह इससे भी साफ होता है कि भारत को अमेरिका के साथ करीब 45 अरब डॉलर का ट्रेड सरप्लस है जबकि यूरोपीय संघ के साथ यह सिर्फ 25डालर है। दूसरी ओर वर्तमान परिवेश में भारत को अपने रणनीतिक एवं सामरिक समायोजन भी करने होंगे । इसके लिए भारत को अपने आंतरिक मोर्चे को मजबूत बनाते हुए चीन के विरुद्ध चतुराई से रणनीतिक रचना करनी होगी। जिसके लिए अमेरिका के साथ रणनीतिक व व्यापारिक साझेदारी विशेष लाभकारी साबित हो सकता है।

निसंदेह भारत यूरोपीय संघ समझौता एक ऐतिहासिक समझौता है, जिसमें दोनों पक्षों के परस्पर हित निहित हैं। बावजूद इसके इसे लागू करने तक कई चुनौतियां भी हैं जिसे भारत को सामना करना होगा। भारत का निर्यात दोगुना होगा पर भारत को व्यापार समझौते के रेगुलेटरी स्टैंडर्ड के साथ समायोजन करने की भी जरूरत पड़ेगी साथ ही डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को भी अत्यधिक बनाना होगा क्योंकि यूरोपीय संघ दुनिया का सबसे बड़ा रेगुलेटरी मार्केट है। इतना ही नहीं भारत को तकनीकी उत्पादकता और गुणवत्ता बेहतर करने के लिए अतिरिक्त निवेश भी करना पड़ सकता है।अंततः भारत यूरोपीय संघ समझौता वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा वही दोनों पक्षों के आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी इसकी पूरी संभावना दिख रही है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं )**

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक महिला के रूप में और लगातार नौ बजट पेश करके रिकॉर्ड बनाया है। हमारे आपके लिए महत्वपूर्ण यह है कि उनके द्वारा प्रस्तुत बजट भारत के सभी समूहों की आकांक्षाओं, आंतरिक और बाह्य चुनौतियों व आवश्यकताओं, राजनीतिक मांग एवं नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा देश के घोषित आर्थिक विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा है या नहीं? पिछले कुछ समय से उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल में भारत को अपनी विकास गति बनाए रखने के साथ नए वैश्विक साझेदारी,निर्यात बाजार आदि विकसित करने तथा घरेलू उत्पादकों को नीतियों और प्रोत्साहन से समर्थन देने तथा सबके साथ समाज के निचले तबके से लेकर हर समूह की चाहत के बीच सामंजस्य बिठाने की चुनौती है।**

# 12 साल से आर्थिक विकास की दिशा में कर रहे हैं काम

**अवधेश कुमार**

आर्थिक सर्वेक्षण में साफ कहा गया था कि वैश्विक उथल-पुथल जल्दी समाप्त नहीं होने वाला इसलिए भारत को मैराथन एवं स्प्रिंट दोनों दौड़ लगाने की आवश्यकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 53.47 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट पेश कर यह संदेश दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार इन चुनौतियों और संकटों को अवसर में बदलने की दृष्टि से काम कर रही है। कोई लोक लुभावन घोषणा नहीं पूरा फोकस इस बात पर कि इस उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के दौर में देश की अर्थव्यवस्था सुरक्षित, मजबूत और स्थिर होने के साथ विस्तारित भी हो, विश्व व्यापार के अनुरूप पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण उत्पादन हो, किशोर और युवा वर्ग को भारत राष्ट्र के लक्ष्य और रोजगार दिलाने के अनुरुप शिक्षा, रोजगार के अवसर के साथ समाज के सभी समूह के लोगों का जीवन सुरक्षित हो सहज हो तथा आवश्यक सेवाएं सहायक उपलब्ध हों ...। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में तीन कर्तव्य के नाम पर लक्ष्य और बजट की सैद्धांतिक आधारभूमि स्पष्ट कर दिया। पहला, उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने तथा वैश्विक उथल-पुथल के परिदृश्य में लचीलापन लाकर आर्थिक विकास को तेज करना और उसकी गति बनाए रखना। दूसरा, भारत की समृद्धि के पथ में सशक्त साझेदार बनाने के लिए लोगों की आकांक्षाएं पूरी करना और उनकी क्षमता बढ़ाना। तथा तीसरा, सरकार की सबका साथ, सबका विकास के दृष्टिकोण के अनुकूल- यह सुनिश्चित करना कि सार्थक भागीदारी के लिए प्रत्येक परिवार, समुदाय और क्षेत्र की संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच उपलब्ध हो। प्रधानमंत्री ने स्वयं अपने भाषणों में व्यापक सुधारो का संकेत दिया था। वित्त मंत्री ने कहा कि हम 12 साल से आर्थिक विकास की दिशा में काम कर रहे हैं और आर्थिक सुधार की गाड़ी सही रास्ते पर है, 350 से अधिक सुधार किए हैं और अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए इसकी गति बनाए रखनी पड़ेगी। उन्होंने आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए सात क्षेत्रों में पहल शुरू करने का प्रस्ताव रखा- रणनीतिक और अग्रणी क्षेत्रों में विनिर्माण को तेज करना। दो, विरासत के औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना। तीन, चैंपियन एमएसएमई का निर्माण करना। चार, आधारभूत संरचना को सशक्त प्रोत्साहन प्रदान करना। पांच, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करना। सात, शहरों में आर्थिक क्षेत्र विकसित करना...। आप देखेंगे कि अपनी सैद्धांतिक आधारों और इन प्रक्रियाओं की दृष्टि से बजट में व्यवहारिक साहसिक और विजनरी घोषणायें हैं।

तमाम उथल-पुथल के बीच नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा अपने राजकोषीय अनुशासन को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। घोषित लक्ष्यों के अनुरुप राजकोषीय घाटा 4.4% तक सीमित रखना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इसीलिए इस वर्ष के लिए 4.3% का लक्ष्य घोषित किया गया है। कर राजस्व में थोड़ी कमी है लेकिन ऐसी नहीं जिससे योजनाओं की दृष्टि से आवंटन में समस्याएं आयें। पूंजीगत खर्च जो मुख्ता आधारभूत संरचना पर खर्च होता है के लिए 12 लाख 20 करोड़ का आवंटन सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है। यह कुल बजट का लगभग 23% है। यूपीए सरकार में कभी भी पूंजीगत ब्याज 7-8% से ज्यादा नहीं गया। यहीं पर सरकार की विचारधारा नीति और दुर्गा में सोच स्पष्ट होता है कि आपका सबसे ज्यादा फोकस किस बात पर है। यानी भारत को हर क्षेत्र में कृषि से लेकर कुटीर उद्योग, ग्रामीण उद्योग, कपड़ा, हस्तकरघा, वाहन, यातायात, सूचना तकनीक.... सभी क्षेत्र की आधारसंरचना इतनी सशक्त और विकास के अनुकूल बना दिया जाए कि आने वाले वर्षों तक इन पर आर्थिक गतिविधियां खिलखिलाती मुस्कुराती तेज गति से बढ़ती रहे।

कुछ और पहलुओं पर नजर दौड़ायें । विनिर्माण, सेवा और कृषि हमारी अर्थव्यवस्था और विकास के मूलाधार हैं। कुशल और दक्ष युवा वर्ग तैयार करना भारत का बड़ा लक्ष्य है,क्योंकि जब हम यूरोपीय संघ और अन्य देशों से मोबिलिटी समझौता करते हैं तो काम करने वालों के क्षेत्र का भौगोलिक विस्तार हो जाता है। बजट में शिक्षा से रोजगार और उद्यमिता के नाम से एक स्थायी उच्चाधिकार समिति का गठन होगा जो सेवा क्षेत्र को विकसित भारत का मुख्य चालाक बनने के लिए आवश्यक उपायों की अनुशंसा करेगा। 2047 तक भारत का सेवा क्षेत्र में वैश्विक हिस्सा 10 प्रतिशत तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निश्चित है। यह स्थायी समिति वृद्धि, रोजगार और निर्यात की संभावनाओं को अधिकतम करने वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देगी। आप सोचिए दुनिया भर का जो सेवा क्षेत्र है उसमें हमारा योगदान कम से कम एक दही हो इसकी दृष्टि से ही नहीं भारत दूसरे छात्रों में भी भारत और विश्व की आवश्यकताओं के अनुकूल कुशल कार्यबल तैयार करने का एक स्थायी ढांचा तैयार किया जा रहा है ।उभरती तकनीकों, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, का नौकरियों और स्किल पर प्रभाव आंकेगी और आवश्यक नीतिगत उपाय सुझाएगी। स्वास्थ्य पेशेवर बनाने वाले संस्थानों को अपग्रेड किया जाएगा जिसमें रेडियोलॉजी, एनेस्थीशिया जैसे क्षेत्रों पर फोकस होगा। अगले पांच वर्ष में एक लाख एएचपी जोड़े जाएंगे तो 1.5 लाख केयर गिवर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा।इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी, मुम्बई को 15 हजार माध्यमिक विद्यालयों और पांच सौ महाविद्यालयों में ए.वी.जी.सी. कंटेंट क्रिएटर लैब (सी.सी.एल.) स्थापित करने में सहायता प्रदान किया जाएगा। आधुनिक समय में औरेंज इकोनामी दृष्टि से स्टोरी टेलिंग को क्रिएटिव आर्ट से मिलाने व गेमिंग, एनीमेशन आदि क्षेत्र का स्किल विकसित किया जाएगा। वैश्विक बायोफॉर्मा निर्माण केन्द्र के रूप में भारत को विकसित करने के लिए कुल 10,000 करोड़ रुपये से बायोफॉर्मा शक्ति की शुरुआत हो रही है जो बायोलॉजिक और बायोसिमिलरों के घरेलू उत्पादन के लिए अगले पांच वर्षों में इको-सिस्टम का निर्माण करेगी। इसकी रणनीति में तीन नए राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर) और सात वर्तमान संस्थानों के उन्नयन के साथ बायोफॉर्मा पर केन्द्रित नेटवर्क बनाया जाएगा। यह 1000 मान्यता प्राप्त भारत क्लिनिक जांच स्थलों के एक नेटवर्क का निर्माण करेगा। सेमीकंडक्टर और एआई क्षेत्र में देर से आने के बावजूद अग्रणी देश बनने की दृष्टि से महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। रेयर अर्थ मिनिरल्स अन्य दुर्लभ खनिज संसाधन की संपूर्ण दुनिया में मांग है और चीन 94% बाजार पर हिस्सा रखता है। हमें भी जब चाहता है तभी देता है । घरेलू कैपिटल-गुड्स क्षमताएं बनाने और एक स्वतंत्र आपूर्ति श्रृंखला खड़ा करने का लक्ष्य बनाया गया है। इसके लिए ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल जैसे खनिज-समृद्ध राज्यों में दुर्लभ पृथ्वी संसाधनों की खोज, खुदाई और संसाधन की श्रृंखला बनेगी। थल, जल और नभ यातायात में भारत वैसे ही दुनिया के अनेक देशों को पीछे छोड़ चुका है। एक बड़ा फोकस इस समय जल यातायात है। पर्यावरण रूप से टिकाऊ आवाजाही को बढ़ावा देने के लिए पूर्वी भारत में डानकूनी से पश्चिमी भारत के सूरत को जोड़ने के लिए नए समर्पित माल गलियारे, पांच वर्षों में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्गों (एनडब्ल्यू) का संचालन, जलमार्गों और तटीय पोत परिहवन की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2047 तक 12 प्रतिशत करने के लिए तटीय कार्गोनन, सात उच्च-गति रेल कॉरीडोर विकसित करना, सी-प्लेन के स्वदेशी निर्माण के लिए प्रोत्साहन के लिए योजना आदि। इनके साकार होने के बाद कल्पना करिए कि भारत विश्व स्तरीय यातायात में कहां खड़ा होगा ।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

कार्यक्षेत्र में आपके रचनात्मक विचारों की लोग प्रशंसा करेंगे। किसी भी प्रकार के व्यसन व बुरी आदतों से दूर रहें। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृषभ**

परिवार के साथ समय अवश्य बितायें। आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। किसी काम को करने में जल्दबाजी न करें।

**मिथुन**

आज आपको व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। अनावश्यक खर्चों पर नियन्त्रण पा लेंगे। आप कुछ नयी स्किल्स पर काम कर सकते हैं।

**कर्क**

अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। नौकरी में पदोन्नति मिलने की सम्भावना है। प्रशासन से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है।

**सिंह**

कार्यक्षेत्र में आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे। परिवार के साथ उत्तम समय बितायेंगे। अपनी कार्यशैली में सार्थक परिवर्तन ला सकते हैं।

**कन्या**

आज का दिन आपको काफी परेशान कर सकता है। मित्रों के साथ झगड़ा हो सकता है। अपने खानपान को लेकर सावधानी रखें।

**तुला**

सम्पत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। आपको शरीर को काफी आराम देने की आवश्यकता है। लोग आपकी बातों से अत्यन्त प्रभावित रहेंगे।

**वृश्चिक**

कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपको पिता के साथ अच्छे सम्बन्ध रखने चाहिये। अपने काम की गुणवत्ता में सुधार करना पड़ेगा।

**धनु**

आज अपने प्रेमी से दिल की बात कह सकते हैं। यदि आप नौकरी बदलना चाह रहे हैं तो यह दिन बहुत ही अच्छा है। उच्च अधिकारियों से आपके सम्बन्ध अच्छे रहेंगे।

**मकर**

आपके विचारों में नकारात्मकता स्थान ले सकती है। सेहत में थोड़ी खराबी आने की आशंका है। अपनी गलतियों को लेकर पछतावा हो सकता है। पेटदर्द और गैस की समस्या हो सकती है।

**कुंभ**

कार्यक्षेत्र में काफी दिनों से रुके हुये काम पूरे हो सकते हैं। बुद्धिजीवी लोगों का मार्गदर्शन लेने का अवसर प्राप्त होगा। आज आप अपने कार्यों को तय समय पर पूर्ण कर लेंगे।

**मीन**

रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में धन लाभ होगा। नया रोजगार मिल सकता है। शत्रुओं से मुक्ति मिलेगी। पुराना ऋण चुकाने के लिये दिन अनुकूल है।

## संक्षिप्त समाचार

### 21 बोतल विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली पर्व को लेकर एक्साईज पुलिस इन दोनों अलर्ट मोड में है और लगातार छापेमारी और जांच अभियान शुरू कर दिया गया हैं। ऐसे में गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापन करते हुए गया से आ रही एक पैसेंजर ट्रेन से तिनेरी हॉल्ट हाल के पास उतरकर जा रहे दो शराब सप्लायर को रंगे हाथ शराब के साथ दबोचा है। जिसके पास से विभिन्न कंपनियों के 21बोतल विदेशी शराब जप्त की गई है।गिरफ्तार शराब सप्लायर झारखंड से ट्रेनों के जरिए पिठू बैग में शराब की बोतले रखकर धनरूआ जा रहे थे। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि जैसे ही सूचना मिली तो नदौल चौकी के पुलिस से तिनेरी हॉल्ट के पास घेराबंदी कर उसे रंगे हाथ दबोच लिया है, यह शराब धनरूआ लेकर जा रहे थे, गिरफ्तार शराब सप्लायरों में राहुल कुमार पिता संजय प्रसाद दीपकुला धनरूआ, जबकि दूसरा धनंजय कुमार पिता धर्मदेव प्रसाद गंगाचक मालिकाना मसौढी का रहने वाला है। जप्त की गई शराब में 10 बोतल रॉयल स्टैग और 11 बोतल ब्लेंडर प्राइड कंपनी की है। पुलिस गिरफ्तार शराब सप्लायरों से पूछताछ कर रही है।



### लहसुना पुलिस ने छापेमारी कर 50 किलो गांजे के पौधे को किया नष्ट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान रविवार को लहसुना थाने की पुलिस ने चाननपुर गांव में सघन छापेमारी करते हुए 50 किलो गांजा के पेड़ को नष्ट किया है। दरअसल बताया जाता है कि शराबबंदी के बाद अब विभिन्न गांव में लोग नशे का सेवन करने के लिए अब कई लोग या तो अपने घर के आंगन में गांजा का पेड़ लगा रहे हैं तो कई लोग अपने खेत खलिहान और आहार पाईन के किनारे लगा रहे हैं। ताकि उससे होने वाले गांजे से नशा कर सके, या फिर उसे बिक्री कर सके। ऐसे में वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर विभिन्न थानों की पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चलाकर इसकी बिक्री एवं खेती को लेकर सभी थानों के पुलिस इन दोनों छापेमारी कर रही है। ऐसे में रविवार को लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून के नेतृत्व में टीम गठित करते हुए चाननपुर गांव में गांजे के हरे पौधे को नष्ट किया गया है। जिसका वजन तकरीबन 50 किलो बताया जाता है। थानाध्यक्ष ने बताया की लगातार कई दिनों से हरे गांजे के पेड़ की सूचना मिल रही थी। इस सूचना को सत्यापन करते हुए टीम गठित कर छापेमारी की गई है।



### केजीएन फर्नीचर हाउस में चोरी, 60 हजार नकद समेत 1 लाख 35 हजार की हुई चोरी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिसिया पहरा को धता बताते हुए धनरूआ थाना क्षेत्र के बिरंचि मोड़ के पास हिंदुस्तान पेट्रोल के ठीक सामने केजीएन फर्नीचर हाउस से चोरों ने 60 हजार नगद समेत कई सामानों की चोरी कर ली है। जहां तकरीबन 1 लाख 35 हजार की चोरी बताया जा रहा है। इस मामले में केजीएन फर्नीचर हाउस के मलिक मो. जाहिद हुसैन पिता मो. फिदा हुसैन कैलूचक निवासी ने बताया कि बीते रात को मेंन गेट से दरवाजे को खींच करके कोई चोर घुस आया है और हमारे पैसे वाले गल्ला में रखे हुए 60 हजार नगदी एवं कई सामान चोरी कर भाग गया है। चोरी किए गए सामानों में इंडक्शन फिल्टर 18 पीस, गिफ्ट टिकप 16 पीस, गोल्ड नोज पीस 22 पीस के अलावा लॉकर में रखे हुए 60 हजार नगद की चोरी कर ली है। सूचना मिलती ही मौके पर डायल 112 की पुलिस सुबह पहुंची और पूरे मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि पुलिस ने बताया कि देर रात तक हमारी पेट्रोलिंग गाडी रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में थी तो ऐसे में सवाल अपना लाजमी है कि पुलिस के रहते चोरों ने कैसे आसानी से चोरी कर हाथ साफ कर लिया है। बहरहाल पुलिस फर्नीचर हाउस मे लगे सीसीटीवी फूटेज खंगालने मे जुटी है।



### संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आयोजित होगा हिन्दू सम्मेलन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुलाबबाग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित की गई बैठक। बैठक में श्री जयदेव महाराज ने कहां की बाढ जिला के सभी बस्ती एवं मंडल में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा, उन्होंने कहा की हिन्दू राष्ट्र संघ की आत्मा है, हर वह व्यक्ति जो भारत के धार्मिक स्थल, महापुरुषों ,नदिया गौ माता और इस देश को माँ के रुप मे पूजता है वो हिन्दू है, भले ही उसका स्वरूप या पूजा पद्धति अलग ही क्यों ना हो । इस हिन्दू सम्मेलन के निमित संचालन समिति की घोषणा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सहसंचालक अश्वनी कुमार ने किया अध्यक्ष के रूप में गजेंद्र दास महाराज (महंथ जलगोविंद मठ) सचिव तरुण चौबे एवं सह सचिव शुभम सिंह , कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय ,प्रचार प्रसार प्रमुख गौतम कुमार एवं इसके साथ साथ बाढ़ नगर संगरक्षक पंकज शर्मा , साध्वी ज्योति दीदी (ब्रह्मकुमारी ), नागा बाबा ( शनि धाम ) के रूप में घोषणा की गई एवं पूरे बाढ़ जिला में 140 हिन्दू सम्मेलन की योजना बनाई गयी । इस बैठक में सैकड़ो स्वयंसेवक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



### मदरसा तकिया जमालशाह में सालाना जलसा एवं दस्तारबंदी का आयोजन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खानकाह कादरिया चिश्तिया नेजामिया शाह टोली दानापुर की सबसे बड़ी खानकाह से संचालित जानीब से चल रहा मदरसा यासीनिया हुसैनिया तकिया जमाल शाह में रविवार को मदरसा में सालाना जलसा का आयोजन किया गया। इस दौरान पाक किताब कुरान ने शरीफ को पूरा याद करने में महारत हासिल करने वाले तीन बच्चे मोहम्मद अहमद अली, मोहम्मद का अफफाम जावेद, मोहम्मद समीर आलम को दस्तारबंदी की गई। सदारत साहब सज्जाद सैयद शाह अहमद सुल्तान कादरी साहब ने इन्हें पाक दस्तार पगड़ी् सर्टिफिकेट और इनाम से नवाजा।

# बासगीत पर्चा देकर बसाने को भूल गई सरकार, खरांट गांव के 28 पर्चाधारी 15 वर्षों से कर रहे इंतजार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बसेरा अभियान के तहत मसौढ़ी प्रखंड के कई ऐसे गांव हैं जहां पर सरकार ने उन सभी भूमिहीनों को जमीन का पर्चा तो दे दिया लेकिन आज तक उन सभी भूमिहीन परिवारों को दखल दहानी नहीं किया गया है। नतीजन आज भी उन भूमिहीनों के निगाहें सरकार की ओर टीकी हुई है कि कब हम सब लोगों को वह दखल कब्जा दिलायेंगे, और कब हम अपना आशियाना बनाएंगे। दरअसल मामला मसौढ़ी प्रखंड के खरांट महादलित टोला का है, जहां तकरीबन 28 भूमिहीन परिवारों को वर्ष 2009- 10 की योजना में बासगित पर्चा दिया गया था, उस पर्चा में खाता संख्या, खेसरा संख्या, रखवा सभी अंकित है। लेकिन लेकिन वह जमीन कहां है किसी को पता नहीं। वहीं अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष नागेश्वर पासवान एवं संजय पासवान ने अंचल प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इन बासगित पचार्धारियों को जमीन पर कब्जा नहीं दिलाएंगे तो अंचल कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

**कागज पर मिली जमीन, जमीन कहां है...?**



बासगित परचाधारियों में संजय मांझी, जितेंद्र मांझी, मदन मांझी, बिनेश्वर मांझी, सोनी मांझी, गोवर्धन मांझी, रामेश्वर मांझी कुलेश्वरी देवी, मनोज मांझी, गोपी मांझी, सुरेंद्र मांझी, सत्येंद्र मांझी, रामजन्म मांझी, भुवनेश्वर मांझी, सुखदेव मांझी, छोटेलाल मांझी समेत 28 भूमिहीन आदि हैं इस पूरे मामले में अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया उन सभी बासगित परचाधारियों को जल्द ही जमीन चिह्नित करते हुए दखलदहानी कराई जाएगी। उस पंचायत के राजस्व कर्मी को निर्देशित किया गया है।

## पालीगंज में तीन नई सड़कों का शिलान्यास ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर आवागमन सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पालीगंज (पटना)** पालीगंज विधानसभा क्षेत्र में तीन नई सड़कों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ ने किया। इससे वर्षो से उपेक्षित ग्रामीण इलाकों में आवागमन की समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया, उनमें नदहरी से बेलवन तक, चंढोस मठिया से रेगनियाडीह तक तथा कुरकुरी नहर से लखन टोला तक की सड़कें शामिल हैं। इन सड़कों के निर्माण से गांवों के बीच संपर्क मजबूत होगा और लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि तथा रोजमर्रा के कार्यो के लिए बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी।सड़क निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में उत्साह और उम्मीद का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़कें गांवों को विकास से जोड़ने वाली जीवनरेखा होती हैं। इससे बच्चों को स्कूल जाने में आसानी होगी, मरीजों को समय पर इलाज मिलेगा और किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सहूलियत होगी। इस अवसर पर विधायक संदीप सौरभ ने कहा कि पालीगंज विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और हर गांव तक विकास पहुंचाने की प्रतिबद्धता के तहत यह पहल की गई है। आने वाले समय में क्षेत्र के सामाजिक विकास को नई गति देने का प्रयास किया जाएगा, जिससे ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।

## पुनपुन जट डुमरी में पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा का आयोजन



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड के जट डुमरी स्थित पटेल चौक मुस्तफापुर में पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। जिसको लेकर प्रथम वार्षिक अनुष्ठान के उपलक्ष में रविवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जो पटेल चौक मुस्तफापुर से पुनपुन नदी घाट तक 2000 की संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा के दौरान पुनपुन नदी से जल भर पुनः यज्ञ स्थल पर लौटे हैं। वहीं सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूणार्हुति प्रसाद वितरण भंडारा एवं भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा रविवार से अखंड कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है कार्यक्रम के संयोजक संतोष कुमार ने बताया कि पूरे मुस्तफापुर गांव के लोगों में इसके प्रति काफी उत्साह है, काफी संख्या में लोग इस आयोजन में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं, विश्व शांति मानव कल्याण को लेकर भगवान श्री हनुमान जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है, इसके साथ ही अभी से ही अखंड कीर्तन कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम कर्ता - अवधेश डेकोरेशन उर्फ विद्या सिंग, जितेंद्र कुमार, धर्मेंद्र सिंह ,गौतम सिंह, नीतीश कुमार, सनी कुमार, गुड्डू सिंह, अजीत कुमार, ओमप्रकाश सिंग, मंटू सिंह, राहुल कुमार, विक्की सिंह, संतोष कुमार सिंह आदी रहे।

# केंद्रीय बजट बिहार के विकास को देगा नई दिशा : अनामिका सिंह पटेल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता एवं विधान पार्षद डॉ. अनामिका सिंह पटेल रविवार को बाढ़ पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केंद्रीय बजट को बिहार के विकास के लिए उपयोगी और दूरदर्शी बताया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने पत्रकारों के सवालों के बेबाक जवाब दिए। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलने और केंद्रीय बजट में बिहार की हिस्सेदारी को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि विशेष राज्य का दर्जा एक अलग विषय है, लेकिन असली मुद्दा विकास का है।



उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार के बजट में बिहार के विकास के लिए बड़ी धनराशि का प्रावधान किया गया है। विपक्ष द्वारा बजट को राजनीतिक बजट बताए जाने पर उन्होंने राजद नेता तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो नेता चुनाव के बाद महीनों तक सदन से गायब रहते हैं और घूमने-फिरने में लगे रहते हैं, उन्हें बजट पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। डॉ. पटेल ने कहा कि इस बजट में पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं और आयुष्मान भारत योजना के तहत मानसिक स्वास्थ्य को भी विशेष महत्व दिया गया है। साथ ही, पांच लाख से अधिक आबादी वाले शहरों को समृद्ध बनाने के लिए विशेष योजनाएं शामिल की गई हैं। उन्होंने बताया कि जलमार्गों के विकास पर जोर दिया जा रहा है, जिससे पर्यावरण पर दबाव कम होगा और यह स्थल यातायात की तुलना में सस्ता व सुलभ साधन बनेगा। नदियों के किनारे बसे शहरों को विकसित किए जाने से आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। जब बाढ़ अनुमंडल के मोकामा क्षेत्र में भारत वैगन, सुता मिल, मैकडॉवेल और बाटा जैसे बड़े उद्योगों के बंद होने को लेकर सवाल उठाया गया, तो इस पर उन्होंने स्पष्ट जवाब देने से बचते हुए गोल-मोल प्रतिक्रिया दी। किसानों से जुड़े सवालों पर उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाई गई है, जिससे किसानों को आर्थिक सहायता मिलेगी। बिहार में उद्योगों के पुनर्स्थापन को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि यदि कोई उद्योगपति उद्योग लगाना चाहता है, तो सरकार सस्ती दरों पर जमीन उपलब्ध कराएगी, जिससे रोजगार के अवसर सृजित होंगे। हालांकि, मोकामा क्षेत्र में बंद पड़ी भारत वैगन, बाटा और सुता मिल की जमीनें आज भी उपेक्षित पड़ी हैं, जहां झाड़-झंखाड़ उग आए हैं। डॉ. अनामिका सिंह पटेल ने बाढ़ और मोकामा को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि बाढ़ स्थित उमानाथ मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, वहीं मोकामा में तिरुपति मंदिर के निर्माण से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

## बेटी बचाओ न्याय यात्रा पहुंची मसौढ़ी धनरूआ में जनसंवाद नुक्कड़ सभा



**सीबीआइ जांच पर्याप्त नहीं, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में हो निष्पक्ष जांच**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एपवा व आइसा के बैनर तले बेटी बचाओ न्याय यात्रा के तहत रविवार को मसौढी के देवरिया मोड,कपूर्री चौक एवं धनरूआ में एक नुक्कड़ सभा हुई. इसका संचालन जिला सचिव निरंजन कुमार ने किया. ऐपवा नेत्री संगीता कुमारी ने कहा कि बिहार में बेटियां भय के साये में जीने को मजबूर हैं. आये दिन हत्या, छेड़खानी, दुष्कर्म जैसी घटनाएं घट रही हैं. लोग इंसाफ के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं. सभा में मौजूद नेताओं ने कहा कि 10 फरवरी को पटना के गांधी मैदान से विधानसभा के समक्ष न्याय की मांग को लेकर न्याय मार्च किया जायेगा, संबोधन मे नेताओं ने कहा की जहानाबाद की मेडिकल छात्रा के साथ में हुई घटना की केवल सीबीआइ पर्याप्त नहीं है, यह जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में होनी चाहिए, उक्त छात्र संगठन आइसा और महिला ऐपवा की ओर से शुरू बेटी बचाओ न्याय यात्रा रविवार को मसौढी एवं धनरूआ में जनसंवाद कार्यक्रम में किया गया। राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी कहा कि राज्य सरकार बेटीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी असफल रही है.नीट छात्रा कांड में अपराधियों बचाने के लिए प्रशासनिक तंत्र व्य भूमिका निभा रहा है। सरकार एवं पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में बर पीड़ित परिवार को न्याय से वंचित जा रहा है।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के प्रत्यक्ष निर्देशन में समयबद्ध और निष्पक्ष जांच जरूरी है, ताकि दोषियों को सजा मिल सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिले। न्याय यात्रा में ऐपवा की महासचिव मीना तिवारी, संगीता सिंह, रीता वर्णवाल, लीला वर्मा, वंदना प्रभा, अंजुषा, आइसा की राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी, प्रिया, अनु तथा दीपंकर शामिल हैं.

### निशुल्क चिकित्सा शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बदलते मौसम को देखते हुए मसौढ़ी में बीमारियों एवं उसके बचाव जागरूकता को लेकर रविवार को आर्यभट्ट चेतना मंच एवं एन. के. मेमोरियल हॉस्पिटल के सौजन्य से लिटिल फ्लावर के प्रांगण, तरेगना गोला, मंडप रोड, मसौढ़ी में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर का उद्देश्य गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना था।शिविर का उद्घाटन लिटिल फ्लावर के निदेशक पुनिता शर्मा, आर्यभट्ट चेतना मंच के संयोजक डॉ. सुनील कुमार गावस्कर तथा एन. के. मेमोरियल हॉस्पिटल के डायरेक्टर कंचन नंदन द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. निकेश नंदन भी उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग पहुँचे।

## ज्ञान स्थली इंटरनेशनल विद्यालय की नई शाखा का हुआ उद्घाटन

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ज्ञानस्थली इंटरनेशनल विद्यालय जो अभी दनियावां प्रखंड के सिंगरियावां में चल रहा है की नई शाखा का उद्घाटन समीपवर्ती नगरनौसा,नालंदा में किया गया।विद्यालय की नवीनतम शाखा के उद्घाटन में वरिष्ठ शिक्षाविद व हरनौत विधानसभा के विधायक हरिनारायण सिंह, मखदुमपुर के विधायक सूबेदार दास व विधान पार्षद कुमार नागेंद्र उपस्थित रहे।आगत अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटने के बाद विधिवत दीप प्रज्वलित कर स्कूल का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही वह पूंजी है। जिससे बच्चों का भविष्य संवर सकता है। इसके बिना मानव का पूरा जीवन अंधकारमय है। वक्ताओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए किताबी शिक्षा के साथ ही नैतिक और सांस्कारिक शिक्षा पर भी बल दिया। इसके बिना बच्चे बड़े होकर देश के आदर्श व जिम्मेवार नागरिक नही बन सकते। निदेशक रवि रंजन ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा वह अमूल्य धन है जो कभी समाप्त नहीं होता है। शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा है। विद्यालय का मूल मंत्र है शिक्षा संस्कार के साथ । वहीं स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय का शुभारंभ होने से नगरनौसा प्रखंड के आसपास के ग्रामीणों के बीच शिक्षा रूपी आशा की किरण जगी है।मौके पर विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थीगण ,अभिभावक व कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## फेयरवेल कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को मनेर के मौलानीपुर गांव स्थित सन शाइन रेसिडेंशियल पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 (बैच 2026) के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जे.पी. सिंह, आईआरपीएस, उप सीपीओ, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर (डॉ) अजय कुमार सिंह, पूर्व निदेशक एवं डीन, आईजीआईएमएस एवं पीएमसीएच, और मुख्य संरक्षक डॉ. विजय कुमार सिंह, के साथ डॉ. आर्यन और विनय कृष्णा उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसमें स्वागत नृत्य और झारखंड, असम, और तमिलनाडु के लोक नृत्य शामिल थे। श्री तहसीन और मिस जिया कुमारी को मिस्टर और मिस सन शाइन का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने छात्रों को संबोधित किया, उन्हें आगामी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए शुभकामनाएं और प्रेरणादायक शब्द दिए। सभी छात्रों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह दिए गए। अपने संबोधन में, मुख्य अतिथि जे.पी. सिंह ने सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन और कड़ी मेहनत के महत्व पर जोर दिया, और छात्रों से अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रखने का आग्रह किया।




# होमियोपैथिक साइंस कांग्रेस 2026 का आयोजन संपन्न

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होम्योपैथिक साइंस कांग्रेस 2026 का आयोजन दिनांक 8 फरवरी 2026 को अनुग्रह नारायण सिंह सामाजिक अध्ययन संस्थान, उत्तर-पश्चिम गांधी मैदान, पटना-800001 में किया गया। यह आयोजन प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. बी. सहनी की 101वीं जयंती के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ जो एक महान नवप्रवर्तक थे, जिन्होंने होम्योपैथी में गतिशील औषधियों के दूरस्थ संप्रेषण की पद्धति में क्रांतिकारी परिवर्तन किए।

यह कार्यक्रम होम्योपैथी के शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक पक्षों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। सम्मेलन का उद्घाटन माननीय डॉ. राज भूषण चौधरी, राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया तथा श्रीमती रामा निशाद, मंत्री, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, बिहार सरकार, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं।




अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. राज भूषण चौधरी ने डॉ. सहनी की मानवता को दूरस्थ संप्रेषण द्वारा औषधि प्रदान करने की विशिष्ट प्रणाली का उल्लेख करते हुए युवा पीढ़ी से आग्रह किया कि वे सिद्धांतों पर केंद्रित रहें, क्योंकि वही जीवन में संतोष प्रदान करते हैं। श्रीमती रामा निशाद ने डॉ. बी. सहनी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार केंद्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर होम्योपैथी के उन्नयन के प्रति पूर्णतः गंभीर है। अपने स्वागत भाषण में डॉ. एम. के. सहनी ने सभी गणमान्य अतिथियों, प्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों को अपने अनुभव साझा किए, जो उन्हें अपने पिता से विरासत में प्राप्त हुए। डॉ. रामजी सिंह ने बिहार में विशेषकर शिक्षा क्षेत्र में होम्योपैथी की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला और मंत्रियों से समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर डॉ. बी. सहनी के जीवन-वृत्त पर आधारित एक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान खगड़िया के डॉ. नागेश्वर प्रसाद को भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. रजत चट्टोपाध्याय ने अपने संबोधन में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर होम्योपैथिक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु आयोग द्वारा की जा रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने भारत में आवश्यक शैक्षणिक सुधारों पर एक वैज्ञानिक व्याख्यान भी प्रस्तुत किया। वैज्ञानिक सत्र के दौरान डॉ. आदिल चिमथावाला, डॉ. संजीव कुमार सिंह, डॉ. अमित, डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. मनीष आजाद सिंह, डॉ. शिवाशीष मुखर्जी एवम डॉ. कंचन उप्रीत ने होमियोपैथी के विभिन्न पहलुओं पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये। सेमिनार के दौरान उभरते हुए होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा पोस्टर प्रस्तुति भी दी गई, जिनमें सर्वश्रेष्ठ पोस्टर को पुरस्कार प्रदान किए गए। उद्घाटन सत्र के दौरान डॉ. भरत कुमार सिंह, डीन, फैकल्टी ऑफ होम्योपैथी, बी. आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, बिहार एवं झारखंड के सभी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार सिंह, अध्यक्ष, ल्टअक बिहारः तथा डॉ. बी. के. तिवारी, महासचिव, ल्टअक बिहार को होम्योपैथी में उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया। होम्योपैथिक साइंस कांग्रेस 2026 के प्रवक्ता एवम बृज होमियो रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. बृजमोहन प्रसाद ने इस प्रमुख आयोजन की जानकारी साझा करते हुए आगत स्वयंसेवकों एवं प्रतिनिधियों के सहयोग की सराहना की एवम इस कार्यक्रम को प्रेरणादायी बताया।

## डाकबंगला परिसर के चाहरदीवारी निर्माण कार्य का विवाद थम नहीं रहा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी शहर के बीचोबीच स्थित डाकबंगला परिसर की जमीन का विवाद अभी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। दरअसल रविवार को जिला परिषद सदस्य उपेंद्र बिंद के द्वारा बीडीओ सह प्रभारी अंचलधिकारी के द्वारा मिले अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर निर्माण कार्य की शुरूआत करने एक बार फिर से गए थे जहां नगर परिषद के कर्मचारियों ने काम को रुकवा दिया। इस मौके पर स्थाई सशक्त कमेटी के सदस्य सह वार्ड पार्षद शंभू कुमार सिंह ने कहा की उप विकास आयुक्त के यहां यह मामला लंबित है अभी सुनवाई होनी बाकी है ऐसे में जब तक फैसला नहीं हो जाता है तब तक इस पर किसी भी तरह के कार्य करना अनुचित होगा। वहीं जिला परिषद सदस्य उपेंद्र बिंद ने प्रशासनिक स्वीकृति मिलने और अनापत्ति पत्र मिलने का दावा किया, लेकिन शंभू सिंह ने पत्र को नकारते हुए कहा यह जल्दीबाजी में बिना जांच प्रतिवेदन के आधार पर बिना खाता नंबर और गलत थाना नंबर के आधार पर यह पत्र बनाया गया है जो गलत है बहरहाल नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन का कहना है की डाक बंगला का उक्त परिसर की जमीन का किस्म गरमजरूआ मलिक बकायदे ठेकेदार है और इस जमीन पर पूर्व के अंचलाधिकारी ने अनापत्ति प्रमाण पत्र भी दिया है। ऐसे में यह जमीन नगर परिषद क्षेत्राधीन है। जिला परिषद का कहना है यह उक्त जमीन जिला परिषद के अंतर्गत आता है इसलिए यह हमारे क्षेत्राधिकार में आता है ऐसे में रविवार को चारदिवारी का कार्य को लेकर सामग्री गिराया जा रहा था, इसके दौरान नगर परिषद के कर्मचारियों ने द्वारा का निर्माण को पर रोक लगा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### काली माता मंदिर में मूर्ति स्थापना को लेकर निकाली गई भव्य शोभायात्रा, मूर्तियों का कराया गया शैय्याधिवास

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड के परसा दक्षिणी पंचायत के एकड़ीपुर गांव स्थित मां काली मंदिर के जीर्णोद्धार उपरांत चल रहे नौ दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सुसज्जित रथ पर विराजमान मां काली की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। आगे-आगे भक्त ध्वज लेकर चल रहे थे, जबकि झांकी के पीछे गाजे-बाजे के साथ रंग-बिरंगे परिधानों में श्रद्धालु नाचते-झूमते और जयकारा लगाते चल रहे थे। यह शोभायात्रा एकड़ीपुर गांव का भ्रमण करते हुए महापंडित राहुल सांकृत्यायन गेट पहुँची, जहाँ से परसा बाजार होकर प्रसिद्ध वैष्णो देवी मंदिर पहुँचा। पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा पुनः मां काली स्थान लौटी, जहाँ शैय्याधीवास की प्रक्रिया सम्पन्न की गई। रविवार को वाराणसी से आए यज्ञाचार्य रामभद्र ओझा की देखरेख में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां काली की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। इस मौके पर यज्ञ यजमान मुखिया काजल तिवारी मुखिया व श्याम किशोर तिवारी सहित क्षेत्रीय ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद रहे।





### विधायक ने यज्ञशाला पहुंचकर पूजा-अर्चना कर की खुशहाली की कामना

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के परसा दक्षिणी पंचायत के एकड़ीपुर गांव में आयोजित प्रतिष्ठात्मक श्री शतचंडी महायज्ञ में स्थानीय विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने यज्ञशाला पहुँचकर मां काली के मंदिर में पूजा-अर्चना की। विधायक ने यज्ञ स्थल का नमन कर क्षेत्र वासियों के खुशहाली की कामना की। विधायक ने यज्ञ स्थल का भ्रमण कर यज्ञ की संपूर्ण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने यज्ञ समिति से बातचीत करते हुए पूछा कि कार्यक्रम में किसी प्रकार की बाधा या असुविधा तो नहीं है। साथ ही आवश्यक सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### 8.28 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगहा पुलिस जिला के भितहा थाना की पुलिस ने मिली सूचना पर विनही चेक पोस्ट से लगभग 8 किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अभिलाष कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी यूपी के रास्ते बिहार में भारी मात्रा में मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी का खेप पहुंचने वाला है। सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए विनही चेक पोस्ट पर एंबुस लगाकर वाहन जांच अभियान चलाया गया।वाहन जांच के दौरान संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई, जिसमें 8.280 किलोग्राम गांजा, दो मोटरसाइकिल एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया गया । इस दौरान तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। भितहा थानाध्यक्ष अभिलाष कुमार झा के द्वारा इस संबंध में कांड दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बगहा एसपी रामानंद कुमार कौशल ने बताया कि अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। थाना क्षेत्र में आने-जाने वाले छोटे-बड़े वाहनों के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश सभी थानों को दिये गये हैं।

### घरेलू कलह से किशोरी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बगहा पुलिस जिला के बथूवरिया थाना क्षेत्र के चंद्रहा रूपवलिया गांव में घरेलू कलह से तंग आकर एक किशोरी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार की रात की हैं। मृतका की पहचान तबस्सुम खातून के रूप में हुई है। तबसुम तूफानी मियां की सबसे छोटी बेटी थी। परिजनों के अनुसार, शनिवार की शाम किसी बात को लेकर तबस्सुम की अपनी परिवार से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद मां और बहन सरेह में लकड़ी लेने चली गईं। पिता रोजी-रोटी के सिलसिले में घर से बाहर थे। इसी दौरान किशोरी घर में अकेली थी।कुछ देर बाद जब मां और बहन घर लौटीं, तो देखा कि तबस्सुम को फंदे से लटकी हैं। घटना की जानकारी मिलते ही आस पास के लोग जुट गए।सूचना पर बथवरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। वही मृतका के पिता तूफानी मियां ने बताया कि पुत्री शांत स्वभाव की थी। पुलिस ने शव का पोस्मार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष अनुपम कुमार राय ने बताया किशोरि को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

### श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य संकीर्तन का आयोजन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को नगर के सनातन धर्म भवन दानापुर में श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्री श्याम सेवा समिति, दानापुर के बैनर तले पहली बार हो रहे इस भव्य आयोजन में राजस्थान के कई मशहूर कलाकारों ने भक्ति गानों का समा बांध दिया जिसमें श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। भजन-कीर्तन के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के सचिव अंकुर भरतिया, अखिलेश उर्फ मुटुर साव, अखिल भरतिया, विमल भरतिया, टिक्की भरतिया, संदीप भरतिया, रिक्की वालिया उर्फ राहुल, नरेश भरतिया, अमन भरतिया, पंकज सिंह, रवि कुमार, दिनेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बाढ़ रेलवे स्टेशन पर लावारिस पशुओं का आतंक

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर एक सांड के आतंक का वायरल वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। हालत यह है की बाढ़ रेलवे स्टेशन पर लावारिस पशुओं का आतंक लगातार देखने को मिल रहा है। कभी बंदर का आतंक फैलता है तो कभी कुत्ता और इस बार सांड का आतंक का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें आप देख सकते हैं कि रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के प्लेटफार्म संख्या एक पर सांड ने कई लोगों को धक्का देकर जख्मी कर दिया। वहीं महिलाओं के ऊपर भी हमला बोल दिया जिसके चलते लोग प्लेटफार्म पर जो ट्रेन पकड़ने आए थे। वह इधर-उधर भागने लगे कई महिलाओं को चोटिल कर दिया। वहीं स्टेशन परिसर में एक बंदर भी करीब 10 दिनों से भटक रहा है जो की कई लोगों को अब तक अपना निशाना बना चुका है वही लावारिस कुत्ता प्लेटफार्म पर खुलेआम टहलते मिलेंगे जो कि कभी-कभी आने जाने वाले लोगों को परेशान भी कर देता है। रेल प्रबंधन इसके प्रति संवेदनशील नहीं है जिसके चलते लावारिस पशु अक्सर ट्रेन की चपेट में भी आ जाता है जिससे रेल यातायात भी प्रभावित होता है और हादसा का भी डर बना रहता है।



### सत्र न्यायाधीश नवादा सुश्री शिल्पी सोनी राज के निधन पर न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे अधिवक्ता

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवादा सुश्री शिल्पी सोनी राज की निधन को लेकर अधिवक्ता संघ में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। रविवार को इस घटना पर दुख जताते हुए बार काउंसिल दानापुर के महासचिव अनिल सिंह ने पत्र जारी कर अधिवक्ता संघ के सदस्यों को सुचित किया है कि सुश्री शिल्पी सोनी राज की असामयिक विगत शुक्रवार को मृत्यु हो गई है।जिसको लेकर सोमवार को अधिवक्ता संघ दानापुर के सभी सदस्य गण अपने आप को न्यायिक कार्य से अलग रखेंगे, तथा दिवंगत आत्मा की शांति हेतु माननीय अध्यक्ष की उपस्थिति में शोक सभा का आयोजन किया जाएगा।

### हाइबा-टेंपो में टक्कर, एक महिला की मौत, चार घायल

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगहा भैरोगंज मुख्य मार्ग पर सिकटी पुल के पास रविवार की सुबह तेज रफ्तार हाईबा ट्रक ने एक टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में टेंपो सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। मृत महिला बगहा के देवरउवा गांव निवासी अनिल की पत्नी इतवारी देवी बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार अनिल अपनी पत्नी के साथ कपरधिका गांव से लौट रहे थे। इसी दौरान सिकटी पुल के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाईबा ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर में टेंपो सड़क किनारे पलट गया।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स

# दीपऊ स्थित नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बंद पर पंस की बैठक में हंगामा

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व राशन वितरण में गड़बड़ी का उठा मुद्दा

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड पंचायत समिति की बैठक शनिवार को दीपउ ई स्थित किसान भवन में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जनहित से जुड़े कई मुद्दों को लेकर सदन का माहौल काफी हंगामेदार बना रहा। प्रखंड प्रमुख विभा देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनप्रतिनिधियों ने एक के बाद एक गंभीर सवाल उठाए। प्रखंड प्रमुख विभा देवी ने राशन वितरण प्रणाली में व्याप्त अनियमितता को लेकर बीडीओ से तत्काल सुधार कर संबंधित पदाधिकारी वी कर्मी के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखने को कहा।करारिया के कमलेश साह ने खाद एवं बीज की बिक्री में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। मुखिया संघ के अध्यक्ष जितेंद्र यादव और मुखिया मुखलाल राम ने नल-जल योजना के सुचारु संचालन नहीं होने तथा राशन वितरण में धांधली को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया।बैठक का सबसे अहम और संवेदनशील मुद्दा दीपउ में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहा। सदस्यों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं आते हैं और यह केंद्र पिछले चार महीने से बंद पड़ा है।सदस्यों ने कहा कि एमओ कभी भी प्रखंड कार्यालय में नहीं आती। बैठक में भी नहीं आती लगातार गायब रहने को लेकर भी सदन में जमकर हंगामा हुआ।इस पर बीडीओ चिरंजीवी पांडेय ने कहा कि सदस्यों द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को नोट कर लिया गया है और संबंधित मामलों में जिला को पत्र प्रेषित किया जाएगा । उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन पदाधिकारियों की इंटर परीक्षा में ड्यूटी नहीं थी और वे फिर भी अनुपस्थित रहे, उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए जिला को लिखा जाएगा। बैठक में सीडीपीओ अर्चना कुमारी, मुखिया अखिलेश कुमार सिंह उर्फ राजू ठाकुर, अर्चना देवी, पप्पू कुमार यादव, उप प्रमुख ममता देवी सहित सभी जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



# महुआवा में सकल सनातन समाज ने किया विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन




**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के महुआवा गांव स्थित झंडा गाछी हनुमान मंदिर के समीप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में सकल सनातन समाज महुआवा मंडल, चिरैया पूर्वी चंपारण के द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आरएसएस के उत्तर बिहार प्रांत कार्यवाह अभय गर्ग, चंपारण विभाग के सह कार्यवाह अभिषेक पांडे, समाजिक सद्भाव कार्य के चंपारण विभाग संयोजक रवि कुमार रवि, खंड कार्यवाह दामोदर प्रसाद, सकल सनातन समाज के अध्यक्ष दिवाकर किशोर कौशिक, सचिव सुबोध पासवान एवं पूर्व जिला परिषद् प्रत्याशी बुटाई साह ने दीप प्रज्वलित एवं भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों लोगों के बीच हनुमान चालीसा की पुस्तक वितरित की गई। जिसके बाद सामूहिक हवन एवं हनुमान चालीसा का पाठ तथा कीर्तन भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि कुमार रवि ने हिंदू सम्मेलन के उद्देश्य की चर्चा करते हुए कहा कि समाज में समाजिक समरसता का भाव जगाए बिना संगठित हिन्दू समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। एकता के बल पर ही हम अपने राष्ट को परम वैभव तक पहुंचा सकते हैं। मुख्य वक्ता अभय गर्ग ने आरएसएस की स्थापना के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सनातन धर्म के इतिहास, परंपरा और विशेषताओं की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मानना है कि पंच परिवर्तन के पांच आयाम जिसमें स्व का बोध अर्थात स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता एवं कुटुम्ब प्रबोधन आदि कार्यक्रम को सुचारू रूप से लागू कर समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। युवाओं से भारत की प्राचीन संस्कृति और संस्कारों को अपनाकर उन्हें जीवन में उतारने का आह्वान किया। मंच का संचालन अभिषेक पांडे ने किया। वही धन्यवाद ज्ञापन दिवाकर किशोर कौशिक ने किया। कार्यक्रम के अंत में श्री राम खिचड़ी का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने सामूहिक रूप से पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संजय कुमार सिंह, ग्रामीण अनिल पांडे, राहुल शुक्ला, मनसी पासवान, वीरेंद्र साह, नीतीश ठाकुर, विजय यादव, राम अयोध्या साह, सुनील पांडे, राम उद्देश्य पासवान, नवल पासवान, सिकंदर पासवान सहित हजारों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## पीएम किसान लाभ से वंचित हो सकते हैं अपंजीकृत किसान

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत किसानों को एक यूनिक किसान पहचान संख्या (यूनीक आईडी) प्रदान की जा रही है, ताकि कृषि से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सरल तरीके से किसानों तक पहुंचाया जा सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन कुमार ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि जिन किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं होगी, उन्हें भविष्य में पीएम किसान योजना के तहत मिलने वाली वार्षिक सहायता राशि से वंचित होना पड़ सकता है। फॉर्मर रजिस्ट्री बनने से कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, अनुदान एवं सब्सिडी का लाभ भी किसानों को आसानी से मिल सकेगा। डॉ. रंजन ने कहा कि आने वाले समय में जमीन की खरीद-बिक्री, कृषि से संबंधित अन्य सरकारी प्रक्रियाओं तथा डिजिटल सेवाओं में भी यह यूनिक आईडी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# लैंड लेजर लेवलर तकनीक से खेती होगी स्मार्ट

## किसानों को मिला आधुनिक प्रशिक्षण

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि विज्ञान केंद्र, माधोपुर की ओर से किसानों की खेती को अधिक लाभकारी, टिकाऊ और संसाधन-सक्षम बनाने के उद्देश्य से लैंड लेजर लेवलर तकनीक पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत किसानों को इस आधुनिक तकनीक की कार्यप्रणाली, उपयोग विधि और इसके व्यावहारिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद कृषि विशेषज्ञों ने किसानों के खेतों में जाकर लैंड लेजर लेवलर मशीन के माध्यम से वैज्ञानिक तरीके से खेतों का समतलीकरण कर उसका प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया। किसानों को बताया गया कि समतल खेतों में सिंचाई जल का समान वितरण होता है, जिससे फसलों की बढ़वार एकरूप होती है और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। विशेषज्ञों ने जानकारी दी कि लैंड लेजर लेवलर तकनीक से सिंचाई जल की 20 से 30 प्रतिशत तक बचत संभव है। साथ ही उर्वरकों का संतुलित उपयोग आसान होता है, बीज अंकुरण बेहतर होता है और खरपतवार की समस्या भी कम होती है। इससे समय, डीजल और श्रम की बचत होती है, जिससे खेती की लागत घटती है। कृषि विज्ञान केंद्र, माधोपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाना समय की मांग है। लैंड लेजर लेवलर तकनीक किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# ट्विनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के तहत छात्रों ने किया ईश्वर शांति महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ट्विनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत मडुआहा प्लस टू विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उच्च शिक्षा की बदलती व्यवस्था और नए करियर विकल्पों से रूबरू होने के उद्देश्य से नौतन प्रखंड के झखरा स्थित ईश्वर शांति महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में नई शिक्षा नीति की प्रमुख विशेषताओं, उच्च शिक्षा की नई पद्धति तथा भविष्य के अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या शबा खानम ने नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों और लाभों पर प्रकाश डाला। वहीं कॉलेज के चेयरमैन ज्ञानेंद्र शरण ने बताया कि नई शिक्षा नीति बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास, व्यावसायिक पाठ्यक्रम, क्रेडिट सिस्टम तथा छात्रों की रुचि और क्षमता के अनुसार पढ़ाई चुनने की सुविधा प्रदान करती है। उन्होंने इसे छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन किया। कई छात्रों ने मल्टीडिसिप्लिनरी कोर्स, इंटर्नशिप और स्किल कोर्स को लेकर जिज्ञासा जताई, जिसका समाधान प्राचार्या द्वारा किया गया। इस अवसर पर मडुआहा स्कूल के प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक रवीश ठाकुर, मनीष राय, हर्षवर्धन, मुकेश कुमार तथा कॉलेज के प्राध्यापक बीएन द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए और चाय-नाश्ते की व्यवस्था की गई। यह भ्रमण छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक साबित हुआ।

## अग्रिम राशि निकासी पर सख्ती, 20 मार्च तक ही होंगे विपत्र पारित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुरक्षित अग्रिम, सामग्री अग्रिम और खरीद अग्रिम के मामलों में अब राशि अंतरण अथवा हस्तांतरण को छोड़कर किसी भी प्रकार की अग्रिम राशि की निकासी पर पाबंदी लगा दी गई है। ऐसी किसी भी निकासी के लिए अब वित्त विभाग से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। पिछले वित्तीय वर्ष में इस संबंध में कुछ छूट दी गई थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर द्वारा इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत कोषागार से वेतन और पेंशन को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के विपत्रों के पारित होने की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित की गई है। अब तक वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 31 मार्च तक विपत्र पारित करने की समय सीमा होने के कारण सर्वर संबंधी तकनीकी समस्याओं से भुगतान में दिक्कतें आ रही थीं।

# किसानों के ज्वलंत सवाल पर संघर्ष में उतरेगी किसान सभा : अशोक पाठक

**मोतिहारी/कल्याणपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसानों के ज्वलंत सवाल पर आंदोलन में अखिल भारतीय किसान सभा आगामी 12 फरवरी को संघर्ष में उतरेगी।उक्त बातें भुवन छपरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में अखिल भारतीय किसान सभा के क्षेत्रीय काउंसिल के कन्वेंशन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकारी जिला मंत्री अशोक पाठक ने कहीं। श्री पाठक ने आगामी 15 फरवरी के जिला सम्मेलन एवं अप्रैल माह के मध्य में आयोजित राज स्तरीय सम्मेलन के पश्चात जिले के प्रत्येक पंचायत में किसान सभा का संगठन मजबूत करने हेतु कार्यकताओं का आह्वान किया। कामों का प्रतिवेदन संयोजक शुकुल भगत के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिस पर हेमंत कुमार, किशोरी राम, रामेश्वर भारती, सुभाष कुशवाहा ,विनय पासवान, संतोष कुमार, पातीराम मुखिया, रामनरेश राय एवं विनोद सिंह के द्वारा बहस के माध्यम से समृद्ध करते हुए प्रतिवेदन को सर्वसम्मति से पारित किया गया। अगले सत्र के लिए क्षेत्रीय ऑगेनाईजिंग कमेटी का गठन किया गया ।जिसमें पातीराम मुखिया संयोजक, शुकुल भगत एवं आनंदी राम सहसंयोजक, रामनरेश राय, किशोरी राम सहित सात सदस्य सर्वसम्मति से निर्वाचित किए गए ।अंत में समापन भाषण करते हुए सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने किसान सभा का संगठन कल्याणपुर प्रखंड के सभी 24 पंचायत में मजबूती से करने का आह्वान उपस्थित प्रतिनिधियों से की।साथ ही हर रोजमरे के सवाल पर संबंधित पदाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन धरना वो जनआंदोलन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता हेमंत कुमार एवं संचालन शुकुल भगत ने की है ।



# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में महत्वपूर्ण बैठक

**मोतीहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 14 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतीहारी के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतीहारी द्वारा की गई। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी राम जनम पासवान, जिला जन संपर्क अधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, वन विभाग से मनीष कुमार, तथा अग्रणी जिला प्रबंधक राजेंद्र कुमार पांडे उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत एवं ह्वराष्ट्र के नाम मध्यस्थता कार्यक्रम 0.2ह्व को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर से सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सरपंच एवं ग्राम कचहरी सचिवों को निर्देश दें कि अधिक से अधिक वादों की पहचान कर उनका निष्पादन सुनिश्चित करें।वहीं, सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी को निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत तथा राष्ट्र के नाम मध्यस्थता कार्यक्रम 0.2 की व्यापक सफलता हेतु प्रचार-प्रसार, बैनर एवं होर्डिंग के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाई जाए, ताकि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन संभव हो सके।



## मारपीट में संलिप्त एक आरोपित गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीतना थाना क्षेत्र अंतर्गत जीतपुर गांव में जमीन विवाद में हुई मारपीट मामले में संलिप्त एक आरोपी को पुलिस ने छौड़ादानों थाना अंतर्गत भितहा गांव से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी जीतपुर गांव निवासी शंकर चौधरी के पुत्र मनोज कुमार को उसके नानी के घर से पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि आवेदक के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर 22 लोगों को नामजद किया गया था। एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# अब तक 50.94 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत सभी किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसे लेकर प्रशासन द्वारा सभी पंचायतों एवं गांवों में विशेष कैंप लगाकर किसानों का फॉर्मर आईडी बनाया जा रहा है। साथ ही प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पंचायत स्तर पर माइकिंग कर किसानों को फॉर्मर आईडी से मिलने वाले लाभों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत 7 फरवरी तक प्रखंड के कुल 21,257 किसानों में से 10,829 किसानों का फॉर्मर आईडी तैयार किया जा चुका है, जो कुल किसानों का 50.94 प्रतिशत है। शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कैंपों का निरीक्षण किया जा रहा है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रोहित गौतम ने बताया कि शेष किसानों के पंजीकरण के लिए सभी पंचायतों और गांवों में कैंप लगाए गए हैं। इसके अलावा किसान नजदीकी सीएससी केंद्रों पर जाकर निशुल्क फॉर्मर आईडी बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि फॉर्मर आईडी के लिए अपने नाम से भूमि जमाबंदी होना आवश्यक है, हालांकि विभाग ने पूर्वजों के नाम की जमाबंदी पर भी आईडी बनाने का निर्देश दिया है।

# स्वच्छता किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं इसे हम सबों को अवश्य निभानी चाहिए : श्रीराम तारिणिकांता

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मैसूर के निदेशक श्रीराम तारिणिकांता ने आज यहां कहा कि स्वच्छता किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समग्र प्रशासनिक एवं सामाजिक दायित्व है और इसे हम सबो को अवश्य निभानी चाहिए । उन्होंने रविवार को यहां स्वच्छता अभियान से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा समय में लेगेसी साइट्स की सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और जलस्रोतों का संरक्षण सतत विकास के लिए आवश्यक है। सभी जगहों पर सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई और पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

**श्री कांता ने कहा कि स्वच्छता**

अभियान तभी सफल होगा, जब सभी स्तरों पर अनुशासन, समन्वय और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। आज स्वच्छ परिवेश न केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से आवश्यक है, बल्कि इससे जिले की समग्र छवि और जीवन गुणवत्ता में भी सुधार होता है। भागलपुर के प्रमंडलीय आयुक्त अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि आज स्वच्छता सर्वोपरि है और सबो के सहयोग से इसे एक अभियान के रुप में व्यापक स्तर पर चलाने की जरुरत है। क्योंकि स्वच्छता राज्य और जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बन गई है। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित तालाबों, झीलों, संपर्क पथों, सार्वजनिक स्थलों एवं लेगेसी साइट्स की नियमित सफाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है तथा संबंधित अधिकारियों से कहा गया है कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह ने जिले में चल रहे स्वच्छता अभियान की चर्चा करते हुए आम जनमानस की सहभागिता पर जोर दिया। कार्यक्रम में एडीम दिनेश राम, संयुक्त निदेशक नागेन्द्र गुप्ता, एसडीओ विकास कुमार, डिप्टी कलेक्टर अंकिता चौधरी सहित जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान से जुड़े लोग मौजूद थे।





## लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक एकेडमी, मैसूर संवाद कार्यक्रम आयोजित

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक एकेडमी, मैसूर के निदेशक श्रीराम तारिणिकांती की अध्यक्षता में रविवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में निदेशक श्री कांती ने जिला स्तरीय पदाधिकारी से बारी-बारी से उन्होंने उनके विभाग के कार्य, बजट, कार्य करने का दृष्टिकोण एवं अपने अधीनस्थों तथा संबंधित विभागों से कार्य करने में सहयोग प्राप्त करने के लीडरशिप के संबंध में संवाद किए तथा उन्हें एक व्यापक दृष्टिकोण रखने के कई टिप्स दिए। जिससे कि उनके विभाग की उपलब्धि में निरंतर तेजी से बढ़ोतरी हो सके और निर्बाध रूप से कार्य चलता रहे। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित सभी पदाधिकारी को एकेडमिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। लेकिन हमारे अधिनस्थ जो सहयोगी कर्मी हैं उनकी क्षमता वर्धन आपको करने की जरूरत है।



# राष्ट्रीय प्रतिभा खोज से बदलेगी कांग्रेस की राजनीति की दिशा

**औरंगाबाद से नई पहल का एलान**
**युवाओं को मिलेगा सीधा मंच**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कांग्रेस पार्टी ने युवाओं को संगठन और राजनीति के केंद्र में लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसी कड़ी में रविवार को शहर के दानी बिगहा स्थित पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार के आवास पर जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम को लेकर व्यापक रणनीति का खुलासा किया गया। नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम न केवल युवाओं की प्रतिभा को पहचानने का माध्यम बनेगा, बल्कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर से मजबूत करने की आधारशिला भी साबित होगा।




प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम के मगध जोन प्रभारी सूरज कुमार राय ने बताया कि 28 जनवरी को बिहार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे के नेतृत्व में इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई है। यह योजना देश के 16 राज्यों में एक साथ लागू की जा रही है, जिसके तहत युवाओं को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से जुड़ने के लिए युवाओं को क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के बाद प्रतिभावान युवाओं का चयन जिला स्तर पर किया जाएगा और उन्हें आगे संगठनात्मक व वैचारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कांग्रेस इस अभियान को लेकर चौक-चौराहों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों में बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार करेगी।

जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव ने कार्यक्रम को युवाओं के लिए "नई उम्मीद" बताया। जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने कहा कि जो युवा राजनीति में रुचि रखते हैं, लेकिन अब तक अवसर से वंचित रहे हैं, उनके लिए राहुल गांधी रास्ता खोलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चौपालों के माध्यम से घर-घर जाकर युवाओं को जोड़ेगी।

पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि राहुल गांधी देशभर में संगठन सृजन के जरिए कांग्रेस को नए सिरे से खड़ा करना चाहते हैं और राष्ट्रीय प्रतिभा खोज इसी अभियान का अहम हिस्सा है। उन्होंने मौजूदा राजनीतिक हालात पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है।

प्रेस वार्ता में अजय सिंह, नागेंद्र सिंह, नवीन शर्मा, सोमनाथ शर्मा, शैलेंद्र कुमार मिश्र सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## पिकअप की ठोकर से साइकिल सवार वृद्ध जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के कुशवाहा नगर गांव के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप की चपेट में आने से साइकिल सवार एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल वृद्ध की पहचान फेसर थाना क्षेत्र के चतरा गांव निवासी गणेश यादव के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल गणेश यादव ने बताया कि वे अपने घर से साइकिल से किसी काम के लिए औरंगाबाद शहर जा रहे थे, जैसे ही कुशवाहा नगर गांव के समीप पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप चालक ने ओवरटेक करने के दौरान टक्कर मार दिया। पिकअप की टक्कर से वृद्ध गणेश यादव घायल हो गए। इसके बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने पिकअप चालक को पकड़ लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने घायल वृद्ध का इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया। पता चला की दुर्घटना में घायल वृद्ध के इलाज का पूरा खर्च पिकअप चालक ने उठाया।

## सोलर प्लेट लगाने से संबंधित लाभ हेतु पंचायत में विशेष शिविर आहूत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिजली विभाग ने किसानो को कृषि कार्य हेतु बिजली मुहैया कराने और कृषि बिजली कनेक्शन की सुविधा देने में सहूलियत देने की योजना के तहत पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसी के कार्यन्वयन में सोमवार 09 फ़रवरी को नबीनगर प्रखंड के खजूरी पांडु पंचायत के पंचायत भवन में और बारून प्रखंड के दूधार पंचायत के सुंदरगंज पंचायत भवन में बिजली विभाग द्वारा विशेष शिविर आहूत की गई है। जहां उपभोक्ता नये कृषि कनेक्शन हेतु अपना आवेदन दे सकते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता औरंगाबाद ने बताया कि किसानो को कृषि कार्य हेतु बिजली उपलब्ध कराए जाने के प्रति विद्युत कंपनी प्रतिबद्ध है तथा किसानो को बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर विभाग द्वारा इच्छुक आवेदकों को उनके निकटवर्ती पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानो को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने की मंशा के तहत पूरे महीने पंचायतवार विशेष शिविर आयोजित की गई है। जिसके प्रथम चरण में उक्त स्थलों पर शिविर का आयोजन किया जाना है।इसके साथ ही कुटीर ज्योति श्रेणी के उपभोक्ता अपने घरेलू परिसर में सौर ऊर्जा का लाभ लेने हेतु सोलर प्लेट लगाये जाने से संबंधित पूर्ण प्रक्रिया एवं जानकारी उक्त शिविर में प्राप्त कर सकते है। ज्ञात हो कि विद्युत कंपनी ने प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना के तहत कुटीर ज्योति श्रेणी के चयनित उपभोक्ता के घरेलू परिसर में निःशुल्क सोलर प्लेट लगाने का निर्णय लिया है। जिसके लिए उपभोक्ताओं को सहमति पत्र एवं आवेदन देने के उपरांत डिस्कॉम तथा रेस्को के पदाधिकारियों के द्वारा समुचित जांच के उपरांत रूफ टॉप सोलर लगाये जाने की अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी ।

# देवी प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकली शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज।** रफीगंज के लोहार गली स्थित देवी स्थान परिसर में नवनिर्मित मंदिर में देवी प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यज्ञाचार्य पं. परमेश्वर शुक्ल एवं उपाचार्य पं. राकेश उपाध्याय के सान्निध्य में विधि-विधान के साथ देवी प्रतिमा की स्थापना कर गाजे-बाजे के साथ डोली यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।



शोभायात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर महराजगंज, बस स्टैंड, मेन बाजार होते हुए नगर भ्रमण करते हुए पुनः देवी मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु "जय माता दी" के जयघोष के साथ भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। महिलाओं एवं पुरुषों की बड़ी भागीदारी ने पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। नगर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, वहीं जगह-जगह श्रद्धालुओं ने अपने घरों की छतों से पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

दिनभर रफीगंज नगरी भक्तिरस में डूबी रही। झांसी से पधारीं प्रसिद्ध कथा वाचिका उषा नारायणी के संगीतमय प्रवचन को सुनने, मंडप की परिक्रमा करने तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की निरंतर भीड़ जुटती रही। अपने प्रवचन में कथा वाचिका ने सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु एकजुट रहने का संदेश दिया।

श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए आयोजन समिति के सदस्य पूरी तरह सक्रिय रहे तथा स्थानीय प्रशासन का भी सहयोग लिया गया। इस अवसर पर अनुप मिश्र, रंजीत उपाध्याय, सुकेश उपाध्याय, सरोज मिश्र, संत पांडेय, विपिन मिश्र, पंकज उपाध्याय सहित मुख्य यजमान नरेश प्रसाद, गोपाल प्रसाद, राजू कुमार, कुंदन कुमार, चंदन सोनी, अरविंद सोनी, विजय प्रसाद, समिति अध्यक्ष कौशल विश्वकर्मा, सचिव अरुण विश्वकर्मा एवं सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सनातन शाश्वत है, क्षय होने वाला नहीं : पूर्व सांसद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के लोहार पटी में आयोजित यज्ञ में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने अनुप मिश्र के वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा पूजा- अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजको ने कथा मंच पर सुशील कुमार सिंह को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि सनातन शाश्वत है, क्षय होने वाला नही है। सनातन की शक्ति है कि अयोध्या राम मंदिर में रामलला स्थापित हुये। धार्मिक अनुष्ठान होने से धर्म के प्रति आस्था जागृत होती है। आस्था बनाये रखे। इससे एक अदृश्य शक्ति मिलता है। पूर्व इस सांसद ने गोरडीहा गांव के सूर्य नारायण महायज्ञ में भी पहूंचे। इस अवसर पर अध्यक्ष कौशल विश्व कर्मा, भाजपा नेता बिनय सिंह, संतोष साहू, मुखिया संजय कुमार, शुभम, विकी राज, पवन शर्मा, चूनू शर्मा, अरविंद सोनी, अशोक प्रसाद, आशुतोष मिश्र, नरेश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# शहर के मेहंदिया रोड पर चला सघन वाहन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हसपुरा पुलिस ने थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान तेज कर दिया है। लगन के मौसम में बढ़ते वाहनों के दबाव को देखते हुए पुलिस द्वारा यह अभियान प्रतिदिन विभिन्न प्रमुख मार्गों पर चलाया जा रहा है।



रविवार को हसपुरा शहर के मेहंदिया पथ पर थाना के समीप एसआई रवि रंजन कुमार के नेतृत्व में छोटी वाहनों, बाइक और टेम्पो की जांच की गई। जैसे ही जांच अभियान शुरू हुआ, चालकों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। कई बाइक चालक बाजार की ओर जाने के बजाय रास्ता बदलते नजर आए, जबकि कुछ टेम्पो चालकों को निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाए हुए पाया गया।

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि बिना हेलमेट के तेज रफ्तार से बाइक चलाने वाले युवाओं के कारण दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है, जिससे असमय जान जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों और सीट बेल्ट के बिना वाहन चलाने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। उद्देश्य सिर्फ कार्रवाई नहीं, बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। साथ ही अवैध कारोबारियों और शराब तस्करों पर भी पुलिस की कड़ी नजर बनी हुई है। जांच अभियान में शामिल एसआई रवि रंजन कुमार ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर नियमानुसार फाइन लगाया जा रहा है तथा सभी को हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की सख्त हिदायत दी जा रही है।

# हसपुरा तालाब में कभी नहीं सूखता है पानी

**सौ वर्ष पहले हुआ था तालाब का निर्माण**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा प्रखंड में कई ऐतिहासिक राज छिपे हुए हैं। यहां की प्राचीन धरोहरों का इतिहास जानने की जिज्ञासा आमजन में बनी रहती है। हसपुरा के रेफरल अस्पताल रोड स्थित देवी स्थान के समीप स्थिति प्राचीन तालाब का इतिहास अत्यंत रोचक है। ग्रामीण सुरेश आर्य का कहना है कि इस तालाब में पानी कभी सूखता नहीं है। तालाब की देखभाल में ग्रामीण हमेशा तत्पर रहते हैं। सावन पूर्णिमा के मौके पर विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की भीड़ यहां स्नान करने के लिए उमड़ती है। समय-समय पर तालाब की उड़ाही कराई जाती है परंतु इसके सुंदरीकरण की आवश्यकता है। तालाब में किनारे घाट निर्माण होने से तालाब में स्नान करना सुरक्षित हो जाएगा। पंचायत द्वारा तालाब की उड़ाही के बाद कुछ वर्ष पूर्व घाट का निर्माण कराया गया था परंतु यह पर्याप्त नहीं है। बता दें कि तालाब कि विशेषता यह है कि इसका पानी कभी भी सूखता नहीं है। ग्रामीणों ने तालाब के संबंध में एक पौराणिक कथा सुनाई। बताया कि लगभग 100 वर्ष पूर्व हसपुरा में अकाल का संकट मंडराने लगा था। भूख और बीमारी से ग्रामीणों की जाने जाने लगी। गांव में हाहाकार मच गया। तब एक संत के कहने पर सरोवर का निर्माण कराया गया और उसी के पास देवी मंदिर बनाया गया। इसके बाद से स्नान और पूजा का क्रम शुरू हुआ जिससे प्रकृति का स्वरूप सामान्य होने लगा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पर्यटन विभाग इस स्थल पर ध्यान दे तो यह स्थान स्वर्ग के समान बन सकता है। यह तालाब ग्रामीणों की आस्था का केंद्र है।

# जलजमाव से मच्छरों का बढ़ रहा प्रकोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल मुख्य उद्देश्य है कि हर व्यक्ति स्वस्थ्य रहे और बीमार होने पर त्वरित चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सके परंतु अस्पताल परिसर में 10 कट्ठे का गड्ढा मलेरिया, टाइफाइड और डेंगू के मच्छरों के प्रजनन का केंद्र बन गया है। इस गड्ढे में हमेशा जलजमाव रहता है जिससे मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो रही है। वहीं गड्ढा नहर मार्ग से अस्पताल जाने वाले रास्ते के दाहिने तरफ स्थित है। नसग कॉलेज के सामने से जीविका दीदी की रसोई तक फैला यह गड्ढा जलजमाव के कारण मच्छरों



के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रहा है। अस्पताल के निर्माण के समय आवश्यक मिट्टी की कटाई के कारण यह गड्ढा बना था और जब तक इसे भरा नहीं जाएगा। जलजमाव की समस्या बनी रहेगी। इससे अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक और कर्मी परेशान हैं।

# अंतर्जातीय विवाह रचाकर दो प्रेमियों ने समाज को दिखाया आईना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** "हाथी न घोड़ा हे, कवनो सवारी पैदल ही आईब तोर दुआरी" ये भोलेनाथ के भजनों की गूंज के बीच दो दिलों ने जाति की दीवार तोड़कर प्रेम और विश्वास के साथ जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया है। यह विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि रूढ़िवादी सोच के विरुद्ध एक मजबूत सामाजिक संदेश है। मामला औरंगाबाद जिले के गोह प्रखंड अंतर्गत देवहरा गांव की है। उक्त गांव निवासी चंदन कुमार सोनी और प्रेमिका आरती कुमारी ने शनिवार को गोह थाना के समीप स्थित शिव मंदिर में आपसी सहमति से अंतर्जातीय विवाह कर समाज में समरसता और बराबरी का उदाहरण प्रस्तुत किया है।दोनों काफी समय से एक-दूसरे को जानते और समझते थे। परिवार की असहमति और सामाजिक दबाव के बावजूद उन्होंने छुपकर जीवन जीने या गलत रास्ता चुनने के बजाय सम्मानजनक विवाह का मार्ग अपनाया। जब लड़की की जबरन शादी तय की गई। तब दोनों ने साहस दिखाया और समाज के जिम्मेदार लोगों की मौजूदगी में विधिवत विवाह कर लिया।स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार शौण्डिक वार्ड सदस्य चुन्नू कुमार समाजसेवी अनिल मिश्रा एवं अन्य समाजसेवियों ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि "आत्महत्या या डर में जीने से बेहतर है कि युवा साहस के साथ विवाह करें और समाज की पुरानी कुरीतियों को तोड़ें। ऐसे विवाह दहेज प्रथा और जातिवाद दोनों के खिलाफ संदेश स्थापित करता है।

# 12 ज्योतिर्लिंग की झांकियों ने मोहा मन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** महाशिवरात्रि को लेकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शुक्रवार को शहर में दिव्य शिव बारात सह चैतन्य शोभायात्रा निकाली गई। समाज में शांति, प्रेम, नारी सशक्तिकरण व आध्यात्मिक चेतना का संदेश देने वाली यह शोभायात्रा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गों तथा मोहल्लों से होकर गुजरी। आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग सड़कों पर उमड़ पड़े।

**पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर हुआ शुभारंभः**

शहर स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में शिव बाबा की पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर शोभायात्रा की शुरुआत की गई। शुभारंभ के मौके पर छपरा जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक राजेश प्रसाद मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा निकाली जाने वाली वार्षिक शिव बारात छपरा ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य और देश के लिए आध्यात्मिक जागृति तथा सामाजिक सौहार्द का संदेश देती है।

उन्होंने कहा कि 'रात्रि' अज्ञान, विकार, दुख और अशांति का प्रतीक है, जबकि शिवरात्रि का पर्व ज्ञान और जागृति का संदेश देता है। ऐसे समय में शिव पिता परमात्मा का अवतरण मानवता को आध्यात्मिक प्रकाश की ओर अग्रसर करता है।

**12 ज्योतिर्लिंग झांकियों ने आकर्षित किया ध्यानः**

शोभायात्रा में प्रस्तुत 12 ज्योतिर्लिंग की आकर्षक झांकियां, शिवलिंग, भारत माता, लक्ष्मी-नारायण और अन्य सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृश्यों



ने लोगों को भाव-विभोर कर दिया। भक्ति गीतों और ओम शांति के उद्घोष से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

**आध्यात्मिक जागृति और नशामुक्त समाज का संदेशः**

ब्रह्मा कुमारी अनामिका दीदी ने बताया कि इस शोभायात्रा का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना जगाना, सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना, नशामुक्त समाज का निर्माण करना और विश्व शांति का संदेश प्रसारित करना है।

उन्होंने बताया कि 90वीं शिव जयंती के उपलक्ष्य में परम पिता परमात्मा शिव पवित्र सनातन धर्म की स्थापना के लिए अवतरित होते हैं—इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाना ही शोभायात्रा का मूल उद्देश्य है।

**सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा**

इस आयोजन में ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों, बीके भाई—बहनों तथा स्थानीय श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुभारंभ समारोह में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय संचालिका बीके अनामिका दीदी, स्टेशन अधीक्षक राजेश प्रसाद, सहायक स्टेशन मास्टर सतीश सिंह, बीके अरविंद भाई सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जीवन और मौत से जूझ रहा जख्मी शिक्षक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के जुड़ाही गांव निवासी कामदेव राम उर्फ केडी राम सड़क दुर्घटना में जख्मी हो गए थे। जो आज जीवन और मौत से जूझ रहे है। कामदेव राम उर्फ केडी राम राजकीय मध्य विद्यालय उचौली में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। विदित हो कि 31 जनवरी को मदनपुर क्षेत्र के एनएच-19 पर ऑटो और ट्रक की टक्कर में ऑटो सवार शिक्षक समेत पांच लोगों घायल हो गए थे। घटना के बाद इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में




ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां से भी चिकित्सकों ने पटना स्थित पीएमसीएच के लिए रेफर किया। इसके बाद परिजन निजी अस्पताल में लेकर चले गए। तक से अब तक शिक्षक जीवन और मौत से जुझ रहे हैं। उनके स्वास्थ्य में विशेष कोई सुधार नहीं हो रहा है। इस दौरान चिकित्सकों ने भी जबाव दे दिया है। परिजन निराश होकर ईश्वर से स्वस्थ्य की कामना कर रहे हैं। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षक कामदेव राम उर्फ केडी राम 31 जनवरी को मदनपुर राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह डीडीओ राजकिशोर प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह में शामिल होने आए थे और यहां से वे औरंगाबाद जाने के दौरान रानी कुआं के समीप दुर्घटना में जख्मी हो गए थे।

# नाला का ढक्कन टूटने से रात के अंधेरे में कभी हो सकता है हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर की गलियों में जगह-जगह टूटे नाले अब नागरिकों के लिए गंभीर खतरे की आशंका बनता जा रहा है। ओवरब्रिज के समीप महाराजगंज रोड से मनोकामना मंदिर नागा बिगहा जाने वाले मोहल्लों में नाले के ढक्कन टूटे या गायब है। दिन में तो नागरिक किसी तरह बचकर निकल जाते हैं परंतु रात के अंधेरे में दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इस स्थिति से दोपहिया वाहन चालकों, पैदल चलने वाले और स्कूली बच्चों के लिए जोखिम बढ़ गया है। नागरिक मनोज कुमार, सचिन कुमार का



कहना है कि नाले की हालत लंबे समय से खराब है परंतु जिम्मेदार विभाग द्वारा अबतक मरम्मत नहीं कराई गई है। वर्षा के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है जबतक गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है और नाले का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। कई बार लोग फिसलकर गिर चुके हैं जबकि वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है जिससे पीछे से टक्कर का खतरा बना रहता है। वहीं खुले नाले न केवल दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं बल्कि गंदगी और बदबू से आसपास के लोगों का जीना मुश्किल कर रहे हैं। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से बीमारियों का खतरा भी बना है। नागरिकों ने मांग की है कि टूटे नाले की मरम्मत कर ढक्कन लगाया जाए। यदि मरम्मत नहीं होती है तो सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेत लगाए जाए ताकि हादसे से बचा जा सक ता है।

# सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षक नेता आनंद पुष्कर जदयू में शामिल

**प्रदेश अध्यक्ष ने दिलाई सदस्यता, मुख्यमंत्री आवास पर लिया आशीर्वाद**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा (सारण)।** सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षक नेता एवं पूर्व प्रत्याशी आनंद पुष्कर रविवार को आधिकारिक रूप से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) में शामिल हो गए। पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई।

यह सदस्यता ग्रहण समारोह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा के निर्देश पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जदयू विधान पार्षद संजय गांधी, मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर लिया आशीर्वाद**

सदस्यता ग्रहण करने के बाद आनंद पुष्कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने उनके आवास पहुंचे, जहां राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, सांसद देवेश चंद्र ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भविष्य के राजनीतिक और सामाजिक दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं।

**शिक्षक हितों की आवाज़ को मिलेगी नई मजबूतीः आनंद पुष्कर**



कहा कि वे लंबे समय से शिक्षक हितों और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि जदयू द्वारा मिले इस जिम्मेदारी के बाद अब वे सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षकों, प्रतिनिधियों व शिक्षाकर्मियों की समस्याओं को और अधिक मजबूती से उठाएंगे।

जदयू नेताओं का कहना है कि आनंद पुष्कर के शामिल होने से पार्टी की पकड़ सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में और मजबूत होगी तथा शिक्षक समाज के साथ संवाद और प्रभाव बढ़ेगा। पार्टी ने उनके नेतृत्व और संगठनात्मक अनुभव को सारण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया है।

# शिव शिष्य बना सकते हैं अपने जीवन को सार्थक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय स्थित शिव मंदिर के परिसर में शिव शिष्यों ने परिचर्चा का आयोजन किया। जिसमें साहब हरिन्द्रानंद जी के पहला शिव चर्चा स्थल बेगुसराय के उद्देश्यों पर विस्तार से वाचन किया गया। शिव शिष्य शशिरंजन गुप्ता ने परिचर्चा के दौरान कहा दिवंगत साहब हरिन्द्रनंद जी ने जीवन में ग्रहण के लिए जो तीन सूत्र का ज्ञान दिया वह आज भगवान शिव के दिलो में है। उन्होंने कहा शिव गुरू का मार्ग मानव जीवन को सरल और सकारात्मक दिशा की ओर ले जाता है। अभी के परिवेश में सही गुरूओं का मार्ग पर चलना जरूरी हो गया है।शिव जी का उपदेश से ही हम निरंतर स्वस्थ रह सकते हैं।उन्होंने अगामी 15 मार्च को बेगुसराय पहुंचने का सभी शिष्यों



के बीच आह्वान किया। शशिरंजन गुप्ता ने कहा जो इंसान शिव को गुरु मानकर इनके बताए तीन सूत्र मार्ग पर चलने का निरंतर प्रयास करेगा उनके सभी बाधाओं को दूर करना आसान कर देंगे। शशिरंजन गुप्ता ने कहा बेगुसराय जाने के लिए सभी प्रखंडों में शिव परिचर्चा का आयोजन कर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# नमस्ते इंडिया की सीएसआर पहल : 'बेटी भाग्य योजना' के तहत किसानों की बेटियों को मिला लाभ

## प्रति लीटर दूध पर 1 रुपये सीधे बेटी के बैंक खाते में हो रहा जमा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शाहपुर (भोजपुर)।** नमस्ते इंडिया ने अपनी सीएसआर पहल 'बेटी भाग्य योजना' के तहत भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर दूध संग्रहण केंद्र से जुड़े किसानों की बेटियों को लाभान्वित किया। योजना का उद्देश्य किसानों को बेटियों की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सुरक्षित भविष्य के लिए नियमित बचत की ओर प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत किसानों द्वारा कंपनी को दिए गए प्रति लीटर दूध पर एक रुपये की राशि सीधे उनकी बेटी के बैंक खाते में जमा की जाती है। यह पारदर्शी और सुरक्षित बचत मॉडल बेटियों की पढ़ाई, कौशल विकास और अन्य आवश्यकताओं में सहायक सिद्ध हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान पात्र बेटियों को लाभ प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में किसान अपनी बेटियों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर नमस्ते इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट संतोष कुमार ठाकुर ने कहा कि नमस्ते इंडिया किसानों के परिवारों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और 'बेटी भाग्य योजना' बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। वहीं कंपनी के मार्केटिंग हेड ने बताया कि नमस्ते इंडिया ग्रामीण किसानों से जुड़ी अन्य सामाजिक योजनाओं पर भी कार्य कर रही है तथा शीघ्र ही नई पहलों की घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि दूध संग्रहण केंद्रों के संचालकों ने किसानों को योजना से जोड़ने, पंजीकरण और मार्गदर्शन में अहम भूमिका निभाई है। लाभान्वित बेटियों और उनके अभिभावकों ने इस पहल को आत्मविश्वास बढ़ाने वाला और भविष्य सुरक्षित करने वाला कदम बताया। कार्यक्रम में शाहपुर प्रखंड के अयार, बहोरनपुर, बह्रामपुर, बलुआ, बरिसावन, कसिया, कुसुमहा, महुआर, मिट्ठाहन, रामदताही, सेमरिया, उधौरा, बरका राजपुर एवं महुआर-ककक गांवों से जुड़े किसानों और उनकी बेटियों की सक्रिय भागीदारी रही।







- योजना का उद्देश्य बेटियों की शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता
- पात्र बेटियों को लाभ प्रमाण-पत्र देकर किया गया सम्मानित
- कई गांवों से जुड़े किसानों और बेटियों की सक्रिय भागीदारी
- किसानों और अभिभावकों ने योजना को भविष्य सुरक्षित करने वाला बताया

## बिहार की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत व संस्कृति से रूबरू हुए बच्चे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** मुख्यमंत्री बिहार परिभ्रमण योजना के अंतर्गत मध्य विद्यालय दुलारपुर मठ एवं यूएमएस शेरपुर के छात्र-छात्राओं को रविवार को ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक भ्रमण पर नालंदा, राजगीर और पावापुरी ले जाया गया। प्रधानाध्यापक राम प्रवेश महतो व अतुल कुमार ने बताया कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बिहार की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और शिक्षा परंपरा से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान बच्चों ने विश्व प्रसिद्ध प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेषों का अवलोकन किया और जाना कि किस प्रकार यह शिक्षा का वैश्विक केंद्र हुआ करता था। राजगीर में छात्रों ने शांति स्तूप, वेणुवन तथा गर्म जल कुंडों का भ्रमण कर उनके ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को समझा। भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने प्रत्येक स्थल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक महत्व की विस्तृत जानकारी बच्चों को दी और कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में अनुशासन, सहयोग और सामाजिक व्यवहार का भी विकास होता है।बच्चों ने बताया कि पुस्तकों में पढ़े गए ऐतिहासिक स्थलों को प्रत्यक्ष देखना उनके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। पूरे यात्रा के दौरान बच्चे काफी खुश और उत्साहित थे। मौके पर शिक्षक नवीन, नविनेश, रूचि, मीरा, शुभम, अमन, अहिल्या आदि मौजूद थे।

## सैकड़ों बच्चों ने रंगों की छटा बिखेर स्वच्छता का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** नगर परिषद बीहट के प्राथमिक विद्यालय चकिया दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित आरटीराजन स्मृति में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को सैकड़ो बच्चों ने खुले आसमान के नीचे रंगों की छटा बिखेर कर देश को स्वच्छ रखने का दिया। अलग-अलग विद्यालयों से आए अलग-अलग उम्र के बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं से रंगों का जादू खड़ा कर दिया। हर रंग में प्रति और स्वच्छता के लिए बच्चों की जीती जागती तस्वीर सबके आंखों को भा गयी। बच्चों ने जहां एक तरफ प्रति का सजीव चित्रण किया। वहीं समाज में स्वच्छता को लेकर चल रहे मुहिम के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। वहीं दो दर्जन से अधिक बच्चों ने क्राफ्ट में भी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। चकिया दुर्गा मंदिर मैदान बच्चों की उपस्थिति से गुलजार हो गया। किसी कोने में रंगोली, तो किसी कोने में पेंटिंग की प्रतियोगिता में भाग ले रहे नौनिहाल बच्चों के हाथों से रंग एक नई आति गढ़ी जा रही थी। पंक्तिबद्ध बच्चों ने अपने रंगों से समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण जिला खेल महासंघ के अध्यक्ष सुनील कुमार, संरक्षक संजय कुमार ललन, नगर परिषद बीहट के उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, वार्ड पार्षद नेहा पटेल, एनटीपीसी के पृथ्वीराज, सचिव गणेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष अमर ज्योति, नरेश कुमार, मनीष कुमार के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का संयोजन आकाश गंगा के सदस्य अंकित कुमार वर्मा सहित अन्य सदस्यों के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप के कला एवं शिल्प महाविद्यालय पटना की जाह्नवी कुमारी, आंचल कुमारी शामिल थी। अध्यक्षता व संचालन डा. कुन्दन कुमार और स्वागत भाषण सचिव गणेश गौरव ने किया। इस मौके पर सचिव गणेश गौरव ने कहा के ये बच्चे प्रतियोगिता में नहीं बल्कि अपनी व्यापक भावनाओं को रख रहे हैं। इस मौके पर माध्यमिक स्तर चित्रकला में प्रथम कमानी कुमारी, द्वितीय शिवानी, तृतीय शिवानी रानी, चतुर्थ राधिका और चित्रकला मध्य स्तर में प्रथम इंशात, द्वितीय अक्षत आनंद, तृतीय आयुष, चतुर्थ कंचन कुमारी रही। जबकि माध्यमिक स्तर रंगोली में प्रथम सुरभि कुमारी, द्वितीय तन्नू कुमारी, तृतीय मुस्कान, चतुर्थ रोली और मध्य स्तर रंगोली में प्रथम अनोखा कुमारी, द्वितीय संध्या, तृतीय आर्यन, चतुर्थ अभिषेक रहे। वहीं माध्यमिक स्तर मेहंदी में प्रथम सपना, द्वितीय सोनी, तृतीय अंकुश, चतुर्थ मोती और मेहंदी मध्य स्तर में प्रथम लक्ष्मी, द्वितीय मीठी, तृतीय आरती चतुर्थ लक्ष्मी रही। जबकि क्राफ्ट माध्यमिक स्तर में प्रथम सपना, द्वितीय खुशी, तृतीय बंदना, चतुर्थ स्थान पर अंकिता रही और क्राफ्ट मध्य स्तर पर प्रथम कन्हैया, द्वितीय प्रतीक्षा, तृतीय अमन व चतुर्थ स्थान पर कार्तिक ष्ण रहे। मौके पर एसोसिएशन के रोहित वर्मा, रवि वर्मा, आनन्द कुमार, दिनेश दीवाना, नरेश कुमार, राधे कुमार, सन्तोष कुमार,अंकित राज, राजू कुमार, जितेंद्र, कविता कुमारी, अभिलाषा, महेश, किशन, शिवम, अमन, आरूषि, रूही, संस्कृति, कबीर सिंह, अंशु कुमार, अभिनव कुमार, नीतीश, राजा, शिक्षक रत्नेश कुमार, रजनीश कुमार टोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### केवल डिग्री देना नहीं, जागरूक...

दायित्व को दशकों से निभा रही हैं। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया कॉलेज बिहार की शैक्षणिक धरोहर है। यहां से निकले विद्यार्थियों ने प्रशासन, शिक्षा और समाज के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि शिक्षा और उद्योग का समन्वय राज्य के विकास की कुंजी है। ऐसे शैक्षणिक संस्थान नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंत्री डॉ. अशोक कुमार चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भवन और आधारभूत संरचना के साथ-साथ शैक्षणिक गुणवत्ता पर ध्यान देना आवश्यक है। गया कॉलेज इस दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। एमएलसी जीवन कुमार ने कहा कि गया कॉलेज का इतिहास गौरवशाली रहा है और इसका भविष्य भी उज्ज्वल है। कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय को गया कॉलेज जैसी विरासत प्राप्त होना गर्व की बात है। विश्वविद्यालय हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि महाविद्यालय शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के अपने लक्ष्य पर दृढ़ता से आगे बढ़ता रहेगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पूर्व राज्यपाल का स्वागत गया एयरपोर्ट पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। महाविद्यालय परिसर में एनसीसी कैडेट्स द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात राज्यपाल द्वारा स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया।

### गुणवत्ता के साथ तय ...

सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, पटना जिला के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा और वैशाली के पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग सहित वरीय अधिकारी भी वहां उपस्थित थे।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष...

नितिन नवीन अपने दो दिनों के प्रवास में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहले बिहार आगमन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के स्वागत के लिए पटना की सड़कों के किनारे बड़े-बड़े पोस्टर और बैनर लगाए जा रहे हैं। कई स्थानों पर उनके स्वागत के लिए तोरण द्वार बनाया गया है। पटना हवाई अड्डे से लेकर बापू सभागार के बीच सभी सड़कें पोस्टर और बैनरों से पट गई हैं।

## संयुक्त किसान मोर्चा आयोजित करेगा किसानों का महाकुंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** शहर के बाघा स्थित सामुदायिक भवन में शनिवार को किसान कन्वेंशन का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन करते हुए बेगूसराय सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष कमल किशोर सिंह ने कहा कि जिले की क्रांतिकारी धरती पर 15 मार्च को ऐतिहासिक किसान महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। किसान आंदोलन में एक नई ऊर्जा का संचार करने की जरूरत है। देश में सबसे ज्यादा अपेक्षित, शोषित एवं पीड़ित अन्नदाता किसान है। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि फसल बीमा, दस हजार रूपया किसानों को मासिक पेंशन, बरौनी डेयरी का विकास एवं विस्तार, जिला प्रशासन की मनमानी पर रोक, बीज बिल, बिजली बिल विधेयक और अमेरिका के साथ किसान विरोधी व्यापार समझौता के खिलाफ राष्ट्रकवि दिनकर की धरती पर किसानों का अजूबा और अनोखा महाकुंभ लगाया जाए।इस महाकुंभ से संपूर्ण देश में किसान आंदोलन को एक नई रौशनी और किसानों के बीच नयी क्रांतिकारी स्प्रीट पैदा करेगी। किसान कन्वेंशन की अध्यक्षता किसान सभा के जिला सचिव दिनेश सिंह ने की। बरौनी डेयरी के निदेशक मंडल के सदस्य दीपक कुमार ने कहा की डेयरी में गड़बड़ियों की जांच के लिए जांच कमेटी बरौनी डेयरी पहुंच चुकी है। जल्द ही सारे गड़बड़ियों का उद्भेदन होने वाला है। बरौनी डेयरी से जुड़े किसान जान जाएंगे की डेयरी में क्या-क्या नंगा नाच हुआ है। किस तरह से 365 दिन के बदले उनका ड्राइवर 583 दिन का वेतन उठाया। सेंट्रल कोअपरेटिव बैंक के निदेशक मंडल के सदस्य राम नरेश महतो ने कहा कि कृषि विभाग के द्वारा गलत उत्पादन रिपोर्ट के आधार पर धान अधिप्राप्ति का आवंटन जिला प्रशासन के द्वारा करना वास्तविक धान उत्पादकों के साथ घोर अन्याय है। इसमें अगर अविलंब सुधार नहीं हुआ तो संघर्ष को तेज करने के लिए हम मजबूर होंगे। बलिया व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश सिंह, किसान नेता संतोष ईश्वर, शंकर सिंह, पैक्स अध्यक्ष उमेश सिंह, अशोक महतो, धर्मेंद्र प्रसाद सिंह, शंकर प्रसाद शर्मा, राम प्रमोद सिंह, महेश महतो एवं फुलदेव शर्मा ने भी कन्वेंशन को संबोधित किया।

## आशा कार्यकर्ताओं की बदौलत स्वास्थ्य विभाग कर रहा बेहतर कार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कार्यरत आशा फेसिलेटर तथा आशा कार्यकर्ताओं की बैठक नावकोठी में रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता रूक्मिणी देवी ने की। फेसिलेटर लक्ष्मी देवी ने उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार किये गए वायदे को पूरा करने में आनाकानी कर रही है। इनके संगठनों के साथ हुई वार्ता को धरातल पर मूर्तरूप नहीं दे रही है। सभी आशा स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। इनके द्वारा किये गए कार्य के बदौलत ही स्वास्थ्य विभाग अपनी ऊंचाई को छू रही है। उसके बावजूद भी इन्हें हासिये पर रखा जाता है। इनके प्रोत्साहन राशि का भुगतान विगत पांच माह से लंबित है। जिससे इनके समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बच्चों की पढ़ाई, बीमार सदस्यों की चिकित्सा तथा घरेलू आवश्यकता की पूर्ति करने में कठिनाई का सामना कर रहा है। संयुक्त ट्रैड यूनियन द्वारा प्रस्तावित हड़ताल के समर्थन में ये सभी चट्टानी एकता के साथ शामिल होने की घोषणा की। उन्होंने स्थानीय मुखिया सह मुखिया प्रखंड अध्यक्ष सह जिला मुखिया संघ महासचिव राष्ट्रपति कुमार से अपनी समस्या को साझा करते हुए नैतिक समर्थन करने की अपील की। श्री कुमार ने इनके जायज मांगों के समर्थन में कदम से कदम मिलाकर चलने का आश्वासन दिया। राज्य सरकार के कर्मचारी विरोधी रवैया के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की तथा आम हड़ताल को सफल बनाने के संकल्प को दोहराया। मौके पर कंचन कुमारी, अंजू कुमारी, संगीता कुमारी, डेजी, शबनम, बबिता, धर्म शीला, रेणु, रौशन, मुन्नी, प्रियंका, रिंकू कुमारी सहित कई आशा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

## भाकपा (माले) पूर्वी बबुरा पंचायत का तीसरा पंचायत सम्मेलन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बडहरा प्रखंड के पूर्वी बबुरा पंचायत अंतर्गत कोल्हरामपुर गांव स्थित राजवीर ठाकुर सभागार में भाकपा (माले) पूर्वी बबुरा पंचायत का तीसरा पंचायत सम्मेलन पार्टी के प्रखंड कमिटी सदस्य संतोष साह की देख-रेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन की शुरुआत पार्टी झंडोत्तोलन एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि भाकपा (माले) कोईलवर के प्रखंड सचिव विष्णु ठाकुर थे। उन्होने कहा कि वर्तमान केंद्र और राज्य सरकार लोकतंत्र, संविधान और मजदूरों के अधिकारों पर लगातार हमले कर रही है। एक ओर मजदूरों के अधिकार छीने जा रहे हैं, तो दूसरी ओर गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनाव के समय महिलाओं को आर्थिक सहायता का लालच देकर वोट लिया और आज उन्हीं गरीब महिलाओं के घरों पर बुलडोजर चलाने पर आमादा हैं। इस बुलडोजर राज को रोकने के लिए पार्टी के ढांचे को मजबूत करना और पार्टी का विस्तार करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। मजबूत जन-आंदोलन के जरिए ही इस अन्याय का मुकाबला किया जा सकता है। मौके पर मौजूद पार्टी सदस्यों ने पार्टी की मजबूती, विस्तार और जन-संघर्षों को तेज करने पर गंभीर चर्चा की। सम्मेलन के अंत में 9 सदस्यीय पंचायत कमिटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से विजय यादव को पंचायत कमिटी के सचिव चुने गये। सम्मेलन में बड़हरा विधानसभा प्रभारी नन्दजी राम, विनोद यादव, पवन राम, डिग्री यादव, सरपंच रामाशंकर राय समेत अन्य मौजूद थे।

## 12 फरवरी को आम हड़ताल को सफल बनाने को लेकर बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों और ग्रामीण आवास कर्मचारियों का बैठक रमना मैदान आरा के प्रांगण में हुआ। अध्यक्षता एक्टू के जिला सचिव बाल मुकुंद चौधरी व संचालन तरुण कपूर ने किया। कार्यक्रम में बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के जिला सचिव उमेश कुमार सुमन भी उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य विषय 12 फरवरी 2026 के राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने, जिलास्तरीय जटिल समस्या को समय पर निष्पादन, ग्रामीण आवास कर्मी का वेतन नहीं मिलना शामिल हैं। ये कर्मी समय पर सरकारी कार्यों का संपादन करते हैं लेकिन वेतन सात माह से विभाग में लंबित है। प्रखंड में अपना कार्य करते हैं, लेकिन वेतन विभाग पटना से मिलता है न जाने क्यों सात माह से वेतन लंबित है, यही स्थिति सफाई कर्मियों के साथ है। कार्य सुबह से शाम तक करते हैं और जबकि मानदेय भुगतान समय पर नहीं होता है। मानदेय बढ़ाने के लिए अधिकारी से मिलने जाते हैं तो बड़ा बाबु मिलने नहीं देते हैं। उपस्थित दोनों संघ के सदस्यों ने अपनी-अपनी समस्या अपने वक्तव्य में कहा, जिसका निष्पादन जरूरी है। जिला सचिव बाल मुकुंद चौधरी ने कहा कि आर्थिक लाभ और स्थाई का सवाल तो संविदा कर्मियों के लिए है, लेकिन जटिल सवाल श्रम कोड का है, अधिकार का है, संविधान में लिखित श्रम कानूनों के बचाने का है, अभी नहीं तो कभी नहीं। बैठक में अजित, विमलेश, लक्ष्मीकांत, राजेश, संजय, रजनीश, मनीष, विनय, प्रेम प्रकाश, तरुण कपूर, लीलावती, संजय, वरुण, कलावती, मालती, सहित अन्य कर्मी उपस्थित हुए।

## सीपीआई कार्यकर्ताओं ने मोदी, ट्रंप का फूंका पुतला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद के जगदर शाखा का बैठक रविवार को पूर्व मुखिया रामविलास महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मूल बिंदु नवीकरण नई भर्ती की समीक्षा एवं 12 फरवरी 2026 के आम हड़ताल को सफल बनाने की तैयारी पर जोर दिया गया। बैठक में किसान नेता, खेत मजदूर नेता उपस्थित थे। भारत सरकार के श्रम विरोधी नीट के खिलाफ एवं किसानों को फसल बीमा सुरक्षा लागू करने के सवाल पर खेती बचाओ किसानी बचाओ नारे के साथ जुलूस निकाला गया जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समझौते नीति के खिलाफ दोनों का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम के बाद आक्रोशित लोगों ने विभिन्न चौक चौराहे पर नारेबाजी करते हुए 12 फरवरी के हड़ताल को सफल बनाने की आवाज बुलंद किया। मौके पर दर्जनों सीपीआई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बेटी की शादी में टीम साईं की रसोई ने की मदद




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** शहर में जरूरतमंदो की मदद के लिए कार्यरत टीम साईं की रसोई ने रविवार को बेटी की शादी में घरेलू सामान एवं भोज्य सामग्री उपलब्ध कराया। सहायता प्राप्त कर जरूरतमंद मां ने खुशी के आंसुओं के साथ टीम साईं की रसोई एवं सहयोग करने वाले सभी लोगों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर टीम साईं की रसोई के खाद्य मंत्री पंकज कुमार, गौरव मित्तल, रौनक अग्रवाल एवं प्रवीण कुमार ने कहा कि जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में सहयोग करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। जैसे ही इस परिवार की स्थिति की जानकारी मिली, समाज के लोगों ने मिलकर आवश्यक सामान एकत्र करने का बीड़ा उठाया और जनसहयोग से बेटी की शादी में भरपूर मदद की गई। रसोई टीम के सदस्य विक्की भाटिया, अंकित कुमार एवं शैलेन्द्र ने जानकारी दी कि बेटी को पाँच साड़ियाँ, पायल, नाक की कील, बिछिया, बर्तन सेट, श्रृंगार सामग्री, सैंडल, आयरन, पंखा, मिक्सी, वर के कपड़े, गला सेट, ट्रली तथा लगभग 100 बारातियों के लिए भोज्य सामग्री सहित बड़ी मात्रा में आवश्यक सामान प्रदान किया गया। जो निश्चित रूप से विवाह में सहायक सिद्ध होगा। इतनी सारी सामग्री पाकर बेटी के परिवारजन अत्यंत प्रसन्न हुए और टीम साईं की रसोई को ढेरों आशीर्वाद देकर विदा हुए। इस मौके पर कुणाल, ग्रीन वैली स्कूल के राजा कुमार, शंकर, प्रशांत, गौरव मित्तल, रौनक, अंकित, शैलेन्द्र, सहित रसोई टीम के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## अखंड अष्टयाम के लिए निकाली गई कलश यात्रा

### 551 कन्याओं और महिला श्रद्धालुओं ने लिया भाग, जय श्रीराम के नारे से गूंजा इलाका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** बरौनी प्रखंड के पिपरा देवास स्थित सुब्बा लाल यादव टोला में रविवार को आध्यात्मिक उल्लास के साथ 72 घंटे का अखंड अष्टयाम शुरू हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान के आगाज से पूर्व 551 कन्याओं और महिला श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।यह भव्य शोभायात्रा पिपरा देवास सुबप्लाल यादव टोला शुरू होकर मध्य विद्यालय पिपरा चौक, दुर्गा स्थान और हाजीपुर नगर परिषद मिडिल स्कूल होते हुए वापस सुब्बा लाल टोला पहुंची। गाजे-बाजे और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निकली इस यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। रास्ते भर 'जय श्री राम' और 'हरे कृष्ण' के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान रहा।नदी तट पर विधि-विधान से कलश में जल भरा गया, जिसके बाद पंडितों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए समाजसेवी आदित्य कुमार उर्फ बाबू साहेब और पूर्व मुखिया नवल किशोर सिंह ने बताया कि इस 72 घंटे के अखंड कीर्तन का मुख्य उद्देश्य गांव में आपसी भाईचारा, सुख-शांति और सामूहिक समृद्धि की कामना करना है। कलश यात्रा के पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचने के बाद, विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापित किए। इसके साथ ही 72 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ हो गया। जिसमें स्थानीय और दूर-दराज से आए कीर्तन मंडलियां हिस्सा ले रही हैं। इस धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है और भंडारे की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। इस दौरान उपस्थित मोहन यादव, अनिल यादव, भूषण यादव, विनोद यादव, हरिनंदन सिंह, संतोष कुमार, रंजीत यादव, विजय यादव, पंकज यादव, भूषण यादव, विनोद यादव, कैलाश यादव, संतोष कुमार, सुदामा कुमार, पूर्व उप मुखिया प्रवीण कुमार, सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धिजीवी जनप्रतिनिधि थे।

## प्रखंड कार्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि हुई चयनित

### भवन निर्माण हो जाने से होगी सहूलियत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड परिसर में बहुत जल्द प्रखंड सह अंचल कार्यालय का भवन बनकर तैयार हो जाएगा। इसके लिए सर्वेयर द्वारा चयनित भूमि का सर्वे कार्य किया जा रहा है। इससे प्रखंड तथा अंचल भवन निर्माण की लोगों में आशा जगी है। विदित हो कि अंचल तथा प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने 1994 में किया था। 31 वर्षो तक यह सामुदायिक भवन तथा अभिलेखागार में यह संचालित हो रहा था। सर्वेयर अरविंद कुमार तथा सुजीत कुमार ने बताया कि सर्वे प्रतिवेदन भवन निर्माण विभाग को समर्पित किया जाएगा। इसके उपरांत कार्यालय भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

# पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर बवाल समर्थकों ने फूंका सरकार के मुखिया का पुतला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के बाद सियासी माहौल गरमा गया है। गिरफ्तारी की खबर फैलते ही उनके समर्थकों में जबरदस्त उबाल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान के नेतृत्व में शहीद चौक पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन कर आक्रोश प्रदर्शन करते हुए बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान ने गिरफ्तारी को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया और इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पप्पू यादव को जल्द रिहा नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। 31 साल पुराने केस में पुलिस ने सांसद पप्पू यादव को गिरफ्तार किया है। इसके बाद लगातार उनसे जुड़े समर्थकों के द्वारा विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है। वहीं छात्र नेता चंदन यादव ने भी कहा कि पटना में नीट छात्रा कांड मामले का जिस प्रकार सांसद पप्पू यादव ने खुलासा किया है और आवाज उठाई है उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है जबकि छात्र नेता रवि यादव ने कहा कि बिहार के एकमात्र सांसद है राजेश रंजन और पप्पू यादव जो नीट छात्रा कांड का मजबूती से आवाज उठा रहे हैं साथ ही साथ जनता के हर मुद्दों को मजबूती से उठते हैं।

सांसद पप्पू यादव को साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया हैं। मौके पर मौके पर चंदन यादव, रवि यादव, अब्दुल सकीम, मो० ऐनुल, राजा यादव, पवन सिंह, कुमार गौरव, मसूद रजा खान, अजय पोद्दार, दीपक कुमार, रवि यादव, सुनील यादव, रोशन यादव, श्याम चौधरी, गौतम कुमार, अमित महतो, आशीष मंडल, राहुल, हसन खान, बिट्टू यादव, रविंद्र यादव, सोमनाथ कुमार, दीपक यादव, करण कुमार राय, पीयूष यादव, राजदीप यादव, आशुतोष यादव सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे ।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फलका (कटिहार)।** पोषण अभियान के अंतर्गत कुपोषण एवं एनीमिया की रोकथाम तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह आंगनवाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। प्रखंड के परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों पर 3 से 4 माह की गर्भवती महिलाओं के लिए गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को संतुलित पोषण, स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा । ताकि मां एवं गर्भस्थ शिशु दोनों स्वस्थ रहें तथा सुरक्षित एवं खुशहाल भविष्य सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार, फल, पौष्टिक सामग्री प्रदान की गई तथा उचित खान-पान, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं एनीमिया से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। गोदभराई कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के मार्गदर्शन में महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र अंतर्गत पोषक क्षेत्र के महिला ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

# मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में लूट की दो घटनाओं का सफल उद्भेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पूर्णिया - नारायणपुर फोरलेन सड़क के बेशर्मा पुल के पास विगत रात्रि एक मोटरसाइकिल पर सवार चार युवक ने डिलेवरी बॉय



कृष्ण कुमार (24) पिता मोगन चौधरी साकिन मरंगी थाना मनसाही को रोककर मारपीट कर मोबाइल एवं आठ हजार रुपए छीन लिए। इस घटना में मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 48/26 का मामला दर्ज किया गया हैं । इस घटना के तुरंत बाद उसी जगह पर एक टोटो चालक राजा कुमार साह (27) पिता वीरेन साह जो हफलागंज शिव मंदिर चौक थाना मुफस्सिल का रहने वाला हैं। कटिहार से अपना टोटो चलाकर घर जा रहा था इसी क्रम में तीन अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा टोटो को रोक कर मारपीट की गई एवं कट्टा दिखाकर धमकी दी गई तथा मोबाइल छीन ली गई। इस संदर्भ में मुफस्सिल थाना में 49/26 का मामला दर्ज किया गया हैं। इस बाबत पुलिस अधीक्षक कटिहार ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कटिहार सदर वन के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया एवं गठित टीम द्वारा वैज्ञानिक एवं मानवीय सूचना के आधार पर छापामारी कर घटना में संलिप्त मनीष कुमार यादव पिता डोमन यादव उर्फ रामू यादव साकिन मरंगी, मो. शाहिद पिता मोहम्मद भोला साह साकिन रघुनीचक दोनों का थाना मनसाही जबकि मोहम्मद तौसीफ पिता मो. फिरोज साकिन मखदुमपुर बाबू टोला थाना

■ **तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

मुफस्सिल को गिरफ्तार किया । इनके पास तलाशी के क्रम में दो मोबाइल भी बरामद किया गया एवं आगे की कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया ।

## गोलीबारी कांड का खुलासा मुख्य शूटर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** आजमनगर /कटिहार- आजमनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम घटित गोलीकांड का सफल उद्भेदन कर लिया गया है। पुलिस ने महज 24 घंटे में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुचाने में सफलता पा लिया है । बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के कमलपुर गांव में शुक्रवार की देर शाम हुई गोलीबारी में एक नवयुवक को गोली लगी थी। घटना को लेकर पीड़ित के बड़े भाई मो. मखदुम आलम ने थाना में आवेदन देकर बताया था कि उसके घर के सामने वाली गली में विवाद हुआ था। इसी दौरान दनिहा निवासी मो. मुशगर अली ने उनके 18 वर्षीय भाई मो. कोलेन आलम पर गोली चला दी। गोली जांघ में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कांड अन्वेषण तथा आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बारसोई अजय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने वैज्ञानिक और मानवीय सूचनाओं के आधार पर छापेमारी कर मुख्य आरोपी मो. मुशगर अली (20) को धर दबोचा। आजमनगर थाना में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की कारवाई की जा रही है।

# सत्संग को लेकर भूमि पूजन ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)** । संत सद्गुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज का 47 वां वार्षिक अधिवेशन की तैयारी को लेकर सालमारी के ढोलमारा खेल मैदान में संतमंत के नियमानुसार भुमि पुजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। इस अवसर पर सेंकड़ों संतमत प्रेमी भुमि पुजन एवं ध्वजारोहण में उपस्थित रहे। संतमत सत्संग कमेटी के जिलाध्यक्ष डा सत्यनारायण मंडल ने जानकारी दी के आगामी छ और सात मार्च 2026 को जिला स्तरीय संतमत सत्संग का आयोजन सालमारी के ढोलमारा खेल मैदान में होगा। भुमि पुजन एवं ध्वजारोहण के साथ ही संतमत सत्संग की तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है।

स्वामी योगिराज नागेश्वर बाबा, सद्गुरु स्वामी तेजप्रताप बाबा, बासुदेव बाबा सहित



जिला संतमत सत्संग कमेटी सहित संतमत प्रेमी गणमान्य लोगों की उपस्थिति में भुमि पुजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डा सत्यनारायण मंडल,डा अशोक कुमार विश्वास, पुर्व विधानपार्षद मोहनलाल अग्रवाल, दिनेश प्रसाद मंडल, बलदेव प्रसाद यादव, सुबोध गुप्ता, संजीव मंडल, विपीन मंडल, अरूण मंडल, सुधिर दास, डा चन्द्रप्रताप, उत्तम भगत, रंजीत मंडल,अशोक सरावगी, ललित बुबना,मनोज अग्रवाल, अशोक सिंहानिया, आदर्श अग्रवाल, संदीप, प्रदीप, संजीव केडिया,गोलू,यश आदि उपस्थित रहे ।

# दिशा की बैठक में केन्द्र संचालित योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। सांसद तारिक अनवर की अध्यक्षता में आहुत बैठक में विधायक बिजय सिंह निषाद, कविता पासवान, संगीता देवी जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, प्रखंड प्रमुख, मुख्य पार्षद मुख्य एवं मनोनीत गैर सरकारी सदस्य रुप से मौजूद रहे। बैठक का संचालन सदस्य सचिव सह जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने किया।



वहीं केन्द्र संचालित कुल 67 योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें मनरेगा,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय कृषि विकास मिशन सहित कई अन्य शामिल रहे। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित प्रतिवेदन के आलोक में विभागीय पदाधिकारियों से आवश्यक पूछताछ के बाद आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में पहुंचने के बाद जिला पदाधिकारी द्वारा समिति के अध्यक्ष सह कटिहार सांसद का अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमित कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी प्रदुम्न सिंह यादव, नगर आयुक्त संतोष कुमार, डीआरडीए निदेशक सुदामा प्रसाद सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आपराधिक वारदात किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : एसपी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत फलका थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना के डायरी, अपराध संचिका, सहित विभिन्न कागजातों का गहन जांच किये। पुलिस अधीक्षक श्री चौधरी ने बताया कि थाना के रिकाड्‌र्स का अवलोकन किया गया। खास कर गुंडा पंजी, लूट और डकैती जैसे संगीन अपराध के अलावा सीडी पार्ट -2 एम वाई अल्फाबेटिकल इंडेक्स और यहां पर जो हाल-फिलहाल में क्राइम पैटर्न रहा है हत्या, लूट, डकैती जैसे आपराधिक कांड रिव्यू किया गया। साथ ही साथ जो पुराने केस यहां पर पेंडिंग है निर्देश दिया गया। पुराने

■ **फलका थाना को एसपी ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश**



केस का जल्द से जल्द जो निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सबंधित जांच पदाधिकारी से शोकॉज पूछा । शोकॉज आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष को गश्ती के साथ साथ समय -समय पर वाहन चैकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इसके आलावा लंबित कांड का अविलंभ निष्पादन और वारंट का निष्पादन करने का आवश्यक निर्देश दिये । इस दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा क्षेत्र में अपराधिक वारदात किसी भी हाल में वरदास्त नहीं की जायेगी। आगे उन्होंने कहा कि कांड समीक्षा में लापरवाही बरतने वाले पर कारवाई भी की जायेगी। अनुसंधान में लापरवाही किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। थाना क्षेत्र में गश्ती और अपराधियों का शिनाख्त कर उसपर नजर रखने का भी निर्देश दिये। थाना आये पीड़ितों के साथ हरहाल में अच्छा व्यवहार करने का भी निर्देश दिये। साथ ही समय - समय पर वाहन चेकिंग अभियान चलाने कहा। कांड का उदभेदन कर अपराधियों गिरफ्तार करने का निर्देश दिये।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)** । प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के पंचायत भवन मोहनपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर पैनल अधिवक्ता संजय पासवान ने पंचायत से आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभीबलोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना अगर करना पड़ रहा हैं तो विधिक जागरूकता शिविर में जाकर आवेदन कर सकते हैं उन्हें तुरंत ही शिविर के माध्यम से आवेदन का निष्पादन किया जाएगा।



विधिक जागरूकता शिविर में लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत, संवाद योजना, आशा योजना, डॉन योजना,जागृति योजना की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पीएलभी विजय कुमार, बलराम पोद्दार, सुनील शर्मा, प्रकाश मंडल, पवन कुमार मंडल, कृष्ण कुमार, राजेश कुमार पोद्दार, मो. फिरोज आदि मौजूद रहे।

# कोडिंग कफ सिरप एवं बाइक के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)** । मनिहारी पुलिस ने संध्या गश्ती के दौरान पुलिस ने दो लोगो को 39 बोतल कोडिंग कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया है । थानाध्यक्ष पंकज आनंद ने बताया कि संध्या गश्ती के दौरान नारायणपुर ओवर ब्रिज के पास वाहन चेकिंग लगाया गया था । एक बाईक पर दो लोग सवार होकर कटिहार की ओर से आ रहे थे ।

पुलिस को देखते ही दोनो भागने का प्रयास करने लगा । परंतु कारवाई में लगे पुलिस पदाधिकारी मनोज पासवान ने तेजी दिखाते हुए बाइक को पकड़ लिया ।बाइक के



जांच के दौरान झोला तथा डिक्की से 39 बोतल कोडिंग कफ सिरप बरामद किया गया है। बाइक सहित गिरफ्तार अभियुक्त रकीम आलम तथा हमजीद उर्फ बबलु मनिहारी नगर के पुरब टोला वार्ड 14 के रहने वाला हैं। दोनो को जेल भेज दिया गया है। मनिहारी मे कोडिंग कफ सिरप, स्मैक, गांजा का बिक्री धडल्ले से किया जा रहा है ।

# मुख्यमंत्री कार्यक्रम को लेकर डीएम ने पंचायत भवन में हो रहे कार्यों का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)** । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगामी जिले में आयोजित कार्यक्रम को लेकर जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने रविवार को प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत बड़झल्ला पंचायत में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर डीडीसी, एडीएम, एसडीओ, जिला से अन्य पदाधिकारीगण एवं बीडीओ, सीओ, राजस्व अधिकारी, अभियंता, थाना अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

जिला पदाधिकारी ने हेलीपैड

**निरीक्षण के दौरान बीडीओ मनीषा कुमारी को आवश्यक दिया निर्देश**



स्थल,जनसभा स्थल, हेल्थ सेंटर, पंचायत भवन का बाउंड्री वॉल कार्य,हवा महल, सामुदायिक भवन, जीविका दीदी सिलाई कटाई सेंटर, दर्जनों स्टॉल, मध्य विद्यालय बुधनगर में पोषण वाटिका, किचन शेड,विद्यालय का रंगाई पुताई, सोख्ता निर्माण कार्य, हाईस्कूल में लाइब्रेरी और आईसीटी आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर संचालित फार्मर आईडी कैंप का निरीक्षण किया।

45 मिनट तक सौंदयीर्कारण कार्यो का निरीक्षण करते हुए बीडीओ को आवश्यक दिशा निर्देश देते शीघ्र ही कार्यो को पूर्ण कराने को कहा। जिला पदाधिकारी को स्थानीय जनप्रतिनिधि जदयू प्रखंड अध्यक्ष लड्डू सिंह, स्थानीय मुखिया रोशन कुमार, संजय मंडल आदि ने मुख्यमंत्री कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु भरपूर सहयोग करने की बात कही।

# मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत सड़क एवं नाला निर्माण का विधायक ने किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)** । रविवार को मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजनान्तर्गत बारसोई नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 के पोस्ट ऑफिस के बगल से अशोक साह के घर होते हुए धार पुलिया तक पीसीसी सड़क और नाला का निर्माण कार्य का विधायक संगीता देवी ने फीता काटकर कार्य का शुभारंभ किया गया है। विधायक संगीता देवी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पंचायत में सबसे अधिक जल निकासी की समस्या है।

यह नाला लागत 51 लाख 46 हजार 202 रुपए की है इस रोड और नाली बन जाने से लोगो की आवागमन की कठिनाई नहीं होगी एवं जल निकासी से स्थानीय लोगों को निजात मिलेगा। विधायक ने कहा कि मेरी एक




ही लक्ष्य है अपने 65 बलरामपुर एवं बारसोई को एक नई ऊँचाई पर ले जाना तथा सरकार की योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत से भी सड़क एवं नाला का निर्माण जनता के हित में हो रहे हैं। सब जनप्रतिनिधि मिलकर विकास के काम को आगे बढ़ाएंगे । वही मुख्य पार्षद विमला देवी एवं उप मुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साहा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में कार्य हो रहे हैं। योजना बोर्ड में मुख्य पार्षद के नाम तक नहीं है। जो सही नहीं है। इस अवसर पर सागर साह, संजीव कुमार, हप्पू गुप्ता, कुंदन साह रोहन कुमार, पिंटू साह, राजेश कुमार, छोटू रजक, पिंटू रजक, भट्टू रजक, माहिर रजा, सूरज प्रसाद, गोलू कुमार, कुणाल यादव, संतोष मालाकार, श्याम साह, गौतम साह, प्रशांत साह, चंदन साह, आनंद गुप्ता, आकाश रजक, राजकुमार रजक, राकेश गुप्ता एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# ज्ञानस्थली इंटरनेट स्कूल का विधायक ने किया उदधाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा बडीहा रोड़ स्थित ज्ञानस्थली इंटरनेशनल स्कूल का पूर्व शिक्षा मंत्री विधायक हरिनारायण सिंह, मकदूमपुर विधायक सूबेदार दास, विधान पार्षद नागेंद्र कुमार ने संजयुक्त रूप से मिल फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मौके पर पूर्व मंत्री विधायक हरिनारायण सिंह ने कहा कि शिक्षा वो चीज है जिसे कोई छीन नहीं सकता इस लिए हर लोगों को पढ़ाई के प्रति बच्चे को प्रेरित करने की जरूरत है जिससे कि बच्चे पढ़ लिख कर अपने गांव समाज का नाम रौशन कर सके साथ ही लोगों को लड़का व लड़कीयो में कोई फर्क नही करना चाहिए इंटेलिजेंस का जबाना है दूर दराज के गांव में बच्चे के लिए स्कूल खुल जाने से यहा के बच्चे को दूर नही जाना पड़ेगा।

# सहकार भारती की ओर से बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार** । सहकार भारती की ओर से राष्ट्रीय प्रवास योजना के तहत राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जगदीश प्रसाद ने द रेलवे मेंस कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड की कार्य परियोजनाओं के संदर्भ में जानकारी लेते हुए समिति में कार्यरत कर्मियों की समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही मखाना क्षेत्र में कार्य कर रहे फॉक्सनट ग्लोबल कंपनी और उनसे जुड़े विभिन्न उतपादो व किसान उत्पादक संगठन एफपीओ की कार्यशैली की विस्तृत जानकारी लिये।

उन्होंने बताया कि हम छोटे किसानों को एकजुट करके एफपीओ के माध्यम से उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकने का सफल प्रयास कर सकते हैं। जिसके लिए सरकार अनव्रत



योजना चलाती आ रही है। इस अवसर पर सहकार भारती के जिला महामंत्री सह अधिवक्ता सुमित वर्मा के आवास पर एक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सहकार भारती के प्रदेश संगठन मंत्री राजेश श्रीवास्तव, पूर्णिया विभाग के विभाग प्रमुख गौरव सिंहा, जिलाध्यक्ष राजकुमार, महामंत्री सुमित वर्मा, अमित सिंह, गोलू कुमार, अक्षय, मोंटी, धीरज, पंकज, विवेक, बिक्की, दक्षिणी भंडारतल व जंगलाटाल एफपीओ प्रतिनिधि सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनका मार्गदर्शन असम से आए सहकार भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जगदीश प्रसाद ने करते हुए अंतिम व्यक्ति तक सहकारिता का लाभ पहुंचाने का आहवान सदस्यों से किया।




# वर्ष 2033 तक हो जाएगा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

## प्रधानाचार्यों और शिक्षाविदों का चार दिवसीय सम्मेलन प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** केन्द्र सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी रूप से कार्यान्वयन को लेकर औरंगाबाद में विभिन्न राज्यों के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्यों और शिक्षाविदों का चार दिवसीय सम्मेलन प्रारंभ हो गया है। इस सम्मेलन में भारती शिक्षा समिति के प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आने के बाद हमलोगों ने इसे प्रारंभ किया और कई प्रकार के कार्यशाला विभिन्न स्तरों पर किया गया। संरचना को आत्मसात किए। सरकार की जो गति है उससे कदम को मिलाकर हम भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की गति को आगे बढ़ा रहे हैं। अभी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन वर्ष चल रहा है। 2033 तक यह पूर्ण रूप में आ जाएगा। धीरे-धीरे यह लागू हो रहा है। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर फोकस करना है और इसका थीम भी समाज निर्माण राष्ट्र निर्माण है। उन्होंने बताया




कि सम्मेलन के अंतर्गत विद्यालयों में माधव सेतु लाइब्रेरी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित अधिगम क्षेत्र (लर्निंग ज़ोन) का उद्घाटन भी किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों में स्वाध्याय, अनुसंधान एवं मूल्याधारित शिक्षा को बल मिलेगा। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष (100 वर्ष) के अवसर पर शिक्षा के माध्यम से समाज परिवर्तन, राष्ट्र निर्माण, संस्कारयुक्त नागरिक निर्माण तथा विकासोन्मुख सामाजिक चेतना पर विशेष विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। उद्घाटन सत्र में उत्तर-पूर्व क्षेत्र के कार्यवाहक डॉ. मोहन जी, संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री ख्याली राम, पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह, औरंगाबाद विद्यालय के सचिव बजरंगी प्रसाद, प्रांत प्रचारक उमेश रंजन तथा औरंगाबाद विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त ब्रह्मदेव जी, गंगा चौधरी, लाल बाबू, सतीश कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, परमेश्वर प्रसाद यादव, रामचंद्र आर्य सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि संस्कारों के माध्यम से प्राप्त ज्ञान ही राष्ट्र को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने कहा कि समय तेजी से बदल रहा है, इसलिए हमें भी समय के साथ चलकर समाज के हित में कार्य करना होगा। समाज के बालकों को संस्कारित करना, शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना और विकास की गति को तेज करना आज की आवश्यकता है। उन्होंने एनसीईआरटी आधारित शिक्षा तथा मूल्यों के समावेश पर भी बल दिया। मंच संचालन गया विभाग के विभाग प्रमुख उमाशंकर पोद्दार ने किया। इस अवसर पर समस्त अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एकल गीत वसुंधरा परिवार हमारा की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहना के साथ सुना।

# तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से पति की मौत, पत्नी जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बाइक सवार दंपति को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें घटनास्थल पर ही पति की मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना बारूण थाना क्षेत्र के टेंगरा नहर के समीप एनएच- 19 पर की है। मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के पोकठा निवासी स्व. राजेश्वर पांडे के पुत्र श्रीनंद पांडे के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, श्रीनंद पांडे घर से औरंगाबाद शिफ्ट होने जा रहे थे। रविवार को पिकअप पर सामान लादकर औरंगाबाद के लिए निकले थे। टेंगरा नहर पर सड़क किनारे बाइक खड़ी कर पिकअप आने का इंतजार कर रहे थे। इसी क्रम में अनियंत्रित तेज रफ्तार एक ट्रक टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय



लोगों ने आनन-फानन में दंपति को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने श्रीनंद पांडे को मृत घोषित कर दिया जबकि उनकी पत्नी अस्पताल में इलाजरत है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के उपरांत शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि अज्ञात ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी अस्पताल में इलाजरत है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अलग-अलग अपराधों में 18 लोग भेजे गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 32 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 18 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पुलिस पर हमला मामले में एक, हत्या के प्रयास में 6, शराब में 7 एवं अन्य शीर्ष कांड में 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 302 लीटर देसी शराब, 1 कार, एक ट्रैक्टर एवं 100 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। इसके अलावा 42 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1285 वाहनों की जांच की गई जिसमें 86500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# जन सेवा है लायन्स क्लब का उद्देश्य : सुजीत

## डिस्ट्रिक्ट 322 इ के द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पद के लिए सुजीत कुमार ने मांगा समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वर्ष 2014 में लायनिज्म से जुड़कर मानव सेवा को अपना धर्म बनाने वाले पीएमजेएफ लायन सुजीत कुमार ने डिस्ट्रिक्ट 322 इ के लायनिस्टिक सत्र 2026-2027 के लिए द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पद के प्रत्याशी के तौर पर खुद को प्रस्तुत किया है और इसे लेकर उनका संपर्क अभियान जारी है। इसी परिप्रेक्ष्य में औरंगाबाद पहुंचे लायन सुजीत कुमार का लायंस क्लब ऑफ औरंगाबाद भास्कर के अध्यक्ष तथा नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर ने उनका भव्य स्वागत किया। सुजीत ने उनसे अपने पक्ष में समर्थन मांगा और कहा कि सबों के सहयोग से संस्था को और भी आगे ले जाने का उनका हरसंभव प्रयास रहेगा। उल्लेखनीय है कि लायन सुजीत कुमार ने पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ मानवता की सेवा करते हुए अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उनकी विशिष्टताओं की यदि बात करें तो



सामाजिक रूप से अत्यंत मिलनसार लायन सुजीत कुमार डीसीएफ, फिक्की, बीएनआई, बीसीआई तथा हनुमान सेवा समिति जैसी अनेक सामाजिक तथा व्यावसायिक संगठनों से जुड़े रहे हैं। वहीं लायंस क्लब अध्यक्ष,जोन चेयरपर्सन, रीज़न चेयरपर्सन, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन, कैबिनेट ट्रेजरर तथा एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर जैसे पदों को भी सुशोभित कर चुके हैं। इसके अलावा इंटरनेशनल लीडरशिप मेडल, प्रशंसा प्रमाण पत्र, बेस्ट प्रेसिडेंट, बेस्ट जोन चेयरपर्सन तथा बेस्ट रीजन चेयरपर्सन का खिताब भी उन्होंने हासिल किया है जो उनके व्यक्तित्व को और भी जानदार बनाते हैं। अपने संपर्क अभियान में सुजीत ने कहा कि व्यक्तिगत भावनाओं,परिस्थितियों तथा संवेदनाओं पर उनका विशेष ध्यान रहता है और जिस किसी से भी उनका जुड़ाव होता है, सहानुभूति के साथ और बिल्कुल ही व्यक्तिगत होता है। बेहतर कल के लिए आज ही काम करने की क्षमता रखने वाले सुजीत ने कहा कि आपका सहयोग और समर्थन मिला तो निश्चित रूप से हमारा कल और भी बेहतर होगा। गौरतलब है कि संगठनात्मक चुनाव के तहत इस पद के लिए 4 अप्रैल को जमशेदपुर में मतदान होना है जिसमें लायंस क्लब से जुड़े 200 से भी अधिक प्रतिनिधि अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# डकैती व हत्या मामले का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने शनिवार की रात्रि छापेमारी कर डकैती एवं हत्या की नीयत से मारपीट करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी शिवपूजन कुमार संडा बाला टोला गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार संडा गांव के कृष्णा कुमार ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आवेदन में जिक्र है कि पीड़ित मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत आर्थिक मदद लेकर एनएच 139 के किनारे पोला कोईरी बिगहा गांव के समीप ढाबा का संचालन करता है। तीन फरवरी की सुबह वो ढाबा के काउंटर पर बैठा हुआ था। इसी बीच चार मोटरसाइकिल पर सवार आठ-दस लड़के पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए ढाबा के अंदर घुसकर तोड़-फोड़ करने लगे। जब उसने मना किया तब चंदन कुमार ने ललकारते हुए कहा कि देखते क्या हो इसे मारकर फेंक दो। इतना सुनते ही चंदन के साथ आए शिवपूजन कुमार, पंकज कुमार, अजीत कुमार, आकाश कुमार और चार-पांच अज्ञात लोगों ने मिलकर धारदार हथियार और लाठी डंडे से उसके साथ मारपीट किया। जिसमें पीड़ित का माथा फट गया और गंभीर चोटें आई। इस क्रम में बीच बचाव करने आये उसके भाई के साथ भी बेरहमी से मारपीट की। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में छापेमारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# बेहतर कार्य के लिए एसपी ने पुलिस अधिकारियों को किया प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचल निरीक्षक, सभी थानाध्यक्ष एवं जिले के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में एसपी द्वारा सभी थानों की माह भर की उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा में गिरफ्तारी के आंकड़े, टॉप-20 अपराधकर्मियों को चिह्नित करना, 107 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करने, स्पीडी ट्रायल मॉनिटर करने, लंबित कांडों की स्थिति, कुर्की, वारंट एवं इश्तिहार के निष्पादन सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का भी मूल्यांकन किया गया। एसपी ने




आगामी माह के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए बेहतर अपराध नियंत्रण, सुदृढ़ विधि-व्यवस्था एवं प्रभावी यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मासिक अपराध गोष्ठी का उद्देश्य जिले में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों की समीक्षा तथा पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। अपराध गोष्ठी की शुरुआत में पुलिस अधीक्षक ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों को बेहतर कार्य निष्पादन के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने विगत माह में घटित अपराधों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी मामले में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुसंधान की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और साक्ष्य संकलन को मजबूत करने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही एसपी ने फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की मामलों में तेजी लाने तथा रात्रि गश्ती को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। थाना क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी रखने और आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में एसपी ने यह स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों से ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की अपील की।

# बिहार में अपराध बेकाबू : डॉ. सुरेश पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दरभंगा जिला मुख्यालय में छह वर्षीय बच्ची के साथ हुई जघन्य घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद बेरहमी से हत्या की गई, जिससे इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग उग्र हो गए। आक्रोशित भीड़ ने पत्थरबाजी और आगजनी की, जिससे हालात बेकाबू हो गए। पुलिस, प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर



नारेबाजी हुई, जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इसके बावजूद पीड़िता के परिजन आरोपी को तत्काल सामने लाने और कड़ी सजा देने की मांग पर अड़े रहे। डॉ. पासवान ने कहा कि पूरे बिहार में अपराधी बेखौफ होकर घूम रहे हैं। पुलिस-प्रशासन और सरकार को रोज अपराधियों द्वारा खुलेआम चुनौती दी जा रही है, लेकिन सरकार और गृह मंत्री चुप्पी साधे हुए हैं। केवल बयानबाजी से अपराधियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। यही कारण है कि शायद ही कोई दिन ऐसा जाता हो जब बच्चियों और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, हत्या, लूट और अपहरण की घटनाएं सामने न आती हों। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। कोई भी जिला अपराध से अछूता नहीं रह गया है। आम जनता का पुलिस और सरकार से भरोसा तेजी से खत्म हो रहा है। डॉ. सुरेश पासवान ने राज्यपाल से आग्रह किया कि वे राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर स्वतः संज्ञान लें और जनता को सुरक्षा व न्याय दिलाने के लिए कठोर से कठोर निर्णय लें ताकि लोगों का विश्वास बहाल हो सके।

# केवल किताब लिख देने से कोई साहित्यकार नहीं हो सकता : डॉ अनिल सुलभ

## मिथिलेश मधुकर रचित कभी-कभी काव्य संग्रह का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के एक निजी होटल में रविवार को जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में मिथिलेश मधुकर रचित कभी-कभी काव्य संग्रह का लोकार्पण किया गया। इसका लोकार्पण मुख्य अतिथि बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ, औरंगाबाद के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ सच्चिदानंद प्रेमी, भैरवनाथ पाठक, सुरेश चंद्र मिश्र, कमलेश पुण्यार्क, मनोज मिश्र पद्मनाभ, रामकृष्ण मिश्रा, बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के पुस्तकालय मंत्री ई अशोक कुमार सिंह, मेहाल कुमार सिंह, संगीतानाथ ने किया। मुख्य अतिथि डॉ अनिल सुलभ ने कहा कि मधुकर ऐसे साहित्यकार थे जिन्होंने सबके हितों की बात की। केवल साहित्य लिख देने से ही कोई साहित्यकार नहीं हो सकता। उसके साहित्य को हर कोई पढे। आज के इस साहित्यिक संकट के दौर में व्यक्ति लिखना चाहता है लेकिन किस तरह लिखना है यह किसी को नहीं पता। साहित्यकार को ऐसा लिखना चाहिए जो जब कोई पाठक उसे पढ़े तो उसे अपना लगे। हिंदी भाषा की पठनीयता कमी नहीं है। मधुकर जी के काव्य रचना राष्ट्रीय चेतना, राष्ट्रीय नवजागरण, प्रेम, व्यंग्य और संपूर्ण साहित्य का द्योतक है। उन्होंने साहित्यकार के साथ-साथ समाज को जोड़ने का कार्य किया था। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री धनंजय जयपुरी द्वारा किया गया। मौके पर चंदन कुमार, विनय मामूली बुद्धि, नागेंद्र केसरी, डॉ संजीव रंजन, रामकिशोर सिंह, चंद्रशेखर साहू, लवकुश प्रसाद सिंह, श्रीराम राय ,रंजनी रंजन मिश्र, लालदेव प्रसाद, नीरज पाठक, संतोष मिश्रा, प्रो राजेंद्र सिंह, अशोक पांडेय, सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य उपस्थित थे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ :-

**ग्रामीण कार्य विभाग**

कार्य प्रमंडल, बेतिया (पश्चिमी चंपारण)

- बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने का संकल्प मूर्त रूप ले रहा है।
- ग्रामीण सड़कों का रख-रखाव सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के हरसंभव कदम उठाये जा रहे हैं।
- सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित विशिष्टियों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के लिए सभी संवेदकों को निर्देश दिया गया है।
- पारदर्शिता के लिए हर योजना स्थल पर विवरणी बोर्ड लगाना अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ :-

**ग्रामीण कार्य विभाग**

कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज (पश्चिमी चंपारण)

ग्रामीण सड़कों को बेहतर एवं मजबूत बनाने हेतु विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाएं :

- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
- मुख्यमंत्री टोला संपर्क निश्चय योजना
- मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना

मजबूत सड़कें समृद्ध गांव

कार्यपालक अभियंता

गांव-गांव तक पहुंची सड़क और समृद्धि